2 | फरीदाबाद
तंगी दूर होती नहीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है नीलामी से मिली रकम

6 | अभिमत
पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

9 | देश/विदेश
फ्यूचर रिटेल ने अमेजन से मांगा 3500 करोड़ रुपये का कर्ज

11 | स्पोर्ट्स
क्लीन स्वीप से बचने के लिए भिन्न विकल्प आजमा सकता है भारत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 342
फरीदाबाद, रविवार, 23 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इस पर चर्चा हुई थी कि मुझे मैच परिस्थितियों के अनुसार कैसे शॉट खेलने हैं : पंत

पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 16.00°C
न्यूनतम 08.00°C

## क्विक न्यूज

### पोंगल यात्रा में 138 करोड़ का राजस्व मिला

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के दौरान सात करोड़ से अधिक लोगों ने विशेष बस सेवाओं का उपयोग करते हुए यात्रा की, जिससे राज्य परिवहन निगमों को एक सप्ताह में राजस्व के रूप में 138.07 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। राज्य के परिवहन मंत्री आरएस राजा कन्नप्पन ने शनिवार को यह जानकारी दी। कन्नप्पन ने कहा कि पोंगल से ठीक पहले 11, 12 और 13 जनवरी को कुल 18232 बसें परिचालित की गईं। इनके जरिए कुल 3.22 करोड़ लोग अपने गृह जिलों में गए।

### अमर जवान ज्योति को बंद करना शहादत का अपमान

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजधानी दिल्ली के इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति का विलय राष्ट्रीय समर स्मारक की ज्योति के साथ करने को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर शनिवार को निशाना साधा और कहा कि अमर जवान ज्योति को बंद करना शहादत का अपमान है। गहलोत ने ट्वीट किया, इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति को बुझाकर दो ज्योतियों को एक करने का औचित्य हर किसी की समझ से बाहर है। अगर शहीदों के सम्मान में दो अलग-अलग ज्योति जलती रहतीं तो मोदी सरकार को क्या परेशानी थी? 50 वर्षों से शहीदों को नमन कर रही अमर जवान ज्योति को बंद करना शहादत का अपमान है।

### हरियाणा विधान सभा मनाएगी 'पराक्रम दिवस'

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के तौर पर मनाएगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम चंडीगढ़ के सेक्टर-तीन स्थित एमएलए हॉस्टल के सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर हाल ही बनाए गए पार्क में होगा। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल नेताजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और विधान सभा उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा भी उपस्थित रहेंगे। विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अतुलनीय योगदान रहा है।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# केंद्र जब चाहेगा, तभी दिल्ली तलब होंगे आईएएस-आईपीएस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पिछले** साल मोदी सरकार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच एक आईएएस अफसर की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मोदी सरकार ने बंगाल के आईएएस अधिकारी अलपन बंद्योपाध्याय को उनके रिटायरमेंट के आखिरी दिन केंद्र सरकार को रिपोर्ट करने का आदेश दिया था, लेकिन न तो अलपन ने ऐसा किया और न मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें रिलीव ही किया। अलपन ने रिटायरमेंट ले लिया और ममता के मुख्य सलाहकार बन गए थे।

## आएगा नया नियम



### ममता बनर्जी ने इस प्रस्तावित संशोधन पर नाराजगी जताई

### संसद के बजट सत्र में इस संशोधन को पेश कर सकती है केंद्र सरकार

**माना** जा रहा है कि केंद्र सरकार 31 जनवरी से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र में इस संशोधन को पेश कर सकती है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस प्रस्तावित संशोधन पर नाराजगी जताई है। महाराष्ट्र और तमिलनाडु भी इसका विरोध कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर ये संशोधन पारित हुआ तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की केंद्र में नियुक्ति के मामले में पूरी ताकत केंद्र सरकार के हाथ में चली जाएगी और ऐसा करने के लिए उसे राज्य सरकार की सहमति लेने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। यही वजह है कि बंगाल, तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है।

अब मोदी सरकार आईएएस की नियुक्ति के नियमों में ऐसा बदलाव करने जा रही है कि ममता या कोई भी राज्य केंद्र के बुलाने पर किसी भी आईएएस अफसर को भेजने से मना नहीं कर पाएंगे। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने इस प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया है।

केंद्र में नियुक्ति के लिए आईएएस की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने आईएएस की नियुक्ति के नियम में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। केंद्र ने राज्यों से 25 जनवरी तक इस पर प्रतिक्रिया मांगी है।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने केंद्र में आईएएस अधिकारियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति के मौजूदा नियम में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। डीओपीटी ने 12 जनवरी को राज्यों को लिखे खत में कहा है कि केंद्र सरकार बनाम इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आईएएस) (कैडर) रूल्स 1954 के रूल 6 में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है।

## प्रियंका-निक बने माता-पिता

# प्रियंका चोपड़ा की सरोगेट बेटी प्री-मैच्योर

**एजेंसी।** मुंबई



**एक्ट्रेस** प्रियंका चोपड़ा और पॉप सिंगर निक जोनस सरोगेसी की मदद से पेरेंट्स बन गए हैं। यह जानकारी प्रियंका ने खुद शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। एक वेबसाइट रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रियंका बेटी की मां बनी हैं।

प्रियंका की बेटी का जन्म डॉक्टर द्वारा दी गई डेट से 12 हफ्ते पहले ही हो गया है। कपल का बच्चा लास वेगास के बाहरी इलाके सदर्न कैलिफोर्नियां के एक हॉस्पिटल में हुआ है। प्री-मैच्योर डिलीवरी के कारण बच्चा कुछ कमजोर है। निक-प्रियंका ने यह फैसला किया है कि जब तक बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो जाता, तब तक वह अस्पताल में रहेगा। प्रियंका ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि, यह बताते हुए हम खुश हैं कि हम सरोगेसी के जरिए अपने जीवन में एक बच्चे का स्वागत कर रहे हैं।

# बहुमंजिला इमारत में भीषण आग से छह मरे, 23 घायल

### ज्यादातर मौतें निजी अस्पताल द्वारा इलाज न दिए जाने से हुईं

### प्रधानमंत्री ने शोक जाहिर किया, दिया जाएगा मुआवजा



### 19 वीं मंजिल पर शनिवार सुबह सात बजे लगी थी भीषण आग

**एजेंसी।** मुंबई

**मध्य** मुंबई के ताड़देव इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत की 19वीं मंजिल पर शनिवार सुबह भीषण आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि गोवालिया टैंक में भाटिया अस्पताल के सामने स्थित सचिनम हाइट्स इमारत में सुबह करीब सात बजे आग लगी। उस समय इसमें रहने वाले कई लोग सो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और ट्विटर पर घोषणा की कि प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घायल को 50000 रुपये दिए जाएंगे। घटनास्थल का दौरा करने वाले महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट-सर्किट की वजह से आग लगी है।

इमारत के कुछ निवासियों ने आरोप लगाया कि आसपास के तीन निजी अस्पतालों ने घायल व्यक्तियों को भर्ती करने से इनकार कर दिया और पैसे जमा कराने और कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र लाने को कहा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया कि आस-पास के अस्पतालों ने घायलों को भर्ती करने से इनकार कर दिया, जिसके कारण अधिक मौतें हुईं। उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### एसयूवी-ट्रक भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सुबरनपुर जिले में शनिवार को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य घायल भी हो गए। अधिकारी ने कहा कि यह हादसा महानंदी पुल पर दिन में हुआ, जब एसयूवी में सवार 10 लोग उलुंदा ब्लाक के निम्मा गांव से कौडियामुंडा गांव लौट रहे थे। पुलिस अधिकारी के मुताबिक हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गैस कटर का इस्तेमाल कर वाहन में फंसे लोगों को निकाला गया।

# ऑपरेशन स्नो लेपर्ड जारी सैनिक सतर्क : सैन्य कमांडर

**एजेंसी।** उधमपुर

**ऑपरेशन** स्नो लेपर्ड अब भी जारी रहने के साथ ही सैनिक चौकन्ने हैं और किसी तरह की आकस्मिक घटना से निपटने के लिए तैयार हैं। सेना के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वाई के जोशी ने शनिवार को इसके साथ यह भी कहा कि लद्दाख में वार्ता के माध्यम से सैनिकों एवं हथियारों को पीछे हटाने पर ध्यान देना जारी है। जनरल ऑफिसर-कमांडिंग इन चीफ (जीओसी-इन-सी), जोशी ने जम्मू-कश्मीर में यहां उत्तरी कमान के मुख्यालय में उसके अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा यह बात कही। समारोह में लद्दाख अभियान में शामिल इकाइयों के हिस्से सबसे ज्यादा प्रशस्ति-पत्र आए।

उन्होंने कमान व्यवस्था में असाधारण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 40 इकाइयों को जीओसी-इन-सी की प्रशस्ति और 26 इकाइयों को जीओसी-इन-सी का प्रशस्ति प्रमाण-पत्र दिया। ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन नर्दर्न बॉर्डर्स और कमान में अन्य अभियानों में इकाइयों के प्रदर्शन के लिए जीओसी-इन-सी का प्रशस्ति पत्र दिया गया। ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में इकाइयों के प्रदर्शन के लिए जीओसी-इन-सी के प्रशस्ति प्रमाण-पत्र दिए गए। यह अभियान चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में वापस जाने और यथास्थिति बहाल करने से इनकार करने के बाद शुरू किया गया था।



### सेना किसी तरह की आकस्मिक घटना से निपटने के लिए तैयार

सैन्य कमांडर ने अपने संबोधन में कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों केंद्र शासित प्रदेशों का महत्व भली भांति ज्ञात है और हमने इस क्षेत्र की सुरक्षा के संबंध में पूरे समर्पण से हमारी भूमिका निभाई है और हमारा पूरा वर्चस्व बरकरार रखा है चाहे वह नियंत्रण रेखा (एलओसी) हो, वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), वास्तविक जमीनी स्थिति रेखा (एजीपीएल) या फिर अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) हो। उन्होंने कहा कि उत्तरी कमान के बहादुर सैनिकों ने दुश्मन के आक्रामक मंसूबों को नाकाम कर दिया।

### बर्फ से ढकी चोटियों में सैनिक पूरी तरह चौकन्ने

**चीनी** आक्रामकता के मद्देनजर लद्दाख में घटनाक्रम का संदर्भ देते हुए, उन्होंने कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ टकराव वाले स्थानों से पीछे हटने का कार्य कई इलाकों से शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कर लिया गया है और वार्ता के जरिए अन्य इलाकों से पीछे हटने के प्रयास जारी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि बर्फ से ढकी चोटियों में सैनिक पूरी तरह चौकन्ने हैं। ऑपरेशन रक्षक के तहत चलाए गए आतंकवाद रोधी अभियान पर उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोगों ने आतंकवाद, अलगाववाद और बंदूक संस्कृति को खारिज कर दिया है और कई वर्षों के बाद घाटी में आतंकवादियों की संख्या 200 से नीचे चली गई है जो एक बड़ी उपलब्धि है।

### अगले दो दिन कई राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड के बीच देश के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। दिल्ली और एनसीआर में भी बारिश दर्ज की गई है। पहाड़ों में शीतलहर और हिमपात हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों में देश के कई और हिस्सों में बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में स्थित है। इसके अगले 24 घंटों के दौरान उसी क्षेत्र में बने रहने और उसके बाद पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना है।

# तीसरी लहर में 60 प्रतिशत मृतकों ने नहीं कराया था समुचित टीकाकरण

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोविड-19** महामारी की मौजूदा लहर के दौरान मरने वालों में 60 प्रतिशत लोग ऐसे थे, जिन्होंने या तो बिल्कुल टीकाकरण नहीं कराया था या फिर आंशिक टीकाकरण कराया था। यह बात एक निजी अस्पताल के एक अध्ययन में कही गई है।

मैक्स हेल्थकेयर द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि दर्ज की गई मौतों के मामले में ज्यादातर लोग 70 वर्ष से अधिक उम्र के थे या वे गुर्दे की बीमारियों, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर जैसी कई अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। इसने एक बयान में कहा, हमारे अस्पतालों में अब तक हुई 82 लोगों की मौत के मामले में 60 प्रतिशत ऐसे लोग थे, जिन्होंने या तो आंशिक टीकाकरण कराया था या फिर बिलकुल भी टीकाकरण नहीं कराया था। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी इस बात पर जोर देते रहे हैं कि मृत्यु उन रोगियों की हो रही है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है और जिन्हें अन्य बीमारियां भी हैं। महामारी की तीन लहरों के तुलनात्मक अध्ययन में यह भी कहा गया है कि महामारी की तीसरी लहर के दौरान केवल 23.4 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी है, जबकि दूसरी लहर के दौरान 74 प्रतिशत और पहली लहर के दौरान 63 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी थी। अध्ययन में कहा गया है कि मैक्स नेटवर्क के सभी अस्पतालों में कोविड-19 के चलते 41 बच्चे भर्ती हुए। इसने कहा, हालांकि, इस आयु वर्ग में कोई मौत नहीं हुई है। सात को बाल गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी जबकि दो को वेंटिलेटर पर रखने की।





### मौतों के मामले में ज्यादातर लोग 70 वर्ष से अधिक उम्र के

### बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार की सरकार पर प्रहार करते हुए चिराग पासवान ने राज्य में शराब के कारण होने वाली मौत की तुलना शनिवार को हत्या से की और राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की।

पासवान ने आरोप लगाया कि जिस किसी ने भी आईना दिखाने की कोशिश की मुख्यमंत्री ने उसे परेशान किया इसलिए जब भाजपा के राज्य अध्यक्ष संजय जायसवाल ने शराबबंदी कानून में खामियां उजागर कीं तो जद(यू) उनके पीछे पड़ गई। उन्होंने कहा, बिहार में शराब के कारण होने वाली मौतों में बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि राज्य में नकली शराब का निर्माण और बिक्री बदस्तूर जारी है। जमुई के सांसद लोजपा के एक धड़े का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिसकी स्थापना उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान ने की थी।

# पलवल-होडल में फर्जी कागजातों से वाहनों का रजिस्ट्रेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** के पलवल में होडल और हथीन स्थित वाहनों का रजिस्ट्रेशन करने वाली पंजीकरण संस्था में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्रेशन किए जाने का खुलासा हुआ है। रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहे इस बड़े फर्जीवाड़े में सीएम फ्लाइंग के डीएसपी वाहन मालिकों व अथॉरिटी के खिलाफ दो अलग अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं। अभी मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

डीएसपी ने पलवल के एसपी को पत्र भेजकर शिकायत दी है कि पलवल के हथीन और होडल में गलत तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर वाहनों के रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। सूचना के बाद उनकी टीम ने छापेमारी कर जांच की तो इसका पता चला है। इसकी जानकारी हरियाणा परिवहन आयुक्त को भी दी गई और मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया गया। एसपी राजेश दुग्गल का कहना है कि सीएम फ्लाइंग डीएसपी की शिकायत तथा हरियाणा परिवहन विभाग के पत्र के आधार पर फर्जी कागजातों के सहारे पलवल व होडल अथॉरिटी में वाहनों के कराए गए रजिस्ट्रेशन को लेकर वाहन मालिकों और अथॉरिटी में कार्यरत स्टाफ के खिलाफ धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार के मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फ्लाइंग की छापामारी के बाद मिली गड़बड़ी

# रेत खनन में हिस्सेदार हैं सीएम चन्नी : कैप्टन अमरिंदर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**पंजाब** के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी पर बड़ा आरोप लगाया। मीडिया से बातचीत में कैप्टन ने कहा कि सीएम चन्नी अवैध रेत खनन में हिस्सेदार हैं। साथ ही उन्होंने पीपीसीसी प्रधान नवजोत सिद्धू के बारे में कहा कि उनमें सोचने की भी ताकत नहीं है।

पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) के प्रमुख कैप्टन अमरिंदर सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस डरी हुई है। उन्होंने कहा कि सिद्धू असंतुलित व्यक्ति हैं। कौन किसको घर बैठाता है, सिद्धू को ये बात वक्त बताएगा। उन्होंने कहा कि सिद्धू और चन्नी पंजाब के लिए सही नहीं हैं। वहीं अरविंद केजरीवाल के पास विकास का कोई मॉडल नहीं है। आप के सीएम चेहरे भगवंत मान के बारे में कैप्टन ने कहा कि वे कॉमेडियन हैं। पंजाब को कॉमेडी नहीं, गंभीरता की जरूरत है।

शुक्रवार को भी कैप्टन ने मुख्यमंत्री चन्नी पर आरोप लगाया था कि उनकी सरकार ने स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री के काफिले की नाकाबंदी की योजना बनाई थी, जिसके कारण प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जाहिर तौर पर चन्नी सरकार ने पुलिस को निर्देश दिया था कि किसानों को वहां से न हटाया जाए, जो भाजपा की बसों को वहां से निकलने से रोक रहे थे।

## गृह मंत्री शाह बोले

# जम्मू कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव

**एजेंसी।** जम्मू

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जम्मू-कश्मीर के जिला सुशासन सूचकांक जारी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा सीटों का निर्धारण करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे।

जैसे ही जम्मू-कश्मीर की स्थिति सामान्य होगी उसे पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा। इस बात का आश्वासन लोकसभा में दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे। लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। सभी 20 जिलों का सुशासन सूचकांक जारी करने वाला जम्मू-कश्मीर पहला केंद्र शासित प्रदेश होगा। सुशासन सूचकांक के इस मॉडल को बाद में देश के अन्य प्रदेशों में भी अपनाया जा सकता है। जम्मू कन्वेंशन सेंटर में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता, भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के अधिकारी और प्रदेश के प्रशासनिक सचिव मौजूद रहे।

गृहमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। लोगों को शिक्षा-स्वास्थ्य और केंद्रीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर जन प्रशासन प्रबंधन और ग्रामीण विकास संस्थान के महानिदेशक सौरभ भगत ने बताया कि देश में जिला सुशासन सूचकांक का शाह ने वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया। प्रदेश के सभी बीस जिलों का जिला सुशासन सूचकांक जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पेयजल, अपराध समेत दस बिंदुओं पर आधारित है। जिला सुशासन सूचकांक में सभी जिलों की स्थिति को प्रदर्शित किया गया।

### स्थिति सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा भी मिलेगा



# हिंदुओं के पलायन वाले इलाकों में शाह ने किया प्रचार

**कैराना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कैराना पहुंच चुके हैं। वे यहां पलायन वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से बातचीत कर रहे हैं। उनसे पूछ रहे हैं कि अब उन्हें कोई तकलीफ तो नहीं है? गृहमंत्री बनने के बाद शाह का यह पहला कैराना दौरा है।

शाह ने संकरी गलियों में घर-घर पहुंचकर लोगों को पर्चा दिया। उनके साथ अनेक मुस्लिम कार्यकर्ता नजर आए। कई कार्यकर्ताओं ने शाह के साथ सेल्फी भी ली। चौंकाने वाली बात यह है कि शाह ने पूरे प्रचार के दौरान मास्क नहीं पहन रखा था। शाह ने कहा कि एक जाति के लिए काम करने वाली सरकारों की प्रथा बंद करना है। शाह के साथ कैराना में भाजपा उम्मीदवार मृगांका सिंह भी नजर आईं। वे यहां से कैंडिडेट हैं। मृगांका हुकूम सिंह की बेटी हैं। हुकुम सिंह वही सांसद हैं, जिन्होंने सबसे पहले कैराना से हिन्दुओं के पलायन का मुद्दा उठाया था। बाद में यह देश भर की मीडिया की सुर्खियों में रहा। कैराना भाजपा के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महीने भर पहले योगी आदित्यनाथ भी वहां गए थे।

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 23 जनवरी, 2022 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com


**शहर का तापमान**

- अधिकतम 16.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 04.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सेक्टर-87 खेड़ी रोड पर अर्श मेडिकेयर सेंटर का उद्घाटन: सुबह 11 बजे
- साईधाम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन: सुबह 9.30 बजे
- एसजीएम नगर स्थित आशानंद स्कूल में रक्तदान शिविर: सुबह 9 बजे
- जिले में वैक्सीनेशन कैम्पों का जगह-जगह आयोजन: सुबह 10 बजे।

## निवेश गुरु

**एक** सुरक्षित भविष्य के लिए जल्दी निवेश करने के बारे में विचारों को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। खासकर नव नियोजित लोगों द्वारा क्योंकि कार्पे डायम को जीने के लिए वाक्यांश लगता है। लेकिन अस्थिरता को देखते हुए मंडी स्थितियां और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर भविष्य के लिए जल्दी निवेश करना बुद्धिमानी है। आपके 20 वर्ष ऐसे वर्ष हैं जहां आपके पास तुलनात्मक रूप से कम जिम्मेदारियां हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को देशभर में 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा, जिसके तहत फरीदाबाद में भी जिला स्तर सभी को शपथ भी दिलाई जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को वोट की महता के बारे में जागरूक किया जाना है ताकि वे अपना वोट बनवाकर मतदान कर सकें। उन्होंने बताया कि जो भी बच्चा 18 वर्ष की उम्र का हो जाता है वह अपना वोट बनवा सकता है। उन्होनें कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट की कीमत होती है इसलिए 18 वर्ष की उम्र पूरी होते ही अपना वोट अवश्य बनवाए। उन्होंने कहा कि वोट हमारा अधिकार है और अपने अधिकार का प्रयोग करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई जाएगी।

## क्विक न्यूज

### वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग और फरीदाबाद प्रशासन द्वारा शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी सेक्टर 86, फरीदाबाद के प्रांगण में कोविड वैक्सिनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में 15 प्लस और 18 प्लस वर्ष के 88 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 26 लोगों को बुस्टर डोज लगाए गए। भारत कॉलोनी से आई मेडिकल टीम डॉ. राजरानी, हरिश द्वारा कोविड वैक्सिनेशन किया गया। इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साई धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। 23 जनवरी 2022 को अग्रवाल वैश्य समाज और रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# बेखबर की खबर : जब....बरसात ने ही धो डाला धनवान निगम का 'याद है ना'




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास




**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी ने देश को स्वच्छता का नारा दिया। पीएम मोदी ने स्वच्छता को सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ाने में ताकत लगा दी, लेकिन धनवान निगम के बड़े साहब ने बिना किसी का नाम इस्तेमाल किये बड़े-बड़े पोस्टरों के दम पर अभियानों की झड़ी लगा दी।

उन्होंने याद है ना 31 .... को खूब हवा देने की कोशिश की, लेकिन हुआ वहीं जिसकी जनता को आशंका थी। क्योंकि ये पब्लिक है, ये धनवान निगम के सिपाहियों को अच्छी तरह पहचानती है। हां इस अभियान का इतना फायदा जरूर हुआ, इसकी बदोलत धनवान निगम का चुनाव लड़ने के इच्छुक समाजसेवियों को अपना चेहरा चमकाने का अच्छा मौका मिल गया। अभियान के दौरान उन्हें समय समय पर बड़े साहब की तरफ से ड्राइंगरूम में सजाने के लिए चमचमाती हुई ट्रॉफी और शील्ड दी गई। जिससे इनके चेहरे की चमक इतनी बढ़ गई कि धनवान निगम के चुने हुए दरबारियों की चमक भी फीकी पड़ती नजर आई।

इस याद है ना अभियान के दौरान जो भी स्वच्छता और सुंदरता बनाई गई, उसे बरसात ने बुरी तरह धोकर डाल दिया। मिट्टी धूलने से सड़कें फिर बीहड़ की पगडंडियां बन गई। कूड़ा कचरा बह कर फिर नालों पर सड़क पर पहुंच गया। बड़े साहब की कोशिशों के बावजूद सिपाहयों की लापरवाही से शहर जहां था, वहीं खड़ा है।

### शहरी विभाग को अपनी सुध नहीं

**धनवान** निगम के बड़े साहब ने बिना प्रहरियों के ऐसी छड़ी घुमाई कि इलाके के ज्यादातर बाजार अतिक्रमण से मुक्त होते चले गए। जिन बाजारों में जाम के कारण पैदल चलने की जगह नहीं होती थी, वहां अब चौड़ी-चौड़ी सड़कें नजर आ रही हैं। जिससे उत्साहित होकर बड़े साहब ने अब रिहायशी इलाकों से भी अतिक्रमण हटाने का ऐलान कर दिया है। लेकिन शहरी विभाग को इसके लिए कब फुर्सत मिलेगी? शहरी विभाग के बाजारों और रिहायशी इलाकों में चारों तरफ अतिक्रमण नजर आता है। जिसे देखकर धनवान निगम के बड़े साहब को एक आध जगह छड़ी घूमानी पड़ी थी। लेकिन इसके बाद भी शहरी विभाग के साहब लोगों की नींद नहीं टूटी।

### हमारी भी मजबूरी है, क्या करें

**कोरोना** महामारी के बार-बार प्रचंड रूप दिखाने के कारण शहर के रोजगार की गाड़ी पटरी पर नहीं आ रही है। लॉकडाउन में रोजगार छीनने के बाद भारी संख्या में लोगों ने रेहड़ी पटरी लगाकर परिवार का गुजारा चलाना शुरू कर दिया। लेकिन पिछले दिनों नई जगह स्थापित करने के नाम पर इन्हें कई स्थानों से खदेड़ दिया गया। जिससे शहर में भारी संख्या में लोगों के लिए अपने परिवारों का पेट पालना भी मुश्किल हो गया। ऊपर से कोरोना गाइडलाइन तोड़ने पर यानी मास्क न लगाने अथवा नीचे खिसक जाने पर शहर के प्रहरी धड़ाधड़ चालान काट रहे हैं। प्रहरियों की जी तोड़ मेहनत से चालान का करोड़ों रुपये खजाने में पहुंच चुका है। लेकिन लगता है अभी खजाना ऊपर तक नहीं भरा। गुप्त सूत्र बताते हैं कि खजाने को पूरी तरह भरने के लिए अब प्रहरियों को टारगेट दिया जा रहा है। ऐसे में जब जनता प्रहरियों के सामने चालान न काटने की गुहार लगाती है तो प्रहरी भी अपनी मजबूरी बता देते हैं।

# तंगी दूर होती नहीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है नीलामी से मिली रकम

## आर्थिक स्थिति मजबूत करने को नगर निगम करेगा अपनी सम्पतियां नीलाम


राजेश दास। फरीदाबाद




लीज सम्पतियों को फ्री होल्ड करने की योजना सीरे नहीं चढ़ी।



एनएच तीन में रिहायशी जमीन पर व्यवसायिक निर्माण।

**आर्थिक** तंगी से उबरने के लिए एक बार फिर नगर निगम ने अपनी सम्पतियों को नीलम करने की योजना तैयार कर ली है। निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में 346 साइट्स की नीलामी करने का फैसला लिया। जिसमें दुकानें, बूथ, ढाबा साइट और एससीओ शामिल हैं। जिसके लिए निगम ने अभी तारीख तय नहीं की है। लेकिन सूचना वेबसाइट पर जारी कर दी है। लेकिन अब सवाल यह भी है कि जब शहर में रिहायशी जमीन पर अवैध रूप से व्यवसायिक इमारतें धड़ल्ले के साथ बन रही हैं तो लोग निगम की महंगी सम्पति को क्यों खरीदेंगे।

आय के स्थाई स्त्रोत तलाशने की जगह निगम अधिकारी लंबे समय से सम्पतियों को नीलाम करते आ रहे हैं। यदि यहीं स्थिति रही तो आने वाले समय में निगम के पास नीलाम करने के लिए भी कुछ नहीं बचेगा। वहीं दूसरी तरफ निगम पहले नीलाम की गई सम्पतियों की रिकवरी आज तक नहीं कर पाया है। अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण रिकवरी में कोई न कोई रोड़ा अटका दिया जाता है। इसके अलावा निगम द्वारा बिना योजना के शहर में जो भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, उससे जनता को फायदा कम परेशानी ज्यादा हो रही है। निगम का सरकारी धन लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

### स्थाई आय पर ध्यान नहीं

**नगर निगम** के अधिकारियों ने आय के स्थाई स्त्रोत तैयार करने के लिए आज तक कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत महसूस नहीं की। यदि निगम चाहे तो कई आय के स्थाई स्त्रोत तैयार कर आर्थिक तंगी दूर की जा सकता है। लेकिन इस तरफ ध्यान देने की बजाए निगम द्वारा समय समय पर अपनी सम्पतियों को नीलाम करने अथवा उन्हें लीज पर दिया जा जाता है। शहर में निगम की सैंकड़ों दुकानें लीज पर हैं। यदि इन दुकानों को नियमों के मुताबिक फ्री होल्ड कर दिया जाए तो करोड़ों रुपये की आय हो सकती है। लेकिन निगम की लापरवाही के कारण ज्यादातर लीज होल्डरों ने लीज के नियमों का जमकर उल्लघंन किया हुआ है। लेकिन इसके बावजूद निगम की तरफ से न तो लीज रद्द की जा रही है और न ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। अब निगम ने अपनी कंगाली दूर करने के लिए दुकान, बूथ और एसीओ समेत 346 साइट्स की जमीनों को नीलाम करने की योजना बनाई है। निगम का दावा है कि नीलामी की तारीख जल्द जारी कर दी जाएगी।

### रिहायशी जमीनों पर व्यवसायिक इमारत

**शहर** में रिहायशी जमीन का जमकर व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। एनएच एक, दो, तीन, पांच और विभिन्न कालोनियों में बिल्डिंग बायलॉज के विपरित रिहायशी प्लॉटों पर अवैध रूप से व्यवसायिक इमारते बनाई जा रही है। निगम के कर्मचारियों अथवा अधिकारियों की मिलीभगत से रिहायशी जमीन पर व्यवसायिक इमारत का निर्माण करवाना भी कोई मुश्किल काम नहीं है। शहर में धड़ल्ले से रिहायशी प्लॉटों पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण हो रहा है। रिहायशी इलाकों में दुकान अथवा अन्य व्यवसायिक इमारतें काफी कम कीमत पर मिल जाती हैं। जबकि नगर निगम द्वारा जिन व्यवसायिक जमीन अथवा दुकानों की नीलमी की जा रही है, वह रिहायशी कालोनियों के मुकाबले काफी महंगी है। निगम द्वारा नीलाम की जा रही साइटों की रिजर्व प्राइज इनसे कई गुणा ज्यादा महंगी है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि निगम की इन महंगी जमीन अथवा दुकानों को आखिर कौन व्यक्ति खरीदना चाहेगा। यदि रिहायशी इलाके में व्यवसायिक गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए तभी इतनी महंगी जमीनों की आसानी से नीलामी हो सकती है।



आर्थिक हालत की गवाही देती सेक्टर 22 की बदहाल सड़क।

### नहीं हुई पुरानी रिकवरी

**नगर** निगम द्वारा आने वाले कुछ दिनों में बड़े पैमाने पर सम्पतियों को नीलाम किया जाना है। निगम पहले भी सम्पतियां कई बार नीलाम कर चुका है। कुछ साल पहले निगम द्वारा सराय ख्वाजा के सेक्टर-41 में एक ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को नीलाम किया गया था। खरीदार ने निगम को कुल रकम का 20 प्रतिशत भुगतान कर दिया और कब्जा ले लिया। लेकिन इसके बाद शेष 170 करोड़ रुपये खरीदार ने जमा करवाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। वहीं निगम की तरफ से इस भारी भरकम रकम की रिकवरी के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। निगम ने दिसंबर 2017 को नोटिस जारी किया और बाद में सोसायटी को सील भी किया गया। बिल्डर ने मंडल आयुक्त के पास अपील लगाकर विकास न होने का हवाला देते हुए किश्त न जमा कराने का कारण बताया।

मंडल आयुक्त ने दो करोड़ रुपये जमा करवा कर डी-सील कर दिया था। निगम ने मंडल आयुक्त के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाने का फैसला तो लिया लेकिन गए नहीं। जिसके कारण आज तक रिकवरी का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

### स्थाई आय बनाई जाए



**सामाजिक** कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि आखिर नगर निगम कब तक अपनी सम्पतियां बेचता रहेगा। जब सम्पति खत्म हो जाएगी तब निगम अधिकारी क्यों करेंगे। अधिकारियों को सम्पतियां बेचने की जगह आय के स्थाई स्रोत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। निगम पिछले दो साल से पानी और सीवर के बिल नहीं ले रहा है। यदि अवैध कनेक्शनों को वैध किया जाए तो स्थाई आय का बड़ा साधन बन सकता है। लेकिन निगम कर्मचारी जानबूझ कर इस ओर ध्यान नहीं देते।

# पराक्रम दिवस पर पोस्टर बनाकर किया नमन


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जंयती के अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिग।

**पराक्रम** दिवस पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में बालिकाओं ने वर्चुअल पोस्टर बना कर भारतीय स्वतंत्रता के महान क्रांतिकारी योद्धा सुभाष चन्द्र बोस को नमन किया।

प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि भारत के जनमानस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर इस महान राष्ट्र के लिए उनके अतुल्य योगदान को स्मरण करते हुए नमन करते हैं। भारत सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है ताकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका सत्कार किया जा सके।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये वर्ष भर के कार्यक्रमों की योजना बनाने हेतु प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी गठित की गई है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस साहसी, नेतृत्व कौशल में अद्वितीय और असाधारण वक्ता थे।

# स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट से जीता मैच


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






कृष्णा क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेला गया रविन्द्र फागना अंडर 17 मैच में मैनआफ दा मैच का पुरस्कार प्राप्त करते खिलाड़ी।

**6वां** ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। यह मुकाबला कृष्णा क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेला गया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और यह मैच स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 32.2 ओवर में 10 विकेट पर 134 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए कुणाल ने 39 रन, जतिन ने 32 रन, सुनील और विजय ने 10-10 रन बनाए। स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए कुणाल तंवर ने 3 विकेट, ध्रुव ने 2 विकेट, मुकेश यादव और तुषार गर्ग व अंकित ने 1-1 विकेट ली।

इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने 20.5 ओवर में 3 विकेट पर 136 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए गुरतेज सिंह ने 57 रन, मनमोहन ने 39 रन, सुरेंद्र ने 14 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए वंश ने 2 विकेट, अमन ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कुणाल तंवर को दिया गया (स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी से)।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**तिरँगा दिल में बसता है हमारा राष्ट्र है मज़हब**
**सियासी तर्क से हमको नहीं है कोई भी मतलब**
**गुज़रते वक़्त उन राहों से नज़रें तो उठेंगी पर**
**झुकी रायफल, टँगी टोपी, तनी वर्दीन होगी अब**

# हाईकोर्ट के आदेश पर होगी सरकारी स्कूलों की कायापलट


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




सरकारी स्कूल के बदहाल भवन के फाइल फोटो।

**पंजाब** एंड हरियाणा उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वह ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आइपा की याचिका में दर्शाए गए प्रदेश के 55 स्कूलों की दशा में सुधार करे और इनमें सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करे। इसके अलावा आगे भी आइपा किसी सरकारी स्कूल की स्थिति के बारे में सरकार को जानकारी दे तो उस पर भी उचित कार्रवाई की जाए।

इन 55 स्कूलों में फरीदाबाद के 8 सरकारी स्कूल इंदिरा नगर, प्रेस कॉलोनी, प्राइमरी स्कूल सेक्टर 9, सीनियर सेकेंडरी व कन्या प्राइमरी स्कूल ओल्ड फरीदाबाद, हाईस्कूल बडोली, हाईस्कूल एनआईटी 1, सीनियर सेकेंडरी तिकोना पार्क शामिल है। यह निर्देश गुरुवार को चीफ जस्टिस व न्यायाधीश अरुण पल्ली की डबल बेंच ने आईपा की ओर से 3 जनवरी को दायर की गई एक नई याचिका पर दिया है। याचिका में उच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया था कि वह हरियाणा के सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति, जर्जर स्कूल बिल्डिंग, कमरों, टीचर व बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर हरियाणा सरकार से जवाब तलब करे और सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार करने के लिए सरकार को आदेश दे। हरियाणा सरकार की ओर से हाईकोर्ट में पेश हुए एएजी ने हाईकोर्ट को बताया कि सोशल जूरिस्ट की मूल याचिका 214/2019 में दर्शाये गए फरीदाबाद के सभी 8 सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार करने का प्रयास किया गया है इस पर डबल बेंच ने कहा कि आईपा द्वारा नवंबर 2019 से लेकर दिसंबर 2021 तक फरीदाबाद, पलवल व गुरुग्राम सहित 10 जिलों के 55 सरकारी स्कूलों की जर्जर व कंडम हो चुकी बिल्डिंग, कमरों, टीचर व जरूरी संसाधन की कमी का जो विवरण सरकार को भेजा गया है और जिन्हें नई याचिका में शामिल किया गया है। उन पर भी शीघ्र कार्रवाई की जाए। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा इस निर्देश के साथ किया है कि आईपा द्वारा आगे भी किसी भी सरकारी स्कूलों की दशा के बारे में सरकार को जानकारी दी जाए तो सरकार उस पर भी उचित कार्यवाही करे। गौरतलब है कि इससे पहले भी आईपा द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका के प्रयास से फरीदाबाद के अनंगपुर स्कूल की बहुमंजली हाईटेक बिल्डिंग बनी है और फरीदपुर, मोहना, तिगांव, दयालपुर गोच्छी में भी हाईटेक बिल्डिंग बन रही है।

आइपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अग्रवाल व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश शर्मा ने हाईकोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से कहा है कि आइपा व हरियाणा अभिभावक एकता मंच की टीम द्वारा फरीदाबाद, पलवल व अन्य 10 जिलों के 55 सरकारी स्कूलों की जर्जर व कंडम हो चुकी बिल्डिंग,कमरों, टीचर व जरूरी संसाधन की कमी का जो विवरण अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा को भेजा है।

# दुष्यंत चौटाला का पगड़ी बांधकर किया स्वागत



गांव खेड़ी कला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, तिगांव के विधायक राजेश नागर व अन्य।


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


**उप** मुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत चौटाला तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी कला में तिगांव हल्का जजपा अध्यक्ष अमर नरवत के यहां लंच पर पहुंचे उनके साथ विधायक राजेश नागर जजपा प्रदेश अध्यक्ष मोह सिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष ग्रामीण तेजपाल डागर, व जिला अध्यक्ष शहरी अरविंद भारद्वाज, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा तिगांव से प्रदीप चौधरी थे।

यहां पहुंचने पर ग्राम वासियों द्वारा उनको पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा पवन नरवत द्वारा उप मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट पहना कर सम्मानित किया गया इस मौके पर समस्त ग्राम वासियों की तरफ से एक मांग पत्र किसान संघर्ष समिति के महासचिव सत्यपाल नरवत द्वारा मुख्यमंत्री को दिया गया। जिसमें उन्होंने मांग रखी कि गांव में लड़कियों का मिडिल स्कूल जर्जर हालत में है जिसकी बिल्डिंग को बने हुए लगभग 65 साल से ज्यादा हो गए।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 23 जनवरी , 2022



# सड़कों की खस्ता हालत ने लोगों को रुलाया

कविता। फरीदाबाद

**बरसात** में सड़कों पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढे पानी से भर गए और खतरनाक हो गए। जिनसे लोगों को वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम द्वारा किए गए स्वच्छता के दावे की भी पोल खुल गई।

निगम द्वारा नाले और नालियों की सफाई के बाद निकाला गया कचरा बरसात के कारण दोबारा से नाली और नालों में चला गया। प्रशासन का दावा है कि सभी नालों की सफाई की जा रही है। लेकिन लोगों का आरोप है कि एक भी नाला ढंग से साफ नहीं किया गया।

## बरसात ने फिर धो दिये निगम द्वारा भरे गए सड़कों के गड्ढे

उन्होंने इनकी जांच कराने का निवेदन किया है। ताकि निगम के खोखले दावे की पोल खुल सके।

**गदंगी और कचरा:** जिले में मौजूद नालियों में जगह-जगह कचरे व गंदगी से भरे हुए हैं। इसके चलते उसमें पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। हालांकि पिछले दिनों नगर निगम द्वारा इनकी सफाई करवाई गई थी, लेकिन सफाई के बाद निकाले गए कचरे के ढ़ेर को नालियों के आसपास से उठाया नहीं गया है। जिसके कारण बरसात में यह गंदगी और कचरा नालियों में दोबारा से चला गया।


सेक्टर-23 स्थित संजय कालोनी में नाली से निकाली गाद।

वहीं दूसरी तरफ यही हाल जिले में गुजरने वाले बड़े नालों का है। यहां नाला गंदगी से अटा पड़ा है। जिस कारण बारिश के पानी का फ्लो नहीं बन पाता और पानी आसपास के निचले इलाके में जमा हो जाता है। शहर का 70 फीसदी पानी इन्हीं नालों से गुजरता है।

### लोगों का कथन

**शहरवासियों** का कहना है हर बार सफाई के नाम पर मात्र दिखावा होता है बरसात की सूचना मौसम विभाग ने पहले ही दे दी थी, लेकिन इसके बावजूद भी कोई तैयारी निगम ने नहीं की। वहीं पिछले दिनों साफ किए गए नाले और नालियों में बरसात से दोबारा गाद चला गया। बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। लोगों के अलावा दुकानदारों को भी बदहाली का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को पता होता है। लेकिन बरसात में इसका कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जाता।

### गलियों में भरा है पानी

**सीवरेज** की सफाई के बाद गंदगी न उठाई जाने के कारण कालोनियों की गलियों में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। कालोनियां ही नहीं, शहर के सेक्टरों में भी सीवरेज जाम की समस्या के कारण जरा सी बरसात होते ही उधर से गुजरने वाले सड़कों पर पानी ही पानी हो जाता है। अनेक घरों में पानी घुस जाता है।

# एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल और कॉम्बो लुब्रिकेंट देगा प्रदूषण से राहत

## देश में पहले ट्रायल का परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया शुभारंभ

## 40 हजार किलोमीटर का ट्रॉयल पूरा होने पर रोडवेज बसों में प्रयोग किया जाएगा अब ये ईधन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इंडियन** ऑयल द्वारा इंडियन ऑयल एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल और ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट का भारत का पहला ट्रायल हरियाणा के बल्लभगढ बस अड्डा से शुभारंभ किया गया। इस ग्रीन डीजल से वाहनों से होने वाले प्रदूषण से राहत मिलेगी वही माइलेज भी 5 प्रतिशत बढ़ जाएगी।


इंडियन आयल एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल से चलने वाली बसों को झंडी दिखा कर रवाना करते हरियाणा के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा व अधिकारी।

इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे जबकि इंडियन ऑयल के आरडी सेंटर के निदेशक डॉ एसएसवी रामा कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा इंडिया ऑयल और हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल ने राष्ट्रहित में यह एक बेहतरीन कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इस एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल ओर ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट से प्रदूषण में कमी आएगी, माइलेज भी बढ़ेगी,खास बात यह कि इस ऑयल की खोज भी फरीदाबाद में इंडियन ऑयल सेंटर ने की है। परिवहन मन्त्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज ये ट्रायल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल व देश के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी के सपने को पूरा करेगा।

परिवहन मंत्री ने एक्स्ट्रा ग्रीन ऑयल से चलाए जानी वाली बसों को झंडी दिखाने के बाद कहा कि आज इंडियन ऑयल की दूरगामी विजन, लगन और मेहनत रंग ला रही है। यहां के विज्ञानिकों द्वारा लगातार देश हित में कार्य किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन न्यूट्रल यानी नेट जीरो कार्बन इकनॉमी का लक्ष्य रखा है।

इस अवसर पर रामकुमार ने बताया कि इंडियन ऑयल के इस ग्रीन कॉम्बो के विभिन्न परीक्षणों में अब तक पांच और सात प्रतिशत और इसे अधिक फ्यूल इकोनॉमी का लाभ हुआ है। इस 40 हजार किलोमीटर के ट्रायल के बाद इसे पूरे हरियाणा रोडवेज में लागू करेंगे। जिससे हरियाणा रोडवेज को सालाना लगभग 40 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

इससे लगभग 1000 टन कार्बनडाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में लाभ मिलेगा। इस मौके पर इन्डियन ऑयल के अधिकारी डॉ दीपक सक्सेना, गंगाशंकर मिश्र ,मुकुल महेश्वरी, डॉ पंकज भटनागर मुख्य महाप्रबंधक, अजय कुमार, परवीन कुमार, बृजकिशोर सोनी, अनुपम हरि, सुमित कसाना, सतीश कुमार, के अलावा हरियाणा रोडवेज के वर्कशाप मैनेजर जितेंद्र कुमार, ट्रैफिक मैनेजर विनीत बजाज सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूरे पृथला क्षेत्र में बिछाया जा रहा है सड़कों का जाल


विधायक रावत पृथला क्षेत्र में 85 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का बुजुर्ग दादी कोको से शुभारंभ करवाते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने करीब 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाली क्षेत्र की तीन प्रमुख लिंक सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इन सड़कों में 39.32 लाख की लागत से जवां से नरियाला, 24.47 लाख की लागत से सहराला से मोहला तथा 21.93 लाख की लागत से लोह सिंघानी से मोहला की सड़कें शामिल हैं। जो पिछले काफी समय से बदहाली के दौर से गुजर रही थी और अब इन सड़कों को मार्किटिंग बोर्ड द्वारा बेहतर तरीके से बनाया जाएगा। विधायक नयनपाल रावत ने बुजुर्ग दादी कोको के हाथों से इन सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से स्वागत किया।

उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की उन्नति वहां की बेहतर सड़कों पर निर्भर होती है और इसी के चलते पूरे पृथला क्षेत्र में नई सडकों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे यहां औद्योगिक इकाईयों को जहां अपने उद्योग चलाने में परेशानियां न हो वहीं ग्रामीण भी बिना किसी दिक्कत के एक गांव से दूसरे गांव आसानी से जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आशीर्वाद से क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है।

# संगठन को मजबूत करें युवा साथी

## जिले में अल्पसंख्यक समुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपये धनराशि देने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जन नायक जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करने आज शनिवार को फरीदाबाद पहुंचे। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन चौधरी की अध्यक्षता में फरीदाबाद स्थित संस्कृति ग्रीन वाटिका में हरियाणा प्रदेश के अल्पसंख्यक समाज के सम्मेलन का आयोजन किया।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहां कि आज आपने जो अपनी ताकत दिखाई है। इससे यह साबित होता है कि जननायक जनता पार्टी को अगले 3 साल में नए मुकाम पर ले जाने का काम आप लोग करेंगे। वहीं कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। जिसमें समाज के लोगों को सुरक्षित ना होने का भय दिखाती है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों को प्रदेश के हर कोने में पहुंचाने का काम कर रहे हैं । उन्होंने 75 प्रतिशत रोजगार पर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने न्यायालय इस फैसले को उचित बताते हुए इस पर मोहर लगाई। उन्होंने कहा कि मेवात में साढ़े सात हजार करोड़ की लागत से आईएमटी में एटीसी कंपनी प्रदेश के 4500 युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी।


संस्कृति ग्रीन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

सम्मेलन में मौजूद लोगों की मांग मंजूर करते हुए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने उसे निजी कोष से कम्युनिटी सेंटर के लिए 25 लाख रुपए की धनराशि इस वर्ष और 25 लाख रुपये की धनराशि अगले वर्ष देने की घोषणा भी की । उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कब्रिस्तानों की चार दीवारी शिघ्र ही पंचायतों के फण्ड से करवाई जाएगी। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहां की प्रदेश की लगभग 16 विधानसभा सीट ऐसी है। जहां अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अपना प्रभाव है। फरवरी में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने का काम करें और पार्टी के हाथ मजबूत करें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोहसिन चौधरी ने कहा अल्पसंख्यक कांग्रेस राज में हमेशा से शोषित होते हुए आए हैं।

# कोरोना:तीन का अंतिम संस्कार,आंकड़ों में दो दर्शाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक** तरफ दूसरे दिन कोरोना को मात देकर ठीक होने वाले लोगों की संख्या नए मिलने वाले मरीजों से अधिक रही है। वहीं शनिवार को तीन मृतकों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया। लेकिन आंकड़ों में स्वास्थ्य विभाग ने मात्र दो ही मृतक दर्शाए है। पॉजिटिव मृतकों की संख्या का आंकड़ा 724 दर्शाया गया है। शनिवार को 1030 नए मरीज मिले हैं और 1109 लोगों को संक्रमण मुक्त घोषित किया है।

यहां से मौत: कोरोना संक्रमितों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने दो संक्रमित बुजुर्गों के मरने की पुष्टि की है। जिसमें 65 साल के एनएच-चार निवासी कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की मौत एक निजी अस्पताल में हुई हैं। जिन्हें कोरोना के साथ अस्थमा की शिकायत थी। दूसरे मृतक 75 वर्षीय बुजुर्ग को कोरोना के साथ हृदय संबंधित बीमारियां थी। पिछले तीन दिनों में जिले में चार कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है। इस महीने में सात कोरोना संक्रमितों के मरने की पुष्टि विभाग कर चुका है। 724 कोरोना संक्रमितों मृतकों में से 550 को कोरोना संक्रमण के साथ दूसरी गंभीर बीमारियां भी थी। शनिवार को जिन तीन मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया, वह इनसे अलग है। जिसमें 70 वर्षीय पलवल निवासी एक महिला मरीज की मौत सेक्टर-16 स्थित एक निजी अस्पताल में शनिवार सुबह हुई थी। सेक्टर-20 स्थित एक निजी अस्पताल में 16 जनवरी से भर्ती एनएच चार निवासी 75 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। एसजीएम नगर निवासी 37 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत ओल्ड फरीदाबाद के निजी अस्पताल हुई है।


कोविड-19 पॉजिटिव मृतक का अंतिम संस्कार करवाती निगम की टीम।

## फरीदाबाद जिले में 1030 नए संक्रमित मिले, 1109 हुए ठीक


सैम्पलिंग को बढ़ावा : जिले में 1030 नए संक्रमित आने से एक्टिव केसों की संख्या 11537 रह गई है। इनमें से 229 मरीज अस्पतालों में दाखिल हैं, जबकि 11308 को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अस्तालों में दाखिल 43 मरीज ऑक्सिजन सपोर्ट पर हैं। कोरोना संक्रमण के साथ अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 45 मरीज आईसीयू में दाखिल हैं। जिनमें सात वेंटिलेटर पर हैं। सैम्पलिंग पर जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को 3945 नए सैंपल लिए गए हैं। अभी 3275 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है।

# जीएसटी पोर्टल का सरलीकरण करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीएलएफ** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने केंद्र सरकार से आगामी बजट में करों की उदारता को पीएनजी फयूल के संबंध में साकारात्मक नीति, गुड्स की परचेज में इनपुट टैक्स क्रेडिट संबंधी ठोस कार्यनीति जीएसटी पोर्टल का सरलीकरण करने की मांग की है। पीएचडी चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित विशेष वेबिनार में मल्होत्रा ने कहा कि फरीदाबाद 200 बड़े व 22 हजार एमएसएमई संस्थानों का शहर है, ऐसे में एक फरवरी 2022 को प्रस्तुत होने वाला बजट फरीदाबाद के औद्योगिक जगत के लिये काफी महत्वपूर्ण है।

मल्होत्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने बजट को व्यवसाय फ्रेंडली होने के साथ-साथ इसमें कर दरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और उन्हें न्यूनतम स्तर पर लाया जाना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा कि उद्योग प्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था व राजस्व में अपना सहयोग देते हैं ऐसे में वोट बैंक के साथ-साथ उनकी स्थिति और उनकी आवश्यकता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। कर ढांचे में सरलीकरण की आवश्यकता पर बल देते श्री मल्होत्रा ने कहा कि टूरिज्म व ट्रांसपोटेशन इंडस्ट्री पर जीएसटी की दर को कम किया जाना चाहिए क्योंकि इससे सरकार को राजस्व मिलेगा, युवा वर्ग को रोजगार और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता।



पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित वेबिनार में भाग लेते डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा, उद्योगपति व अधिकारी।

उन्होंने पीएनजी/फयूल के संबंध में साकारात्मक नीति तैयार करने, जनरेटर सैटों के प्रयोग को लेकर उद्योगहित में नीति तैयार करने, पीएनजी के लिये उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने, पीएनजी पर इनपुट क्रेडिट देने, पीएनजी पर वैट को कम करने की मांग भी मल्होत्रा ने रखी। इनपुट टैक्स क्रेडिट पर अपने विचार व्यक्त करते श्री मल्होत्रा ने कहा कि जीएसटी रिफंड को बेहतर बनाने के लिये प्रभावी नीति जरूरी है। आपने कहा कि जीएसटी क्रेडिट यदि पोर्टल पर उपलब्ध है तो उसे तुरंत बैंक में क्रेडिट किया जाना चाहिए। मल्होत्रा ने डुईंग बिजनेस की बेहतरी के लिये कदम उठाने, रेलवे डिफेंस और स्थानीय निकायों की व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाने, एमएसएमई सैक्टर को प्रभावी बनाने की भी मांग रखी। हरियाणा में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण को अव्यावहारिक व असंवैधानिक करार देते हुए मल्होत्रा ने कहा कि इसके विरूद्ध एकजुट होकर न्यायालय का रूख किया जाना चाहिए। मल्होत्रा ने अनअप्रूव्ड क्षेत्रों को मान्यता देने, जिन क्षेत्रों में 70 फीसदी या उससे अधिक उद्योग है को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने, इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर बनाने, उद्योगों के लिये पीएनजी की दरों के लिये ठोस नीति बनाने की मांग भी की।

उन्होंने कहा कि पीएनजी की दरों में अहमदाबाद व फरीदाबाद में 18 से 20 रूपये प्रति यूनिट का अंतर है जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। यही स्थिति गुरूग्राम और फरीदाबाद की है जहां प्रति युनिट 25 से 30 फीसदी का अंतर है। मल्होत्रा ने कहा कि बिजली उद्योगों की प्रथम आवश्यकता है यदि यह नियमित रूप से उद्योगों को उपलब्ध कराई जाए तो जनरेटर सैटों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वेबिनार में पीएचडी के वरिष्ठ उपप्रधान साकेत डालमिया, चेयरमैन इंडस्ट्रीयल कमेटी संदीप अग्रवाल, पूर्व सचिव वाणिज्य मंत्रालय अजय दुआ, विपिन वोहरा, विश्वनाथ, अजय शंकर, देव गोयल, विक्रम अग्रवाल, मेहित झा, एस पी शर्मा, पवन कोहली, एसएन दुआ, चारू मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# लूटपाट का आरोपी और इनामी बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने गुप्त सूत्रों व तकनीकी की सहायता से जुलाई 2021 में बल्लभगढ़ दुकानदार के साथ लूट के प्रयास में शामिल चौथे आरोपी 10 हजार के इनामी बदमाश कमोद को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार के मुजफ्फरपुर के गांव रामपुर का रहने वाला है।


आरोपी कमोद ने जुलाई 2021 में अपने चार अन्य साथियों राकेश, संजीत, विजय तथा सुकेश के साथ मिलकर बल्लभगढ़ सिटी थानाक्षेत्र के एक दुकानदार देवेंद्र के साथ लूट का प्रयास किया था। परंतु इसमें वह सफल नहीं हो पाए थे। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों राकेश, संजीत तथा विजय को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले के एक अन्य आरोपी सुकेश की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी से की गई पूछताछ में सामने आया कि इस वारदात में शामिल चार आरोपी कमोद, राकेश,



संजीत तथा विजय बिहार के गांव रामपुर के रहने वाले हैं। वहीं पांचवा आरोपी सुकेश इनके पड़ोसी गांव का रहने वाला है। आरोपी कमोद बहुत साल पहले फरीदाबाद में ही एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था जिसमें उसने करीब 10 साल काम किया। जब उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई तो वह वापस अपने गांव चला गया और जाकर दूसरी शादी कर ली और वहीं पर कोई छोटा मोटा काम करने लगा। काफी समय बीतने के पश्चात गांव में सरपंची के चुनाव आए और आरोपी कमोद सरपंची का चुनाव लड़ना चाहता था परंतु चुनाव लड़ने के लिए उसे धन की आवश्यकता थी।

# संक्षिप्त समाचार

## बरसात के बाद भी एयर क्वालिटी इंडेक्स 330


कंपनी की चिमनी से निकलता धुंआ।

**फरीदाबाद।** शनिवार को जिले में बरसात हुई। जिसमें जिले में फरीदाबाद के हिस्से में 21 जनवरी से 22 जनवरी की 5 एमएम, तिगांव में 31 एमएम, बल्लभगढ़ में 05 एमएम, मोहना में 6 एमएम, दयालपुर में 06 एमएम, बड़खल में 5 एमएम, धौज में 6 एमएम और गौच्छी में 5 एमएम बरसात बरसी। लेकिन इसके बावजूद भी जिले में प्रदूषण का स्तर अभी भी बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। शनिवार को जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स 330 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग साढ़े 6 गुना अधिक है। हालांकि शनिवार को पिछले दो दिनों की तुलना में एयर क्वालिटी इंडेक्स में हल्का सुधार आया है। जानकारी के मुताबिक जिले में पिछले 3 दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार गिरवाट देखी जा रही है। शनिवार को सुबह के समय बारिश होने के बाद दिन भर हल्की हवा चलने का सिलसिला जारी रहा। ऐसे में शनिवार को एक बार फिर एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगभग 30 अंकों की गिरवाट दर्ज की गई है। गुरुवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 412 दर्ज किया गया था, जो शुक्रवार को घटकर 360 रहा गया था और शनिवार को यह 330 पर पहुंच गया है। बारिश के बाद एयर क्वालिटी इंडेक्स में गिरवाट आनी शुरू हो जाती है, इसका असर लगभग 24 घंटे बाद दिखाई देता है। ऐसे में उम्मीद है कि रविवार को भी एयर क्वालिटी इंडेक्स में कमी आ सकती है।

## बारिश से तापमान में आई गिरावट

**फरीदाबाद।** बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरवाट दर्ज की गई है। हालांकि न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हुई है। अधिकतम तापमान में गिरवाट आने से दिन भर ठंड बनी रही। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड का कहर इसी तरह से जारी रहने का अनुमान है। फरीदाबाद में कई दिनों बाद जहां एक तरफ शुक्रवार को मौसम साफ हुआ था। दिन में लंबे समय तक तेज धूप निकली रही थी, जिसके चलते न्यूनतम व अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई थी। वहीं, शनिवार सुबह 3 बजे जिले में बारिश होने का सिलसिला शुरू हुआ। काफी समय तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। उसके बाद सारा दिन आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवा भी चलती रही। इससे मौसम में फिर से ठंडक बढ़ गई है। शनिवार सुबह के समय फरीदाबाद जिले में लगभग 8.6 एमएम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार शुक्रवार की तुलना में शनिवार को अधिकतम तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की गिरवाट दर्ज की गई है। वहीं, न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। वेबसाइट के अनुसार शनिवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जिले में 11220 लोगों ने लगवाया टीका




**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कुल 11220 नागरिकों ने टीका लगवाया। जिसमें हेल्थ केयर वर्करों में बुस्टर डोज 51 में सरकारी शिविरों में लगवाई। वहीं फ्रंट लाईन वर्करों में 12 ने प्रथम डोज लगवाई। इसी कड़ी में 15 प्लस आयुवर्ग में सरकारी और निजी केन्द्रों पर 1330 बच्चों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में और निजी में 5820 लोगों ने डोज लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में सरकारी और निजी में 3121 लोगों ने लगवाई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम, द्वितीय और बुस्टर डोज कुल 886 ने लगवाई।

## संसाधनों के दुरुपयोग के विरोध में करेंगे आंदोलन

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने 24 जनवरी को नगर निगम के सभी विभागों के कार्यकर्ताओ की बीके चौक स्थित यूनियन कार्यालय पर बैठक का आयोजन कर आगामी 23-24 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को व्यापक और सफल बनाने की योजना बनाई जाएगी। प्रेस को यह जानकारी देते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि संघ नगर निगम के कर्मचारियों की मांगों, समस्याओं के समाधान करवाने तथा नगर निगम में सफाई, सीवर, परचेज, निगम द्वारा हायर किये गये व्हीकलों, ईको ग्रीन को फायदा पहुचने के लिए निगम के संसाधनों का दुरुपयोग के खिलाफ आन्दोलन की रूप रेखा भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा आय बढ़ाने, जनता में निगम की छवि को सुधारने, रेशनलाइजेशन कर काम में सुधार करने का प्रयास तो किया जा रहा है लेकिन लूट अभी भी बादस्तूर जारी है। संघ उक्त सभी मुद्दों से अवगत करवाएगा ओर निगम में सघन अभियान चलाकर व्यापक आंदोलन करेगा।

## महिलाओं के लिए ईमानदारी के साथ काम करुंगी : रेनू



**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि मुझे जो यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको पूरा ईमानदारी, मजबूती और संघर्ष के साथ निभाऊंगी। बेटियों और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के साथ प्रदेश महिला आयोग हर समय मजबूती के साथ खड़ा मिलेगा। हरियाणा प्रदेश की महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया शनिवार को एनआईटी-5 में महारानी रेडियो स्टेशन पर के कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कही।प्रदेश महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि मुझे जो यह हरियाणा महिला आयोग के चेयरमैन की जिम्मेदारी दी है इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राजेंद्र राजू और राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरमैन रेखा शर्मा का तहे दिल से आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से मै आश्वासन दिलाती हूं कि इस काम को और मजबूती ईमानदारी व संघर्ष के साथ निभाऊंगी। प्रदेश में बहू, बेटियों के साथ कोई भी खिलवाड़ नहीं होने दूंगी। जो भी उनके साथ अन्याय होगा वहां महिला आयोग हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को महिला आयोग इतना सक्षम बनाने का काम करेगा कि वह अपने आप को कहीं भी कमजोर नहीं महसूस करेंगी।

## आठ बजे तक बाजार खोलने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** शहर के बाजारों को रात्रि 8 बजे तक खोले जाने की मांग को लेकर हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान राम जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी नेता शनिवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां मंत्री श्री गुर्जर की अनुपस्थिति में उन्होंने उनके निजी सचिव कौशल बाठला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से वर्चुअल मीटिंग की और उन्हें बताया कि सरकार ने शराब के ठेकों को रात्रि 10 बजे तक खोलने की छूट दे दी है, ऐसे में व्यापारियों व दुकानदारों के हितों को देखते हुए सरकार बाजारों को खुलने की समय सीमा 6 बजे की बजाए 8 बजे तक करे, जिससे कि कोरोना महामारी के इस आर्थिक तंगी में दुकानदार अपनी रोजी रोटी चला सके। रामजुनेजा ने मंत्रीजी को बताया कि जिस प्रकार शराब के ठेके सरकार को राजस्व देते है, उसी तरह व्यापारी व दुकानदार भी जीएसटी के माध्यम से सरकारी खजाना भरने का काम करते है इसलिए सरकार को व्यापारियों की इस समस्या को समझना चाहिए और बाजारों को खुलने का समय 8 बजे तक करना चाहिए।

# नए-पुराने गुरुग्राम की समस्याओं का अधिकारी जल्द करें समाधान: सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने केंद्रीय विहार सेक्टर-56 में ग्रीवेंस बैठक ली। बैठक में उन्होंने केंद्रीय विहार, जलवायु टावर, देवेंद्र विहार, रेल विहार, सेक्टर-56 हुड्डा प्लॉट आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने शिरकत की और अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखी।

इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी-अपनी सोसायटी की सामूहिक समस्याएं रखी। जिसमें टायल वर्क, पानी, यातायात और टूटी सड़कों की समस्याएं प्रमुख थी। आरडब्ल्यूए के

## सेक्टर-56 केंद्रीय विहार में विधायक ने ली ग्रीवेंस बैठक

पदाधिकारियों ने विधायक सुधीर सिंगला को बताया कि सड़कों की मुरम्मत समय पर नहीं होती, इसलिए गहरे गड्ढे बने हुए हैं। टूटी सड़कों के कारण यातायात भी जाम रहता है।

विधायक सुधीर सिंगला ने ने मौके पर ही अधिकारियों से संपर्क करके कुछ शिकायतों का निपटारा करवाया। साथ ही अधिकारियों को सभी समस्याओं को जल्द खत्म


गुरुग्राम के सेक्टर-56 में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

कराने का आदेश दिया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनसमस्याओं को दूर करके जनता को बेहतर सुविधाएं देना सरकार, प्रशासन की प्राथमिकता है। क्षेत्र में जहां-जहां भी सड़कें टूटी हैं या जलभराव होता है, वहां पर बिना देरी के काम करके सड़कों को दुरुस्त किया जाए।

पुराने गुरुग्राम की समस्याओं पर भी विधायक सुधीर सिंगला ने आदेश दिए हैं कि वे क्षेत्र में टूटी सड़कों को दुरुस्त कराएं। श्रीसिद्धेश्वर मंदिर चौक, सोहना अड्डा, सोहना अड्डा से श्रीसीता राम सिंगला चौक होते हुए डीडीआर चौक समेत अन्य कई स्थानों पर सड़कें टूटी हैं।

इन सड़कों की भी बिना देरी के मरम्मत कराएं, ताकि लोगों को आने-जाने में किसी तरह की दिक्कत ना हो। उन्होंने दुकानदारों से भी कहा है कि वे सड़कों पर बढ़ाकर अपना सामान ना रखें। इससे यातायात जाम की स्थिति बनती है। बैठक में सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी व महामंत्री अशोक डबास शक्ति केंद्र प्रमुख आरपी सिंह, संजीव श्रीवास्तव, नेहा अग्रवाल, मंडल सचिव स्वाति टंडन, मंडल कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, आईटी प्रभारी सिद्धार्थ सिद्धू के अलावा जलवायु टावर से प्रेसिडेंट एसएस साहनी व कैप्टन एसके ठाकुर केंद्रीय विहार से वॉइस प्रेसिडेंट दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष रावत व जनरल सेक्रेटरी बहल, देवेंद्र विहार से बीपी शर्मा वाइस प्रेसिडेंट व सेक्रटरी डीवी सिंह, हुड्डा प्लॉट सेक्टर-56 से प्रेसिडेंट हरीश यादव व जनरल सेक्रेटरी सतीश कुमार और रेल विहार से प्रेसिडेंट डीडी शर्मा व यश चौधरी ने हिस्सा लिया।

# आजाद हिंद फौज के गुमनाम शहीदों को तलाशने में सरकार भी करेगी मदद

## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पूरा** देश आजादी के 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहा है, जिसमें देश की आजादी में प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों, स्वतंत्रता सैनानियों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को भी अमृत महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है।

आजाद हिंद फौज में हरियाणा के सैनिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इनकी संख्या अन्य प्रदेशों की तुलना में कम नहीं रही थी,


उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से से मुलाकात करते श्रीभगवान फौगाट।

लेकिन इन सैनिकों का आजाद हिंद फौज के रिकॉर्ड की जानकारी आधी-अधूरी थी। आजाद हिंद फौज के इन गुमनाम जवानों का रिकॉर्ड ढूंढने का बीड़ा चरखी-दादरी के स्वतंत्रता सेनानी परिवार के श्रीभगवान फौगाट ने उठाया हुआ है। उनका कहना है कि इन गुमनाम जवानों का रिकॉर्ड राष्ट्रीय अभिलेखागार में मिल पाया है। उनको स्वतंत्रता सैनानी का दर्जा दिलाने की मांग उन्होंने सरकार से भी की है। यह रिकॉर्ड उन्होंने कड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद ढूंढकर प्रदेश की राज्य स्वतंत्रता सैनानी सम्मान समिति व संबंधित जिला उपायुक्तों के कार्यालयों को भी उपलब्ध कराया है, लेकिन जो गति जिला प्रशासन को इस मामले में दिखानी चाहिए थी, उस तीव्रता से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अब उन्होंने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से भी मिलकर संबंधित उपायुक्तों को इस दिशा में कार्यवाही कराने का आग्रह भी किया है।

श्रीभगवान फौगाट ने बताया कि गत दिवस प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से भी वह मिले थे और उनसे आग्रह किया था कि गुमनाम स्वतंत्रता सैनानियों का जो रिकॉर्ड मिला है, उनको स्वतंत्रता सैनानी का दर्जा देने की दिशा में कार्यवाही कराई जाए। उनका कहना है कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वे इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही अवश्य कराएंगे। गुमनाम सैनिकों को सम्मान दिलाया जाएगा।

# हरियाणा में पुरानी पेंशन योजना बहाल करे प्रदेश सरकार: सुशील कटारिया

**गुरुग्राम।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति गुरुग्राम के जिला प्रधान सुशील कटारिया का कहना है कि है कि पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों की पेंशन बहाली की मांग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पुरानी पेंशन बहाली की मांग इन चुनाव में मुख्य मुद्दा रहेगा।

उन्होंने कहा कि जो राजनैतिक दल कर्मचारियों की इस मांग को बहाली का विश्वास दिलाने का आश्वासन देगा, कर्मचारी उस दल को अवश्य सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल का भी कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने पेंशन बहाली के पक्ष में ट्विटर पर अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने सरकार से भी मांग की है कि कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील होकर उनकी इस मांग को तुरंत पूरा करा दिया जाए।

उनका कहना है कि देश के कई अर्थशास्त्रियों व समाज शास्त्रियों ने भी नई पेंशन योजना की खामियों को मुख्य रुप से उजागर किया है तथा पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए कहा है कि कर्मचारियों व सरकार के हित में पुरानी पेंशन योजना ही है। केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना चाहिए ताकि शेयर बाजाद के जोखिम से कर्मचारियों को बचाया जा सके और सेवानिवृत होने के बाद उन्हें चिकित्सा सुविधा व अन्य लाभ भी मिल सकें ताकि वे बेहतर जीवन जी सकें।

# एक मुश्त संपत्ति कर जमा करने पर पाएं 100 फीसदी ब्याज माफी

## नप ने दस माह में बकायेदार करदाताओं से वसूले एक करोड़ रुपये से अधिक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के प्रॉपर्टी टैक्स धारक एक मुश्त प्रॉपर्टी टैक्स की राशि का भुगतान करने वाले का 100 फीसदी ब्याज माफ होगा। योजना का लाभ पिछले दस वर्ष से बकायेदार संपत्ति करदाताओं को मिल सकेगा।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011-12 से लेकर मार्च 2022 तक के संपत्ति करदाताओं को 100 फीसदी ब्याज माफी की योजना लागू को है। पिछले 10 साल से संपत्ति कर जमा न करने वालों के लिए सरकार ने एक मुश्त किश्त जमा करने पर 100 फीसदी ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। संपत्ति कर की वसूली के लिए नगर परिषद की तरफ से कर बकायेदार उपभोक्ताओं को कई बार नोटिस दिए गए थे।

### क्या कहते हैं टैक्स इंचार्ज

**नगर** परिषद के प्रॉपर्टी टैक्स इंचार्ज रवि कुमार कहते हैं कि जो नागरिक एक मुश्त प्रॉपर्टी टैक्स की राशि का भुगतान करेगा उसका ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

### 10 माह में हुई एक करोड़ की वसूली

**नगर** परिषद ने बीते दस माह में बकायादार करदाताओं से एक करोड़ रुपये से अधिक को संपत्ति वसूल की है। जिसमें अधिक कर की वसूली सोसायटियों से हुई है।

# दस्तावेज और संपत्ति कर में खामियों को ठीक कराएं नागरिक

पायनियर समचार सेवा। सोहना

**शहरवासी** अपनी जमीन संबंधी दस्तावेज और संपत्ति कर में खामियों को ठीक करा सकेंगे। संपत्ति का सर्वे करने वाली याशी कंपनी ने शहर में नोटिस वितरण कार्य को फिर से शुरू किया है। सर्वे नोटिस मिलने के एक माह तक नागरिक अपने संपत्ति के नाम या कर संबंधी समस्याओं के निदान को लेकर दावे आपत्ति जमा करा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व सरकार ने शहरी क्षेत्र में स्थित दुकान व मकान संपत्ति का याशी कंपनी द्वारा सर्वे शुरू कराया था। कंपनी के कर्मचारियों ने लोगों के मकान, दुकान, प्लाट आदि जायदादों का सर्वे किया था। नगर परिषद क्षेत्र में भी इस एजेंसी द्वारा सर्वे किया गया था। किंतु बीते कोरोना काल से यह कार्य बन्द कर दिया गया था। जिससे परिषद कर्मचारी पुराने रिकॉर्ड के आधार पर

## लोग संपत्ति के नाम या कर संबंधी समस्याओं के दावे आपत्ति दाखिल करें

## लोगों के घर या दुकानों पर ही रीअसेसमेंट के नोटिस पहुंचाएंगे कंपनी कर्मी

ही कार्य को गति दे रहे थे, परंतु अब याशी एजेंसी ने अपना कार्य दोबारा शुरू कर दिया है। जिसके लिए एजेंसी ने कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है। जो लोगों के घर दुकानों पर पहुंचकर रीअसेसमेंट के नोटिस पहुंचाने में लगे हैं। ताकि रिकॉर्ड की खामियों को आसानी से दूर किया जा सके। जिसके तहत नागरिक एक माह के अंदर अपने दावे आपत्ति दर्ज करा सकें।

**असल मालिक को ही मिलेगा नोटिस** : संपत्ति कर के नोटिस एजेंसी कर्मचारी डोर टू डोर पहुंचा रहे हैं। नोटिस देते वक्त कंपनी कर्मचारी मकान, दुकान और प्लाट मालिक का फोटो भी लेंगे। जिससे नोटिस असल मालिक को मिल सके।

**एक माह तक दर्ज आपत्ति दर्ज होंगी** : प्रॉपर्टी असेसमेंट रिकॉर्ड में त्रुटियां होने पर संपत्ति मालिक अपनी खामियों को एक महीने तक दुरुस्त करा सकेंगे। ताकि उनका प्रॉपर्टी रिकॉर्ड साफ -सुथरा हो सके। इसके अलावा एतराजात एजेंसी कर्मचारी को ही देने होंगे। परिषद कर्मचारियों का इससे कोई भी लेना-देना नहीं होगा।

**ऐसा कहते हैं परिषद के अधिकारी** : अगर परिषद के प्रॉपर्टी टैक्स प्रभारी रवि कुमार कहते हैं कि एजेंसी द्वारा सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। री असेसमेंट सर्वे के आपत्तियां एजेंसी कर्मचारियों को ही देने होंगे। जिसके लिए एक महीने का समय तय किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ये कार्य शुरू कर दिया है।

# आईपीएस धीरज सेतिया की अग्रिम जमानत पर सुनवाई सोमवार को

**गुरुग्राम।** करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में फरार चल रहे तत्कालीन पुलिस उपायुक्त धीरज सेतिया ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। अदालत इस याचिका पर कल सोमवार को सुनवाई करेगी।


धीरज सेतिया की ओर से जमानत याचिका में कहा गया है कि उन्हें बेवजह ही इस मामले में फंसाया जा रहा है। इस मामले में जिला जेल में बंद डा. सचिंद्र की जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि जब यह मामला प्रकाश में आया था, उस दौरान धीरज सेतिया पुलिस उपायुक्त क्राइम की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाले हुए थे। जब इस मामले में उनका नाम सामने आया तो प्रदेश सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। तभी से वह फरार चल रहे हैं।

# आर्य समाज मंदिरों में हवन को मिला घी-सामग्री

## दो दानवीरों ने अपना नाम गुप्त रखकर दिया यह दान

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन के बैनर तले दिया सामान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पंजाबी बिरादरी महासंगठन के समाजसेवी सदस्य।

**शहर** के सभी 22 आर्य समाज के मंदिरों में एक माह तक हवन के लिए देसी घी व सामग्री का दान दो दानवीरों ने दिया है। खास बात ये है कि दोनों ने अपना नाम गुप्त रखने का आग्रह किया है। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के बैनर तले यह घी और सामग्री आर्य समाज के मंदिरों में पहुंचा दी गई है।

पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने दोनों दानवीरों ने अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे गुरुग्राम के सभी के सभी 22 आर्य समाज मंदिरों में प्रयोग में आने वाले देसी घी एवं सामग्री एक महीने के लिए देना चाहते हैं। बोधराज सीकरी ने सामग्री का उत्तरदायित्व प्रसिद्ध आर्य समाजी कन्हैया लाल आर्य को सौंपा। देसी घी खरीदने का उत्तरदायित्व ओम कथूरिया को दिया गया। सामान बांटने का दायित्व लक्ष्मण पाहुजा को दिया गया। कन्हैया लाल आर्य, लक्ष्मण पाहुजा आर्य समाज के प्रति समर्पित हैं। हमारी वैदिक पद्धति को वे निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उनके प्रयासों से सभी मंदिरों में एक महीने का देसी घी व सामग्री पहुंच गई है। इसके अलावा समाजसेवी राजकुमार कथूरिया एडवोकेट की ओर से सेंकड़ों कंबल ठंड में ठिठुर रहे लोगों को आवंटित किए गए। इसमें भी पंजाबी बिरादरी महासंगठन का सहयोग रहा। इस दौरान नरेन्द्र कथूरिया, अर्जुन नासा आदि शामिल रहे।

# शीत लहर ने बढ़ाई ठंड शादियों में बरसात का विघ्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ठंड** का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीती रात से शनिवार प्रात: तक रिमझिम बारिश हुई और हवा भी चली। जिससे शीत लहर का प्रकोप और अधिक बढ़ गया है। बढ़ती ठंड ने दिनचर्या प्रभावित कर रख दी है। साथ ही शादियों के सीजन में बरसात का असर पड़ा है। लोगों को काफी परेशानी हुई है।

लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह ठंडे पानी में काम करने से अंगुलियां भी सुन्न होने लगी हैं। इस समस्या से महिलाएं अधिक पीड़ित हैं। अधिक सर्दी होने के कारण हाथों, पैरों की अंगुलियों और शरीर के विभिन्न अंगों में भी सूजन आनी शुरु हो गई है।

शहर के राजकीय अस्पताल सहित चिकित्सकों की क्लीनिकों पर भी सर्दी से पीड़ित विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का तांता लगा देखा जा सकता है। इन क्लीनिकों पर अधिकांश मरीज सर्दी, बुखार, खांसी, जुकाम व शरीर में दर्द आदि पीड़ाओं से ग्रसित बताए जाते हैं। महिलाओं को रसोई में काम करने में भी बढ़ती ठंड के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# गांव दौहला में ऑनलाइन पानी पंचायत में जल संरक्षण पर मंथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** जिला में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को गुरुजल सोसाइटी द्वारा सोहना ब्लॉक के गांव दौहला में ऑनलाइन माध्यम से पानी पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के युवा, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, आंगनबाडी कार्यकर्ता, स्वच्छ भारत मिशन, स्वयं सहायता समूह और अटल भू-जल टीम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## ग्रामवासियों को जोहड़ के प्राचीन महत्व के बारे में भी बताया

पानी पंचायत में ग्रामवासियों को जोहड़ के प्राचीन महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ ही जिला में वर्तमान भूजल स्तर की स्थिति के बारे में भी अवगत कराया गया। पंचायत में गुरुजल सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि उनकी सोसाइटी द्वारा जिला में 320 जोहड़ों के पुनर्निर्माण और उनके कायाकल्प के लिए कार्य


ऑनलाइन पंचायत में शामिल सदस्य।

कर किया जा रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब यह जल आन्दोलन, जन आन्दोलन में परिवर्तित होगा।

पानी पंचायत में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान ने गुरुजल सोसाइटी द्वारा दौहला गांव में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा जोहड़ की देखभाल और साफ-सफाई के लिए ग्रामीणों को सामूहिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। पंचायत में अर्थ ट्री संस्था की स्मिता आहूजा व वेस्ट टू वेल्थ मिशन संस्था से सोनिया दूहन ने ग्रामीणों को ठोस कचरा प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान गुरुजल सोसाइटी की मेम्बर प्रकृति ने ग्रामीणों को लघु डाक्यूमेंट्री के माध्यम से गुरुग्राम की मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए जिला गुरुग्राम को रेड जोन से बाहर निकालने के उपाय भी बताए।

वहीं गुरुजल सोसायटी के सिविल इंजिनियर आशीष तिवारी ने दौहला गांव में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के फायदे गिनाते हुए लोगों को बताया कि कैसे ये भूजल स्तर को बढ़ाने और उसको शुद्ध करने में सहायता करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा वासी आज जयहिंद बोल नेताजी को श्रद्धांजलि देंगे


नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को जयहिंद बोलकर उन्हें नमन किया जाएगा। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से भी प्रदेशभर में 50 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक जगह पर केवल 75 लोग एकत्रित होंगे। यह जानकारी पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने दी। नवीन गोयल ने बताया कि आजाद के 75वें वर्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई जा रही है। पूरे हरियाणा में 7500 स्थानों पर 75 सदस्यों द्वारा एकत्रित होकर जयहिंद का नारा लगाया जाएगा। साथ ही नेताजी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण विभाग की ओर से 50 स्थानों व गुरुग्राम में 4 स्थानों पर जयहिंद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ इस राज्य स्तरीय आयोजन की अगुवाई कर रहे हैं। नवीन गोयल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारत की आजादी में अहम योगदान है। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश के लोगों में नई चेतना जागृत की थी। नवीन गोयल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस दुनिया का अस्तित्व रहने तक हम सबके प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उन्होंने देश को आजाद कराने में जो भूमिका निभाई, वह अमिट है। उनका देश के सम्मान को बढ़ाने में अहम योगदान है। ऐसे नेताजी के जीवन से हमें अपनी भावी पीढ़ियों को शिक्षा और संदेश देना चाहिए।

## टेंट हाउस में लगी आग से लाखों का सामान स्वाहा

**सोहना।** भोंडसी में टेंट हाउस में शनिवार को अचानक लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। शनिवार को भोंडसी में स्थित गुप्ता टेंट हाउस के गोदान में आग लग गई। टेंट के सामान में शामिल कपड़े से आग एकदम से भड़क उठी। जब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सोहना से पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग को काबू करने के प्रयास शुरू किए गए। 30 से 40 मिनट में आग को काबू किया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। न ही आग से हुआ का भी अंदाजा नहीं लग सका है।

## वीर सपूतों के कारण ही देश है सुरक्षित: गोपीचंद गहलोत

**गुरुग्राम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत ने जिले के सोहना क्षेत्र के गांव अलीपुर में पहुंचकर शहीद लांस नायक सचिन डागर की शहादत पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद की शहादत को नमन करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि सचिन की शहादत पर पूरे देश को गर्व है। गहलोत ने कहा कि सचिन डागर जैसे मां भारती के वीर सपूतों के कारण ही देश सुरक्षित है। समस्त क्षेत्रवासी व प्रदेश के लोग इस दुख की घड़ी में अमर शहीद सचिन डागर के परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। उनके साथ आए पदम डागर, विजय कुमार, दीपक डागर, राकेश आदि ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

## हमारी धरोहर अमर जवान ज्योति को बुझा दिया: डा. वर्मा

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी की नेता डा. सारिका वर्मा ने कहा कि भारत की राजधानी दिल्ली के दिल में 50 वर्षों से जलती हुई अमर जवान ज्योति भारत के गुमनाम सैनिक की श्रद्धांजलि का प्रतीक थी। उसे भाजपा सरकार ने बुझा दिया। वहां से बुझाकर उसे युद्ध स्मारक पर जला दिया। इंडिया गेट जिसे पहले भारतीय वॉर मैमोरियल कहा जाता था। वह 90 हजार सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने ब्रिटिश इंडिया आर्मी में 1914-1921 के बीच शहादत दी। ब्रिटिश आर्मी के 13 हजार 300 सैनिक और अफसरों के नाम इंडिया गेट पर लिखे हुए हैं। वर्ष 1972 में बांग्लादेशी स्वतंत्रता युद्ध के बाद इंडिया गेट के अंदर काले मार्बल पर उल्टी बंदूक और सैनिक की हेलमेट के साथ अमर जवान ज्योति का निर्माण हुआ। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था। गुमनाम सैनिक को श्रद्धांजलि का प्रतीक अमर जवान ज्योति पिछले 50 वर्षों से लगातार जल रही थी। अब वह उस स्थान पर नहीं जलेगी।

## दिल्ली में भारी वाहनों पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध

**सोनीपत।** दिल्ली पुलिस द्वारा गणतन्त्र दिवस को मध्येनजर रखते हुए दिल्ली में शनिवार रात्रि 8 बजे से 23 जनवरी 2022 को दोपहर तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से बन्द कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि दिल्ली में मनाये जाने वाले गणतन्त्र दिवस समारोह को लेकर भारी वाहनों का 22 जनवरी सायं 8 बजे से लेकर 23 जनवरी 2022 को दोपहर 12 बजे तक दिल्ली में प्रवेश निषेध किया गया है। सभी भारी वाहन चालकों को दिशा निर्देश दिये है, इसलिए वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए डयूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मचारी के निर्देशों का पालन करें।

## मीरा घाटी चौक पर स्थापित किया 100 फुट ऊंचा तिरंगा

**करनाल।** शहर के मीरा घाटी चौक पर करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से 100 फुट ऊंचे पोल पर देश का गौरव तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) लगाया गया है। प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज 26 जनवरी को एनडीआरआई में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के बाद इसका विधिवत् उद्घाटन करेंगे। उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीरा घाटी चौंक स्थित पार्क के प्रवेश पर जो झंडा लगाया गया है उसका साइज 20 गुणा 30 फुट का है और यह 100 फुट ऊंचे मजबूत पाइप पर लगाया गया है। यह कार्य अजमेर राजस्थान की एक एजेंसी ओम गणपति इलेक्ट्रिकल की ओर से करवाया गया है। धरातल पर दो लाइट पोल लगाए गए हैं। जिनके फोकस से रात्रि में झंडे को रोशनी मिलेगी, यानि रात में भी झंडा अच्छे से दिखाई देगा, 100 फुट ऊंचे पोल पर एरोप्लेन वाली लाल बत्ती भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि लगाए गए झंडे का ट्रायल ले लिया गया है और 24 जनवरी को इसका फाइनल ट्रायल होगा और उसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य अतिथि से इसका लोकार्पण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि झंडे के नीचे प्लेटफार्म को खूबसूरती से सजाया-संवारा गया है, एंट्री को नया रूप दिया गया है। आसपास स्थित ग्रील पर पेंट कर दिया है। शहर का एक प्रसिद्ध चौक है मीरा घाटी उपायुक्त ने बताया कि मीरा घाटी चौक करनाल शहर का एक प्रसिद्ध चौक है। यह शहर से गुजरती पुरानी एनएच पर स्थित है। करीब 4 दशक पहले इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की ओर से इसका सौंदर्यीकरण किया गया था। जिसमें हिंदू, मुस्लिम धर्मों के चिन्ह, इसके आसपास स्थित पूजा-इबादत के स्थलों के बीच बनाए गए थे, जो एक वॉटर बॉडी में स्थापित हैं।

## पेपर लीक मामले में मोस्टवान्टेड को किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसटीएफ स्टाफ निरीक्षक सतीश देशवाल ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार पर कार्यवाही करते हुये सोनीपत की टीम ने पेपर लीक मामले में एक और 15 हजार रुपये के ईनामी एवं मोस्ट वान्टेड को गिरफ्तार किया है। आरोपी मंजीत उर्फ मोनू देव निवासी खरखौदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। एसटीएफ सोनीपत प्रभारी निरीक्षक सतीश देशवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के एसटीएफ स्टाफ सोनीपत को दिल्ली से पेपर लीक मामले में मन्जीत उर्फ मोनू देव मोस्ट वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इस पर पेपर लीक मामले में 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। कंप्यूटर हैकिंग द्वारा विभिन्न प्रकार की नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाओं में हजारों उम्मीदवारों की परीक्षा उत्तीर्ण कराई गई थी। शीघ्र ही घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जायेगा।

# राजस्व विभाग से तलब की खेतों में जलभराव की रिपोर्ट

### विधायक के मुलाकात के बाद प्रशासन आया हरकत में, जल्द भेजी जाएगी रिपोर्ट

### पुनहाना उपमंडल के सहायक आयुक्त ने गुलालता जैसे गांवों का दौरा कर जायजा लिया

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



खेतों में बरसात के पानी के हुए भराव का जायजा लेते अफसर।

**बेमौसम** बरसात की वजह से नूंह जिले के जिन किसानों की फसलों में पानी गया भर गया है। या फिर बेमौसम बरसात की वजह से गेहूं-सरसों इत्यादि की फसलें खराब हो गई हैं। उन किसानों को अब ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मंगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। विस्तृत रिपोर्ट आते ही जिला प्रशासन उसे राज्य सरकार को भेजेगा, जिसे दिशा-निर्देश राज्य सरकार देगी। उसी के मुताबिक आगामी कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि नूंह इलाके में पिछले दिनों अच्छी खासी बेमौसम बरसात हुई है। जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि में बिजाई तक नहीं हो पाई और कुछ इलाके में अगर किसानों ने गेहूं-सरसों इत्यादि फसलों की बिजाई कर दी थी तो ज्यादा पानी खड़ा होने की वजह से वह फसल खराब हो गई। ऐसे में किसानों को रोजी-रोटी की चिंता सताने लगी। किसानों ने इस बात को सीएलपी उपनेता आफताब अहमद के अलावा जिला प्रशासन के सामने रखा। आफताब अहमद ने कैप्टन शक्ति सिंह उपायुक्त नूंह ने उसे इस बारे में मुलाकात कर किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की तो हर्षित कुमार सहायक आयुक्त ने पुनहाना उपमंडल के गुलालता इत्यादि गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया, जहां सैकड़ों एकड़ भूमि में तालाब की तरह पानी भरा हुआ था और किसानों की फसलें इस बेमौसम बरसात के पानी से खराब हो रही हैं। कुल मिलाकर जिले के जितने भी गांव में पानी खड़ा होने की वजह से फसलों की बिजाई नहीं हो पाई या बिजाई होने के बाद फसलें खराब हो रही हैं, तो उनका मुआवजा दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। डीसी शक्ति सिंह ने कहा है कि सरकार ने जो पीएम फसल बीमा योजना चलाई है, उसमें धान की फसल के लिए तो किसान बीमा करा लेते हैं, लेकिन गेहूं की फसल के लिए इतने अधिक किसान सामने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि इसका प्रीमियम सस्ता है, अगर किसान फसलों का बीमा करा लेते हैं तो उसकी भरपाई बीमा कंपनियां कर देती हैं। लेकिन मौजूदा हालात में जो भी स्थिति है उसका आकलन रेवेन्यू विभाग के अधिकारी कर रहे हैं, जैसे ही रिपोर्ट उनके पास आएगी उसे तत्काल चंडीगढ़ भिजवा दिया जाएगा ताकि किसानों को समय रहते उचित मुआवजा मिल सके।

# नूंह में अब तक लगाई गईं 10 लाख 35 हजार वैक्सीन डोजें

### उपायुक्त ने कहा, वैक्सीनेशन ही कोरोना से बचने का एकमात्र उपाय

### 721 लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन की प्रिकॉशन डोजें

**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि कोरोनावायरस रोधी वैक्सीनेशन डोज लेकर ही कोरोना की तीसरी लहर से बचा जा सकता है। नूंह जिले ने कोविड रोधी वैक्सीन 10 लाख 35 हजार 369 का आंकड़ा हासिल कर लिया है। जिला में 15 से 17 वर्ष तक के 26 हजार 51 किशोरों को वैक्सीन लगाई गई है। अब तक कुल 721 लोगों को कोरोनावायरस वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज दी जा चुकी है।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि कोरोनावायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन से बचाव के लिए हमें सजग रहना होगा। इस वैरिएंट का संक्रमण डेल्टा वैरिएंट की अपेक्षा तीन से चार गुणा तेजी से फैलता है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला में कोविड रोधी टीका की प्रथम डोज के बाद दूसरी डोज के लिए भी नागरिक आगे आये ताकि दूसरी डोज लगने के बाद बूस्टर डोज पर विचार-विमर्श किया जा सके। उन्होंने कहा कि दवा से अच्छा परहेज है और कोविड-19 से बचाव के लिए सही तरीके से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन व साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया है कि वे कोविड रोधी टीकाकरण के लिए भी स्वेच्छा से आगे आये ताकि सभी सुरक्षित रह सकें। कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रोन तेज गति से फैलता है। इसलिए, सभी सतर्क रहे व कोविड उचित व्यवहार का पालन करें।

# जल जीवन मिशन: जिले में बांटी 3500 जीवाणु परीक्षण और 405 क्लोरिनेशन किटें

### नूंह जिले में 56 जीवाणु परीक्षण किट और की जाएंगी वितरित

### हर ग्राम पंचायत में 5 महिलाओं को किया जा रहा है जीवाणु परीक्षण किट देकर प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जल** जीवन मिशन के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल की गुणवत्ता एवं क्लोरिनेशन जांच के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों व उपभोक्ताओं को प्रशिक्षित कर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं व वीडब्ल्यूएससी सदस्यों को जीवाणु परीक्षण एच2एस किट व क्लोरिन जांच किट भी पेयजल की जांच के लिए वितरित की जा रही है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा जहां हर घर नल से स्वच्छ पेयजल प्रदान करने का कार्य प्रगति पर है, वहीं जल की गुणवत्ता जांचने के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा हर ग्राम पंचायत में 5 महिलाओं को भी पेयजल की जांच करने बारे प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए विभाग के बीआरसी की टीम व सक्षम युवाओं के सहयोग से टीमें गठित करके डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है।

भारद्वाज ने आगे बताया कि आईईसी गतिविधियों के साथ पंपलेट व पोस्टर आदि का वितरण करके जल जीवन मिशन की समग्र जानकारी दी जा रही है। एच2एस किट के माध्यम से पेयजल का जीवाणु परीक्षण किया जाता है, वहीं ओटी किट के माध्यम से पेयजल में क्लोरिन की जांच की जाती है। अभी तक जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में हर ग्राम पंचायत से 5 व इससे अधिक महिलाओं को जीवाणु परीक्षण करने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के 1-1 सदस्य को क्लोरिन जांच करने के लिए ओटी किट भी प्रदान की जा चुकी है।

जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी तत्व है। इसलिए हमें इसकी गुणवत्ता का पता होना जरूरी है। समय-समय पर हमें अपने पेयजल की जांच अवश्य करवाते रहना चाहिए। पेयजल कनेक्शन को जमीन में ना लेटायें बल्कि स्टैंडपोस्ट के माध्यम से इसे सीधा खड़ा रखना चाहिए तथा नल पर टूंटी लगा कर रखें ताकि पेयजल की बर्बादी न हो। पेयजल संबंधित किसी भी शिकायत निवारण के लिए हरियाणा सरकार ने टोल फ्री नं. 18001805678 जारी कर रखा है जिस पर उपभोक्ता अपनी पेयजल संबंधी समस्या की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अंतर्गत गांव में लाइन लीकेज, गंदा पानी की सप्लाई, बिल संबंधी समस्या व नया पेयजल कनेक्शन लेने बारे आदि समस्याएं उपभोक्ता ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अब अपने पेयजल बिल का भुगतान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में 3500 उपभोक्ताओं को जीवाणु परीक्षण किट की ट्रेनिंग दी जा चुकी हैं।

# जेबीटी टीचरों की ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव अधूरी तैयारियों से बनी मजाक: कौशिक

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नूंह के महासचिव विनोद कौशिक ने लगाए आरोप

दीपक कुमार। नूंह



विनोद कौशिक, महासचिव।

**जहां** एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों के सामने हरियाणा की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की तारीफ करते नहीं थकते, वहीं दूसरी ओर उसी हरियाणा के जेबीटी टीचर जिनके सबसे पहले 2016 में ऑनलाइन तबादले किए गए थे। वे काफी महीने बीत जाने के बाद भी तबादलों की बाट जो रहे हैं।

शिक्षा विभाग की ब्रांच व आईटी सेल के बीच तालमेल के अभाव व अधूरी तैयारियों का खामियाजा न केवल टीचर बल्कि कम टीचर वाले स्कूलों के हजारों बच्चे भी भुगत रहे हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला नूंह मेवात के महासचिव विनोद कौशिक ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े विभाग शिक्षा विभाग में पहले तबादले केवल सिफारिश या पैसों के दम पर होते थे। उसे मनोहर सरकार ने पहले के तरीके को बदलते हुए एक पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था बनाते हुए पूरे प्रदेश में पहली बार ऑनलाइन ट्रांसफर की, लेकिन अब लगता है कि विभाग सरकार की अच्छी पॉलिसी को सिरे नहीं चढ़ाना चाहता। बार-बार जारी किया गया शेड्यूल संघ के बार-बार प्रयासों से आखिरकार सरकार ने 2021 में सरकार ने तबादले करने का आदेश विभाग को दिया। पहली बार 8 नवंबर को शेड्यूल जारी किया, परंतु जल्द ही अपनी कमियों को सुधारते हुए विभाग ने दोबारा 29 दिसंबर से नया शेड्यूल जारी कर दिया। अभी स्टेशन भरने शुरू भी नहीं हुए थे कि विभाग ने अपडेट के बहाने तीसरा शेड्यूल जारी कर दिया।

विनोद कौशिक ने बताया कि शुरू के 5 दिन तो साइट ठीक से चली ही नहीं, 20 जनवरी को बाद दोपहर साइट ने ठीक से काम करना शुरू किया। 21 जनवरी अंतिम डेट होने के कारण जेबीटी शिक्षक देर रात तक अपने-अपने स्कूलों के ऑप्शन भरते रहे, लेकिन आज फिर विभाग ने अपनी मनमानी करते हुए एक बार फिर नया शेड्यूल जारी कर दिया है।

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति घायल

**तावडू।** उपमंडल के तावडू-सोहना व राष्ट्रीय राजमार्ग-919 पर मोटरसाइकिल सवार एक दंपति बस की चपेट में आ गए। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए, अस्पताल में भर्ती कराया गया है तो वहीं सदर थाना पुलिस अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

कमालपुर रेवाड़ी निवासी नेमीचन्द ने बताया कि शुक्रवार को वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर पत्नी के साथ ससुराल से अपने घर लौट रहा था। शाम 4:00 बजे के करीब जब वह तावडू सोहना मार्ग पर पहाड़ से आगे निकलकर तावडू थाने की सीमा में पहुंचा तो तावडू की ओर से बड़ी तेज गति से आ रही बस ने उनकी मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गए। जिसमें उसे मामूली चोटें आई तो उनकी पत्नी राजबाला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय व राहगीरों की मदद से घायल पत्नी को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में हुईं जांचें

### डॉ. जीनत ने कहा आयुष विभाग ने गांव पाठखोरी में लगाया शिविर

सहादत खान। फिरोजपुर झिरका



**फिरोजपुर** झिरका के गांव पाठखोरी, चैनपुरी बास में शुक्रवार को आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को बुखार, जुखाम, खांसी, जोड़ों के दर्द, कमर दर्द व अन्य कोरोना रोधी दवाओं का वितरण किया गया।

आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के डॉक्टर जीनत ने बताया कि ओमिक्रोन वेरिएंट बहुत ही खतरनाक है। कोरोना वायरस की तीसरी लहर से बचाव के लिए ग्रामीण मास्क व सैनिटाइजर का उपयोग करते रहें। साथ-साथ दो गज की दूरी का भी ख्याल रखें। मास्क, सैनिटाइजर व दो गज की दूरी ही कोरोना वायरस से बचाव का उपाय है। सर्दी के मौसम में कोरोना वायरस के लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिस को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ-साथ दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि जरूरी काम से ही घर से बाहर निकलें। भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचें और मास्क का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों की दूसरी डोज का समय हो चुका है। वह लोग अपनी दूसरी डोज पूरी करवा लें। तरह तरह की अफवाहों से बचें। तब ही हम सुरक्षित रहे सकते हैं। आपका बचाव ही सब का बचाव है।

# नूंह (महिला) आईटीआई में दाखिले का अंतिम अवसर

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) नूंह मरोड़ा ने अबकी बार लड़कियों के लिए सेविंग टेक्नोलॉजी और कोपा कोर्स शुरू किया है। इन दो कोर्सो से नूंह (महिला)आईटीआई में प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है।

आईटीआई के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि आईटीआई नूंह में 588 सीटों में से 588 सीटों पर दाखिले हो चुके हैं और महिला आईटीआई में अब तक कोपा ट्रेड में 22 सीटों पर दाखिले हो चुके हैं। दाखिला पोर्टल पर एससीवीटीट्रेड्स के लिए नए आवेदन 29 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। संस्थान में रिक्त सीटों के प्रति संस्थान स्तर पर मौके पर ही दाखिला 31 जनवरी तक प्रतिदिन किया जाएगा। मेवात जिले की लड़कियों के लिए, महिला आईटीआई में दाखिला लेने के लिए अंतिम एवं सुनहरा मौका है। प्रधानाचार्य ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रतिमाह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी मेवात की लड़कियों को देने की घोषणा की है।

# पीएम मोदी ने मेवात में संस्थागत डिलीवरी की तारीफ की

### आकांक्षी जिलों की वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में पीएम ने सुधार पर की सराहना

### वर्ष 2018 में मेवात में संस्थागत डिलीवरी थी 40-45 प्रतिशत, जो अब 90 फीसदी पहुंची

रिजवान कासिम। मेवात



वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीसी से बातचीत करते पीएम नरेंद्र मोदी।

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशभर के 112 आकांक्षी जिलों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीसी के साथ सीधी बातचीत के दौरान हरियाणा के एकमात्र आकांक्षी जिला नूंह में संस्थागत डिलीवरी में सुधार के लिए जमकर प्रशंसा की। पीएम ने कहा की आकांक्षी जिलों की सूची वर्ष 2018 में आई थी। उस समय हरियाणा के मेवात जिले का 40-45 प्रतिशत संस्था का डिलीवरी थी, लेकिन जो अब बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। जैसे ही पीएम ने संस्थागत डिलीवरी में सुधार के लिए अपने मुख से मेवात का नाम लिया तो वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल नूंह में बैठे उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों अधिकारियों की बांछें खिल गईं।

उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नूंह जिले का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर इस जिले को मिलने जा रहा है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा की आबादी के हिसाब से नूंह जिले में 52 पीएचसी होनी चाहिए, लेकिन इस समय 22 पीएचसी हैं। 30 पीएचसी नई बननी चाहिए। इसके अलावा 13 सीएचसी नई बनाई जानी चाहिए। जिले में चार सब डिवीजन है, इसलिए सब डिवीजन स्तर पर अस्पताल बनना चाहिए। इसके साथ-साथ बेहतरीन उपकरणों व चिकित्सकों की नियुक्ति भी इस जिले में होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग बेहतर काम कर रहा है, लेकिन कई बार कोरोना संक्रमण एवं अन्य कार्यों की वजह से डाटा अपलोड समय पर नहीं हो पाता है। जिसकी वजह से रैंकिंग में नूंह जिला थोड़ा पीछे चला जाता है। आने वाले समय में रिव्यू मीटिंग ज्यादा से ज्यादा की जाएगी, ताकि समय पर डाटा अपलोड हो सके और रैंकिंग में मेवात जिला बेहतर पायदान पर पहुंच सके। उपायुक्त शक्ति सिंह ने कहा कि नीति आयोग द्वारा देशभर के 112 पिछड़े जिलों की सूची बनाई गई थी, जिसमें लगभग 49 पैरामीटर तय किए गए थे। इनमें ड्रॉपआउट, संस्थागत डिलीवरी, सिंचाई, कृषि, सेहत सहित अन्य विभागों के बहुत से काम थे। इन सभी में सुधार करने की जरूरत थी। मेवात जिला लगातार अपनी रैंकिंग में सुधार कर रहा है। जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी जिले को पिछड़े जिलों की सूची से बाहर निकालने में भरपूर मेहनत कर रहे हैं। कोरोना काल आने की वजह से डॉक्टर व अन्य स्टाफ व्यस्त हो गया था। जिसकी वजह से समय पर डाटा अपलोड इत्यादि का कार्य नहीं हो सका था। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मेहनत की, लेकिन उसके बावजूद भी कभी रैंकिंग में नीचे चले गए तो कभी ऊपर चले गए। उपायुक्त ने कहा कि ग्राउंड पर काम किया जा रहा है, लेकिन डाटा अपलोड होने में देरी हो जाती है। अब साथ के साथ ही डाटा अपलोड किया जाएगा ताकि पिछड़े जिलों की रैंकिंग में हरियाणा का मेवात जिला बेहतर पायदान पर आ सके।

# फिरोजपुर झिरका में रैनीवैल स्कीम का कार्य शुरू: उपायुक्त

### डीसी ने कहा, 52 गांवों में पीने के पानी की सप्लाई के लिए होगा काम

### 2023 तक पूरी होने वाली योजना पर अनुमानित खर्चा 228.45 करोड़ आएगा

**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि फिरोजपुर झिरका के 52 गांवों में पीने के पानी की सप्लाई के लिए रैनीवैल स्कीम का कार्य आरम्भ कर दिया है। गत 27 नवम्बर 2021 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा फिरोजपुर झिरका विधान सभा के 52 गांवों में पीने के पानी की सप्लाई के लिए रैनीवैल योजना का शिलान्यास किया गया था। जिसका अनुमानित खर्चा 228.45 करोड़ रुपये आएगा। स्कीम के चलने उपरांत फिरोजपुर झिरका के 52 गांवों में पीने के पानी की सप्लाई 55 एलपीसीडी हो जाएगी।

योजना का कार्य जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी द्वारा आरम्भ कर दिया गया है। इस स्कीम को पूरा करने हेतु यमुना नदी के नजदीक सुल्तानपुर गांव जिला पलवल में एक रैनीवैल व 8 नलकूपों का निर्माण किया जाएगा 765 किलो मीटर 800 एमएम डाया पाइप लाइन बिछाकर दो एमबीएस (मेन बूस्टिंग स्टेशन) के माध्यम से भादस एमबीएस तक पानी पहुंचाया जाएगा, जिसे 5 आईबीएस (इंटरमीडिएट बूस्टिंग स्टेशन) भादस, उमरा, जलालपुर, नगीना व खानपुर घाटी व 23 नं. एसबीएस के माध्यम से 52 गांवों तक 31 दिसंबर 2023 तक पूरा करके पानी पहुंचा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश में सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मियों ने जोरदार नारेबाजी की



**भिवानी।** भिवानी जिले की सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मियों ने 46वें दिन भी ठिठुरती सर्दी की बारिश में हड़ताल करके धरने में उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी की। आज के धरने की अध्यक्षता सुमन व संचालन दर्शना ने किया। निर्णय लिया कि 24 जनवरी को धर्मबीर सिंह सांसद के निवास पर प्रदर्शन करेंगे। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व कर्मचारी नेता रतन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश स्तरीय आंगनबाड़ी नेताओं की बर्खास्तगी करने वर्करों में कोई डर नहीं है। इसे हड़ताल को कमजोर करने का असफल प्रयास बताया जो वर्कर का हौसला कम नहीं कर सकती हैं। 2018 में मोदी सरकार ने आंगनबाड़ी कर्मियों को तोहफे स्वरूप 1500 व 750 की घोषणा प्रधानमंत्री ने की थी। 2018 में खुद मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने आंगनबाड़ी कर्मियों को कुशल व अर्धकुशल की कैटेगरी में जोड़ते हुए हर 6 माह में महंगाई के आकड़े जोड़ने के लिए हरियाणा में सबसे पहले शुरुआत करने का वायदा किया था उसे तुरन्त लागू करना चाहिए। मगर तीन साल बीत जाने के बावजूद सरकार पिछली घोषित मांगों को लागू नहीं कर रही हैं। 46वें दिन से कड़कती ठण्ड में भी संघर्षरत प्रदेश की हजारों आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को अनसुना कर रही हैं। आगामी दिनों में सरकार की तानाशाही के खिलाफ राज्य कन्वेंशन में आन्दोलन का बड़ा किया जाएगा।

### साइकिल चोरी कर भागते युवक को दबोचा



**तावडू।** शहर में एक मकान के बाहर खड़ी साइकिल को टेंपो में लादकर ले जाते बदमाश को साइकिल मालिक ने पकड़कर पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर-3 तावडू निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार उनकी साइकिल मकान के बाहर खड़ी थी। जब वह मकान से बाहर आया तो एक टेंपो चालक उनकी साइकिल को टेंपो में लादकर ले जा रहा था। इसी दौरान उसने अपने एक साथी की मदद से साइकिल पर सवार होकर टेंपो का पीछा करना शुरू कर दिया। सुरेश के मुताबिक आरोपी टेंपो चालक को उन्होंने शहर के सोहना बाईपास रोड पर पहुंच कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान तौफीक निवासी उटावड़ जिला पलवल बताई। उन्होंने आरोपी को टेंपो सहित पुलिस को सौंप दिया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुखराम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फरीदाबाद में शराब तस्कर गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर में अवैध शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश तथा डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र सिंह की टीम ने एक शराब तस्कर को 5 कट्टो में भरे अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सोनू है जो फरीदाबाद के गांव अनंगपुर का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस थाना सूरजकुंड एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी की गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी सोनू ठेकों से शराब लाकर अपने घर में इकट्ठी करता है और उसके पश्चात उस शराब को अवैध रूप से महंगे दामों पर बेचने का काम करता है। यदि उसके घर पर रेड की जाए तो अवैध शराब को बरामद किया जा सकता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने डीसीपी क्राइम ऑफिस से सर्च वारंट लेकर आरोपी के घर पर रेड की तो वहां पर 5 कट्टों में भरे देशी शराब मोटो ऑरेंज के 750 हुए बरामद हुए। आरोपी से जब शराब बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लाया गया जहां उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूछताछ के दौरान सामने आया कि 26 जनवरी को शहर में शराबबंदी होती है इसलिए आरोपी इकट्ठी की गई अवैध शराब को 26 जनवरी के दिन महंगे दामों पर बेचकर अच्छे खासे पैसे कमाना चाहता था परंतु पुलिस ने उसे पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।


## पायनियर क्लासीफाइड

### सार्वजनिक सूचना

सूचना एतद्वारा दी जाती है कि मेरी क्लाइंट श्रीमती पूनम पत्नी इन्द्रजीत जो कि 100 वर्ग गज यानी 3 मरला जो की खेवट नं 107,खाता नं 108, खसरा नं 10/17/24(0-3) जिसकी भूमि है शाहपुर तुर्क सोनीपत में है जोकि असली आरिजनल कागजात नं गिफ्ट वाइड नं 624 दिनांक 25.05.1983 कहीं गुम हो गई है जिसकी एफ आई आर प्रोपर्टी रिपोर्ट अप्लीकेशन नं 132390612200028 पुलिस स्टेशन मुरथल सोनीपत में दर्ज है अब किसी भी व्यक्ति को इस केस से जुड़े क्लेम,ठीक, जिनका बिक्री बदला-बदला गिरवी करता समान पंजीकृत अन्यथा गिफ्ट ट्रस्ट विरासत परिवार प्रबंधन रखरखाव वसीयत पार्टनरशिप कव्वाली जो प्लीज टेंशन सुविधा के माध्यम द्वारा किसी भाग या अधोलिखित अनुसूची में विवरण इस विशेषता कथित संपत्ति के संबंध में या विरोध में कोई दावा हो तो 15 दिन के अंदर अंदर निम्मीन में विवरण उक्त पते पर समर्पित दस्तावेजी प्रमाण के साथ मुझे हमें लिखित में सूचित करने के लिए एतद् द्वारा निवेदन किया जाता है अन्यथा जो कि ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के दावा यादव यदि कोई है तो ऐसे ही कार्य छोड़ दिया जाएगा एवं मेरा क्लाइंट इस संबंध में गिरवी का निर्माण एवं ऋण की अदायगी के साथ बढ़ेगा ।

**जोगिंद्र कुहार एडवोकेट,**
**चैम्बर नं 79ए, जिला न्यायालय, सोनीपत,ओन भी हाफ ओफ इंडुसिंध बैंक लिमिटेड,एटलेस रोड़ सोनीपत**

### मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
**9050976800**
**9416103259**
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## मद्य निषेध

### प्रबंधन की समस्या

**बिहार** को मद्य निषेध के प्रबंधन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पटना उच्च न्यायालय ने हाल ही में आश्चर्य प्रकट किया था कि राज्य पुलिस और एक्साइज़ अधिकारियों की 'शराब स्मगलरों के साथ मिलीभगत' है। इस बीच दिल्ली के साथ अपनी अलग समस्यायें हैं। उसकी नई एक्साइज़ नीति सरकार की इस घोषणा पर मौन है जिसके चलते मदिरापान की आयु 25 साल से घटा कर 21 की गई थी। इसका कारण है कि नगरनिगम चुनाव होने वाले हैं और विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया था। मध्य प्रदेश में भी नई एक्साइज़ नीति बनी है जिसमें हवाईअड्डों और मॉल में शराब की बिक्री के साथ एक करोड़ या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों के लिए घर पर बार लाइसेंस देने की व्यवस्था है। फरवरी के बाद शराब इसलिए भी सुर्खियों में रहेगी क्योंकि पुलिस चुनाव वाले राज्यों में छापे मार कर मतदाताओं को आकर्षित करने वाली अवैध शराब पकड़ेगी। लेकिन यह संकट केवल अवैध शराब बिजनेस का नहीं है। इसका संबंध नैतिकता बनान राजस्व की दुविधा से है जिसने भारत में शराब की बिक्री पर हो रही बहस पर कब्जा कर लिया है। नैतिकता पर हमेशा पैसे की जीत हुई है। भारत दुनिया में अधिकतम शराब बनाने और उपभोग करने वाला देश है। लगभग 10 मिलियन खुदरा दूकानों तथा 5 लाख से अधिक पबों से बिकने वाली शराब से हर वर्ष 2.6 ट्रिलियन राजस्व प्राप्त होता है। राज्यों में मदिरा पर टैक्स की लगभग समान दरें हैं। लगभग 600 मिलियन भारतीय मदिरापान की आयु से ऊपर हैं। लगभग 50 मिलियन भारतीयों की आयु 18-45 साल है और मदिरा उद्योग उन पर निशाना लगा रहा है। तेज शहरीकरण और लाभदायक जनसंख्या संरचना से मदिरा उद्योग फल-फूल रहा है। निम्न और उच्च मध्य वर्ग की खरीद



क्षमता में वृद्धि इसमें सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। आधुनिक प्रवृत्तियों और बदलते सामाजिक मानकों ने मदिरा उपभोग को परिवार परिवेशों में भी स्वीकार्य बना दिया है। आज पहले की तुलना में अधिक महिलायें शराब पी रही हैं। मदिरा उद्योग प्रथम और दूसरी श्रेणी वाले शहरों को लक्षित कर रहा है जहां मांग सर्वाधिक है। अब लोगों की पसंद गुणवत्तापूर्ण मदिरा पर केन्द्रित हो रही है तथा प्रीमियम व आयातित मदिरा की मांग बढ़ रही है। युवा वयस्कों के लिए बियर और वाइन आवश्यक पदार्थ तथा पसंदीदा पेय बन रहे हैं। भारत की विडंबना है कि मदिरा का बिजनेस तथा नैतिकता की लहरें समान रूप से पुरानी पड़ रही हैं। संविधान ने सरकार को 'मद्यनिषेध लागू करने' की सलाह दी है, पर देश की अर्थव्यवस्था सरकार से कहती है कि वह इससे मुंह मोड़ ले। इस प्रकार गुजरात तथा हाल ही में बिहार को छोड़ कर मद्य निषेध अधिकांशतः कागजों के बजाय सोच में है। हमारी पार्टियों और नेताओं के मन में पैदा अविश्वास के कारण इस मामले पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पा रहा है और हम आश्चर्यजनक स्थितियों का शिकार बनते हैं। 18 वर्षीय कोई नौजवान धूम्रपान कर सकता है और वोट दे सकता है, पर वह 25 वर्ष की आयु तक मदिरापान नहीं कर सकता है। मद्यनिषेध के पहले की तुलना में आज बिहार के नशेड़ी को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है क्योंकि उसे शराब लेने के लिए राज्य की सीमा तक जाना पड़ता है। समस्या का समाधान मदिरा पर प्रतिबंध लगाने के बजाय जिम्मेदारी से मदिरापान है। लेकिन सवाल है कि लोगों के लिए इसका निर्णय कौन करेगा? क्या राज्यों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं में हस्तक्षेप का अधिकार है? क्या वे मदिरापान पर उस स्थिति में नैतिक नियंत्रण लगा सकते हैं, जबकि वे इस बिजनेस से मिलने वाले राजस्व पर अत्यधिक निर्भर हैं? क्या यह कहना उचित होगा कि हम समस्या से दूर भाग रहे हैं?

# पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

**चरणजीत चन्नी, भगवंत मान, सुखवीर बादल और कैप्टेन अमरिंदर सिंह के नाम आने के बाद अब लगभग निश्चित है कि पंजाब में अचानक कोई और मुख्यमंत्री नहीं बनेगा।**



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के वरिष्ठ स्थानीय संपादक हैं)



**आम** आदमी पार्टी-आप ने कामेडियन से राजनेता बने भगवंत मान को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पार्टी के भीतर और बाहर लंबे समय से व्याप्त सस्पेंस समाप्त हो गया है क्योंकि इस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पसंद मनवाने का प्रयास कर रहे थे और उनकी संख्या बढ़ती जा रही थी। जहां तक प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री चेहरे का सवाल है, अब तक कांग्रेस संकेत दे रही थी कि वह चरणजीत सिंह चन्नी को पसंद करेगी जिन्होंने लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह के बाहर जाने के बाद मुख्यमंत्री बनने पर अपने संक्षिप्त कार्यकाल में खास छाप छोड़ी है। इसके बाद पंजाब चुनावों में तीसरा गंभीर आयाम शिरोमणि अकाली दल का है जहां नेतृत्व पहले से विरासत पर आधारित है और यह पार्टी अध्यक्ष सुखवीर सिंह बादल के पास आ गया है। उनके पिता प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर अब उनकी आयु 90 साल से अधिक है। हालांकि, पिछले पांच साल में वे कभी-कभी सार्वजनिक रूप से सामने आते रहे हैं, पर निश्चित रूप से उन्होंने अपने बेटे के लिए रास्ता खोला है। सुखवीर बादल 2012-2017 तक पार्टी के शासनकाल में उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं जब उसका भाजपा के साथ गठबंधन था। इस बार शिरोमणि अकाली दल ने विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर भाजपा के साथ दो दशकों से भी लंबा गठबंधन तोड़ दिया है और बहुजन समाज पार्टी के साथ गठजोड़ किया है। गठबंधन के सत्ता में आने पर बसपा को उप मुख्यमंत्री पद का प्रस्ताव किया गया है।

यदि पंजाब लोक कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सत्ता में आता है तो निश्चित रूप से पटियाला राजपरिवार के अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे, हालांकि सीट साझा समझौते के कारण उनकी नई पार्टी को भाजपा से कम सीटें मिलेंगी। लेकिन इस गठबंधन ने जमीन पर ज्यादा प्रयास नहीं किए हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति कोई आकर्षण नहीं है।

शहरी क्षेत्रों में भाजपा के प्रभावक्षेत्र वाले कुछ स्थान हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे दो अंकों में पहुंचता हुआ नहीं देख रहे हैं। हालांकि, हाल में वाम, दक्षिण व मध्य से कुछ आक्रामक संकेत जरूर मिल रहे हैं, पर राजनीतिक विश्लेषकों ने इस गठबंधन को सत्ता का गंभीर दावेदार नहीं माना है। उनका कहना है कि पटियाला राजपरिवार का कांग्रेस से अलग होकर चुनावों में उतरना राजनीतिक पुनर्जीवन के गंभीर प्रयास के बजाय ज्यादातर एक 'सत्ता से वंचित राजा का अहंकार' है। वर्तमान समय में टेली-वोटिंग अभियान के बाद पार्टी में लोकप्रिय मान को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के पीछे आप की रणनीति जनता में सालों से उनके प्रति जारी आकर्षण का लाभ उठाना है। टेली-वोटिंग के लिए एक फोन नंबर का प्रचार करना तथा मतदाताओं से मिस्ड काल, एसएमएस व वाट्सएप से संपर्क करने के लिए कहने से पार्टी को मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में सहायता मिलती है। इसमें राजनीतिक ताजगी का एक आश्चर्यजनक तत्व भी शामिल है। यह अपने किस्म की पहली कार्रवाई थी और ऐसे अनोखेपन से पार्टी को मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने में सहायता मिलती है। याद करें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'चाय पर चर्चा' तथा 2017 के विधानसभा चुनाव में अमरिंदर सिंह के अभियान 'कैप्टेन के साथ काफी' ने दोनों नेताओं को शिखर पर पहुंचाने में सहायता की थी। निश्चित रूप से इन लोकप्रिय नारों के पीछे रहे प्रशांत किशोर आजकल जैसे अध्ययन अवकाश पर हैं और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की विजय के बाद वे किसी के लिए ऐसे नारे नहीं गढ़ रहे हैं।

'आप दा सीएम' टेली-वोटिंग कार्यक्रम में 21 लाख लोगों ने अपनी राय आप द्वारा 13 जनवरी को वोटिंग के लिए दिए नंबर पर प्रकट की जिनमें से 93.3 प्रतिशत ने भगवंत मान को पंजाब के मुख्यमंत्री की अपनी पसंद बताया। निश्चित रूप से लक्ष्य और वास्तविकता के बीच अनेक बाधायें होती हैं और यह नियम किसी अन्य क्षेत्र के बजाय राजनीति पर ज्यादा लागू होता है। अब यह निश्चित है कि पंजाब में मुख्यमंत्री पद का और कोई उम्मीदवार अचानक सामने नहीं आएगा, जबकि पहले लगभग सभी पार्टियों का यही विश्वास था। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में आप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और उसने विपक्षी नेता का पद अकाली दल से छीन लिया था। लेकिन उस समय उसने कोई मुख्यमंत्री चेहरा सामने नहीं रखा था और निश्चित रूप से वह यह गलती 2022 में नहीं दुहराना चाहता था। दूसरी ओर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, हालांकि उसने 2017 में चुनाव के थोडऋ पहले ही कैप्टेन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। चूंकि निर्वाचन आयोग के कोविड-19 दिशानिर्देश के कारण किसी सार्वजनिक प्रचार अभियान की अनुमति नहीं है और कोई बड़ी रैली नहीं की जा सकती है, इसलिए कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व यानी राहुल व प्रियंका गांधी को अब तक चन्नी या सिद्धू के साथ मंच पर आने का मौका नहीं मिला है जिससे कोई अनुमान लगाया जा सके।

लेकिन कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल से संकेत दिया है कि चन्नी उसके उम्मीदवार हो सकते हैं। उसने बालीवुड अभिनेता तथा दानदाता सोनू सूद के साथ एक वीडियो क्लिप का साझा किया है जिसमें वे जनता से ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते दिखते हैं जो सामान्य पृष्ठभूमि से आया हो। इस प्रकार उनका संकेत चन्नी की ओर है। वीडियो में निवर्तमान मुख्यमंत्री के विजुअल हैं जिससे इस अनुमान को बल मिला है कि आलाकमान ने एक प्रकार से उनके नाम को अनुमति दे दी है। समझा जाता है कि फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में खामी पर पैदा विवाद में चन्नी की तार्किक व भावनात्मक अपील ने उनकी स्थिति मजबूत की है। इसके साथ ही चन्नी ने सुनियोजित ढंग से अपनी 'आम आदमी' वाली छवि बनाई है और इस प्रकार वे आप के वोटों में सेंधमारी करना चाहते हैं।

लेकिन कांग्रेस आलाकमान अच्छी तरह जानता है कि पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू बिना कोई विरोध किए अपने सिवा मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में किसी अन्य का नाम स्वीकार नहीं करेंगे। इसीलिए शायद वह कोई आधिकारिक घोषणा न कर फिलहाल शांति बनाए रखना चाहता है। उचित समय आने तक सबको खुश रखने के लिए 'सामूहिक नेतृत्व' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन सिद्धू आलाकमान से मुख्यमंत्री का नाम घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि 'दूल्हे बिना बारात कैसी'। स्पष्ट रूप से वे चुनाव अभियान को विवाह के जुलूस जैसा समझ रहे हैं जिसमें दूल्हा मुख्यमंत्री उम्मीदवार की तरह है। लेकिन ऐसा लगता है कि सबको खुश रखने की सर्वोच्च नेतृत्व की मजबूरियों के चलते इस 'शादी के जुलूस' में कोई 'दूल्हा' नहीं होगा। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस बाकी सबको संकेत देना जारी रखेगी कि चन्नी उसकी पसंद हैं। आश्चर्यजनक रूप से आप के टेली-वोटिंग अभियान में सिद्धू को दूसरा सर्वाधिक पंसदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताया गया है और पार्टी उनको तीन प्रतिशत से अधिक वोट देती है। इस सवाल पर पंजाब में बहुत से लोगों की दो व्याख्यायें हैं। पहला, सिद्धू आप में चले जाएंगे और दूसरा, आप ने टेली-वोटिंग की ऐसी विधि अपनाई जिसमें सिद्धू भी तस्वीर में आ गए। लेकिन राजनीतिक अनुमानों के बावजूद पार्टी की नजरों में सिद्धू का चेहरा उसके अपने मुख्यमंत्री चेहरे मान के बाद आता है। यह स्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं व केन्द्रीय नेतृत्व में समान रूप से स्वीकार्य है। इस प्रकार विभिन्न टीमों के कप्तान के रूप में भगवंत मान, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखवीर सिंह बादल तथा अमरिंदर सिंह के नाम सामने हैं। चुनाव परिणाम इनमें विजेता का निर्धारण करेंगे।

# बजट में व्यापार संबंधों पर ध्यान जरूरी

> **वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**जब** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी तो उनके पास बातचीत करने के लिए एक कठिन संतुलन अधिनियम होगा। सबसे पहले, वह अपने पिछले साल के सपने बजट के खिलाफ होंगी, जिसे अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने सुधारवादी, साहसी और दूरदर्शी कहा था। यह तर्क दिया जा सकता है कि शोर-शराबे वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कोविड लहरों के घातक प्रभाव के दबाव और दबाव को देखते हुए, प्रस्तावित सुधारों में से कई बजट दस्तावेज़ में बने रहे। दूसरे, इस वर्ष का बजट उत्तर प्रदेश सहित महत्वपूर्ण राज्य चुनावों की पूर्व संध्या पर प्रस्तुत किया जाएगा, जो राज्य सभा की रूपरेखा तय करेगा, और इसलिए आने वाले महीनों में सुधारों को आगे बढ़ाने की सरकार की क्षमता। आरफॉर्मिस्ट नीति दस्तावेज जरूरी नहीं कि लोकलुभावन हो और इसलिए इसमें मतदाता अपील बहुत कम होती है। तीसरा, वह आबादी के एक बड़े हिस्से से बात करेंगी, जिनमें से कई ने महामारी के कारण अपनी आजीविका खो दी है, यहां तक कि वे ईंधन की कीमतों से प्रेरित मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं और जीवन रक्षक महामारी दवाओं पर खर्च बढ़ा रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि के खिलाफ विदेशी व्यापार संबंध, द्विपक्षीय या मुक्त व्यापार है, जिसे भारत ने निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया है, ताकि धन का प्रवाह बरकरार रहे। भारत वर्तमान में 16 मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहा है, जबकि व्यापारिक ब्लॉकों के साथ सात मौजूदा समझौतों का उन्नयन कर रहा है।

ब्रिटेन की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सचिव ऐनी मैरी ट्रेवेलियन कुछ दिनों पहले भारत




में थीं, जब भारत और यूके ने मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू करने की घोषणा की। अगले साल के मध्य तक पूरा करने का लक्ष्य है। भारत चाहता है कि दोनों देशों के बीच पेशेवरों की मुफ्त आवाजाही पर प्रतिबंध हटा दिया जाए, वीजा शुल्क में कमी हो, भारत के कृषि हितों की रक्षा के लिए रेलिंग हो और इसके टीकों, पूर्व-मिश्रित चाय और कॉफी, यार्न आदि के लिए बेहतर पहुंच हो। बदले में ब्रिटेन ब्रिटिश व्हिस्की और कारों पर भारत द्वारा लगाए गए कष्टदायी शुल्क को कम करना चाहता है। हालांकि, चाल इस तरह के व्यापार सौदों के लाभों को घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाताओं को बेचने में निहित है। बजट की दौड़ में, भारत ने कई वर्षों में पहली बार अपनी संरक्षणवादी छवि को त्याग दिया है और भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शक्तिशाली व्यापारिक ब्लॉकों के साथ जुड़ने को तैयार है। जब बाहरी आर्थिक संबंधों की बात आती है, तो भारत के लिए प्रतिस्पर्धा में बढ़त लाने के लिए एनडीए सरकार ने अब तक समान जीएसटी, दिवाला और दिवालियापन संहिता, श्रम संहिता आदि जैसे घरेलू सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया था।

हालांकि, अब वापस ले लिए गए कृषि क्षेत्र के सुधारों के संभावित लाभों पर सभी घटकों को एक साथ एकजुट करने में विफलता भविष्य के खतरे का संकेत है। यदि वित्त मंत्री को भविष्य के व्यापार समझौते के अनुकूल बजट का अनावरण करना है, तो उन्हें भारत में कई आयातित सामानों के लिए उच्च सीमा शुल्क और अन्य करों पर बंद दरवाजे खोलने होंगे। अधिकांश आयातित उत्पादों पर ये उच्च शुल्क या कर घरेलू उपभोक्ताओं पर एक बड़ा बोझ पैदा करते हैं या, वे कई बार कम गुणवत्ता वाले घरेलू रूप से निर्मित समान वस्तुओं के लिए समझौता करते हैं।

इसमें से अधिकांश स्थानीय निर्माताओं और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए किया जाता है। इन दरवाजों को खोलने के लिए कोई भी कदम, एक मजबूत अर्थव्यवस्था से कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मुफ्त आवाजाही की अनुमति देता है, लगभग शून्य इनपुट शुल्क और करों पर, जबकि साझेदार देश में समवर्ती लाभ होते हैं, निश्चित रूप से एक लोकलुभावन कदम है और एक पुशबैक का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, पिछले साल के बजट में घोषित और 300 करोड़ से कम मूल्य के सेंट्रा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निजीकरण का प्रयास एक कानूनी चुनौती में चला गया है और सरकार एक अनुकूल फैसले के लिए जोर देने में जल्दबाजी नहीं करती है।

इसलिए, वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।

## आप की बात

### सुरक्षित रेल यात्रा

**इस** वर्ष जनवरी महीने प0 बंगाल के जलपाईगुड़ी में शाम को बीकानेर गोहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर कर एक दूसरे डिब्बो पर चढ़ गए। इस दुर्घटना में 9यात्रियों की मौत और 40 यात्री घायल हो गए।काफी वर्षो से रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। रेल में दुर्घटनाओं का कारण रेल पटरियां व सम्बंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एल एच बी कोचों की संख्या की जरूरत है। भारतीय रेलवे को यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिये और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आधुनिक कोचों के लिये भारी धनराशि की व्यवस्था को करना होगा। जर्मनी में विकसित यह कोच एन्टी टेलीस्कोपी माना जाता है।जो टकराने पर मुड़ते नही है।ये कोच स्टेनलेस स्टील और इनके भीतर की डिजाइन एल्युमिनियम से बनाई जाती है। जो टिकाऊ और अधिक यात्रियों को ले जाने मे सक्षम है। जो परंपरागत कोचों से हल्के होते है। जलपाईगुड़ी में घटी दुर्घटना ने सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता को उजागर किया है। भारत देश मे मॉनव संसाधन की कमी नही है। पटरियों की देखभाल के लिये खलासियों, रेलपथ निरीक्षकों की नियुक्तियां रेल मंत्रालय को करना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### विचारणीय प्रश्न

**दुनिया** के सौ से ज्यादा अरबपति एक अपील लेकर सामने आए हैं। उनका कहना है कि उन पर जो टैक्स लगाया जा रहा है, वह काफी नहीं है। उनसे और ज्यादा टैक्स लिया जाए। इस अपील के पीछे कुछ ही दिनों पहले आई वह स्टडी रिपोर्ट है, जो बताती है कि दुनिया में अमीर और गरीब के बीच का अंतर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल चैरिटी ऑक्सफैम द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के दस सबसे अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति महामारी वाले उन दो वर्षों में दोगुना बढ़ाकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर कर ली, जब दुनिया के ज्यादातर लोग तरह-तरह की तकलीफों से गुजरते हुए गरीबी में और गहरे धंस गए। ऐसे में इन 102 अरबपतियों ने अपनी इस साझा अपील के जरिए यह बात उठाई है कि मौजूदा टैक्स सिस्टम न्यायपूर्ण नहीं है। इसे जानबूझकर ऐसा रखा गया है, जिससे अमीर और अमीर, गरीबी और गरीब होते जाएं। इसीलिए इस सिस्टम में बदलाव लाते हुए अमीरों पर और ज्यादा टैक्स लगाने की पहल की जानी चाहिए। सिर्फ टैक्स बढ़ा देना इस समस्या का समाधान नहीं है वही अमीर लोग जो अपील लेकर गए हैं ,खुद भी तो दान और सहायता के रूप में अपने हाथों से बड़ी धनराशि खर्च कर के गरीबों को राहत प्रदान कर सकते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### धारावाहिकों में बदलाव

**एक** वो समय था, जब शक्तिमान, हमलोग, चाण्क्य, साराभाई इत्यादि जैसे कार्यक्रम अपनी कहानियों द्वारा लोगों में? तालमेल तथा आत्मीयता बढ़ाने हेतु समाज को मनोरंजन के साथ नई सोच से रू-ब-रू कराने का कार्य किया करते थे और आज का यह समय है?, जब ऊल जलूल बातो के आधार पर कुछ धारावाहिक सिर्फ लोगों को भर्मित कर अपना लाभ देख रहे हैं। जहां रिस्तों में सामंजस्य बैठाकर मनोरंजन करना निर्माताओं का लक्ष्य हुआ करता था वह अब सिर्फ लड़ाई-झगड़े, रिस्तों में कड़वाहट दर्शाने तक ही सीमित रह गया है। आखिर क्या कारण है कि आज धारावाहिक मनोरंजन का मूल उद्देश्य भूल चुके हैं? शायद, टीआरपी की दौड़ में सबसे आगे निकलकर अपनी लोकप्रियता का डंका बजाना। कारण कुछ भी हो लेकिन ये साफ है की अब धारावाहिक निर्माता लोगो की ना सोचकर खुद के बारे में ज्यादा सोचने लगे हैं। आज जिस तरह से टीआरपी के लालच में मनोरंजन के नाम पर कुछ भी परोसा जा रहा है उस पर नकेल कसना जरूरी और अहम आवश्यकता है।

- **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**यदि** जांच हुई होती तो दुनिया को पता चलता कि जो बाटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी बताकर मारे गए थे उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

- **मौला ताकीर रज़ा खान**
इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल प्रमुख

**चार** साल तक अलग रहने के बाद मैं परिवार के साथ एकजुट होने हेतु कहमती समय बिताना और सामान्य जीवन में वापस लौटना चाहता हूं।

- **एडवर्ड लेंग**
हांगकांग एक्टिविस्ट





**अमेरिका** में 5-जी स्थिति से पार पाने के लिए भारत हमारे वाहकों के साथ निकट समन्वय से काम कर रहा है।

- **अरुण कुमार**
डीजीसीए प्रमुख

# अब एनडीसी की त्रुटियां नगर आयुक्त ही कर सकेंगे ठीक : विधायक सुधा

## विधायक सुभाष सुधा ने राजस्व और नगर परिषद विभाग की बैठक में कहा

### नगर आयुक्त कार्यालय में एनडीसी से सम्बन्धित त्रुटियों को सात दिनों में सुधारा जाएगा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र


सर्किट हाउस में अधिकारियों को संबोधित करते विधायक सुभाष सुधा।

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से जारी किए जाने वाले नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) की त्रुटियों को अब जिला नगर आयुक्त (डीएमसी)के स्तर पर ही ठीक किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए है। इससे पहले एनडीसी की त्रुटियों को ठीक करने का काम मुख्यालय स्तर पर किया जा रहा था। सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से लोगों को राहत मिलेगी। इतना ही नहीं जिला नगर आयुक्त कार्यालय में एनडीसी से सम्बन्धित रखी जाने वाली त्रुटियों को 7 दिनों के अंदर ठीक कर दिया जाएगा।

विधायक सुभाष सुधा सर्किट हाउस में राजस्व विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने एसडीएम एवं जिला नगर आयुक्त नरेन्द्र पाल मलिक, नगर परिषद ईओ बलबीर सिंह व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के साथ एनडीसी जारी करने, प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे, एनडीसी के आधार पर तहसीलदार द्वारा की जा रही रजिस्ट्री सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की ताकि लोगों को एनडीसी लेने और सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए।

विधायक ने सभी अधिकारियों से चर्चा करने तथा नगर निकाय विभाग के आला अधिकारियों से बातचीत करने के बाद कहा कि जिला नगर आयुक्त की तरफ से प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में जिन वैध कालोनियां को गलती से अवैध कालोनियां दिखाया गया है उन कालोनियों को ठीक करके वैध दिखाया जाएगा।

इसके लिए नगर परिषद की तरफ से अधिकारी और कर्मचारी जल्दी से सर्वे करके अपनी रिपोर्ट जिला नगर आयुक्त को सौंपेंगे ताकि प्रापर्टी सर्वे में डाटा को ठीक किया जा सके।



# डाडम के निर्माण मजदूरों ने फूंका श्रममंत्री का पुतला

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**भवन** निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर ब्लॉक कमेटी तोशाम द्वारा आगामी 28 व 29 जनवरी को संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के आह्वान पर हिसार श्रम मंत्री आवास पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारी पूरी हो गई हैं। इसको लेकर तोशाम क्षेत्र के गांव डाडम के परेशान निर्माण मजदूरों ने श्रम मंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान यूनियन ब्लॉक कमेटी के खंड सचिव सदीक पहुंचे।

इस मौके पर यूनियन के खंड सचिव सदीक ने इस उपस्थित निर्माण मजदूर-कारीगरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकडाउन के दौरान श्रम कानून को संशोधन के नाम पर तोड़कर 44 कानूनों को चार कोड में मर्ज कर दिया गया है जिससे मजदूरों को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मंहगाई व बेरोजगारी ताबड़तोड़ बढ़ रही है और मौद्रीकरण के नाम पर सार्वजनिक संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। वहीं हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार मजदूरों के श्रम कल्याण बोर्ड के 4500 करोड़ रुपये को मजदूरों पर खर्च करने की बजाए बोर्ड को ही खत्म करने की साजिश कर रही है। उन्होंने बताया कि यूनियन के पदाधिकारी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से दो बार वार्ता कर चुके हैं। राज्य श्रममंत्री रहते अनूप धाणक से भी पहले वे दो बार वार्ता कर चुके हैं।


## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता सेनानी परिजनों ने नेताजी को जयंती पर किया याद



**भिवानी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी सन् 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से सम्बोधित करते हैं।

### भावना ही तो है जो पत्थर में भगवान के करा देती है दर्शन



**सोनीपत।** गुड़ मंडी स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि विशोक सागर महाराज ने कहा कि वह श्रद्धा ही तो है जो एक पाषाण में प्रभु के दिव्य रूप का दर्शन कराती है। वह भावना ही तो है जो पत्थर में भगवान के दर्शन कर देती है। वह विश्वास ही तो है जो संत मुनियों की पूजा अर्चना करने की प्रेरणा देता है। संत मुनियों में दिव्यता और प्रसरता में भव्यता श्रद्धा ही तो देती है। वर्तमान में भव्यता को अनुभूति श्रद्धा की आंखों से ही तो कोई भक्त कर सकता है। जैन मुनि ने कहा, सूरदास जी के पास आंखें कहां थी फिर भी कहते हैं कि उन्हें प्रभु ने दर्शन दिए। दुनिया ने उन्हें सूरदास कहे पर मैं कहता हूं सूरदास तो तुम सब हो, क्योंकि तुम्हें सिवाय प्रभु के सब कुछ दिखाई देता है। सूरदास ने तो बंद आंखों से ही जो देखा वह तो खुली तुम खुली आंखों से भी नहीं देख पा रहे हो। सच्चाई तो यही है, परमात्मा की छवि को वहीं निहार सकता है जो दुनिया के लिए अंधा हो गया है। परमात्मा दुनिया से जा सकता है, लेकिन भक्तों के हृदय से नहीं जा सकता। ऋषभदेव और महावीर राम और कृष्ण दुनिया से कभी के चले गए होंगे, पर भक्तों के हृदय से कभी नहीं जा पाएंगे। भक्तों के हृदय में भगवान को सदैव बसकर रहना पड़ेगा। बाल ब्रह्मचारी पुष्पेंद्र शास्त्री ने कहा कि जीवन में जो महत्व स्वांस का है, समाज में वही महत्व विश्वास का है। विश्वास जीवन का स्वास है, विश्वास जीवन की आस है। विश्वास जीवन की प्यास है, दुनिया विश्वास पर टिकी है, जब तक विश्वास है, तब तक दुनिया है विश्वास उठा की दुनिया भी उठ जाएगी। लोग कहते हैं पृथ्वी शेषनाग पर टिकी है, लेकिन मैं कहता हूं कि दुनिया से शेषनाग पर नहीं टिकी है, अब तो तुम्हारे हमारे आपसी के विश्वास पर टिकी हुई है। संसार में विश्वास से चलता है धर्म श्रद्धा से चलता है और साइंस तर्क से चलता है। साइंस में श्रद्धा का कोई मूल्य नहीं है, श्रद्धा उसके लिए व्यर्थ है, फिजूल है, कचरा है। वहां तक सर्वोपरि है, धर्म में तर्क बाधा है, गतिरोध है, रोड़ा है, धर्म में तर्क की कोई गुंजाइश नहीं है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए काम करेगी सारथी फाउंडेशन


नीतू गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संगठन सारथी फाउंडेशन देश भर में महिला सशक्तिकरण पर काम करेगा। संगठन की अध्यक्ष नीतू गर्ग ने बताया कि कोविड महामारी प्रभाव सबसे ज्यादा महिलाओं के रोजगार पर पड़ा है। सबसे ज्यादा छंटनी महिला कर्मचारियों की गई है। इन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए संगठन उनके लिए अपने रोजगार चलाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगा। इस तरह के कार्यक्रम पूरे देश में चलाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। पढ़ी-लिखी युवतियों के लिए रोजगार मेला आयोजित करने की योजना भी है। जिसके लिए विभिन्न संस्थानों से बातचीत की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिन बच्चियों ने विद्यालय की फीस ना दे सकने के कारण अपनी शिक्षा बीच में छोड़ दी है। उनका विद्यालयों में दोबारा प्रवेश दिलवाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। इससे पहले संगठन द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के लिए शिविरों की व्यवस्था भी की गई है। बैठक में मीना चौधरी, रवि अग्रवाल, विकास शर्मा, पूजा गुप्ता, अतुल ग्रोवर आदि अनेक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

### पार्थ ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोसजी की जयंती पर 176वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन पार्थ ब्लड सेंटर, कुरुक्षेत्रा नर्सिंग होम में लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक रहेगा। शिविर में 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष की आयु तक का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। संस्था के सह सचिव टोनी रोहिल्ला ने बताया कि संस्था ने समाज सेवा में दिन रात एक किया हुआ है। संस्था के सभी पदाधिकारियों ने प्रण लिया हुआ है कि किसी भी जरूरतमंद मरीज की जान रक्त की कमी से नहीं जाने दी जाएगी।

# नाइट कर्फ्यू के दौरान न निकले घरों से बाहर: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।


उपायुक्त मुकुल कुमार

**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि सभी सम्बन्धित थाना प्रभारी, एसडीएम, कोविड-19 नोडल अधिकारी, नगर परिषद के अधिकारी बाजारों, साप्ताहिक हॉट, शॉपिंग सेंटर, खेल के मैदानों जैसे भीड़भाड़ वाले एवं सभी सार्वजनिक स्थलों पर कोविड नियमों का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित करेंगे। निरंतर इन स्थानों का निरीक्षण कर नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने बातचीत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए कोविड नियमों को कड़ाई से लागू करवाया जाए। बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए पुलिस विभाग किसी भी प्रकार की ढील ना बरते। प्रतिदिन सांय 6 बजे के बाद दुकानें बंद रखने, रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक रात्रि कर्फ्यू सम्बन्धित आदेशों की कड़ाई से पालना करवाई जाए। उन्होंने कहा कि क्लबों, बैंकेट हॉल, विवाह समारोह एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में पुलिस विभाग, कोविड-19 नोडल अधिकारी, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, नगर परिषद के अधिकारी इस बात पर नजर रखे की निर्धारित संख्या से ज्यादा लोग कार्यक्रमों में एकत्रित ना हो।

यदि किसी भी इन स्थलों पर नियमों की अवहेलना होती पाई जाती है तो सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बारिश भी आंगनबाड़ी वर्करों के हौंसले नहीं डिगा पाई

## छतरी लेकर धरनास्थल पर पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

### धरनास्थल पर नारेबाजी करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहुंचीं

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


बारिश के बीच छतरी लेकर धरने पर पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

**देर** रात से रुक-रुक हो रही बारिश भी आंगनबाड़ी वर्करों के हौंसले को रोक नहीं पाई। खराब मौसम के बावजूद सैकड़ों की संख्या में वर्कर संयुक्त कार्यालय पर पहुंची। उन्होंने कहा कि जहां हरियाणा सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ हमें संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं प्रकृति भी कहर ढा रही है, लेकिन हमारे हौंसले बुलंद हैं।

जब तक सरकार तालमेल कमेटी के साथ बातचीत कर 19 सूत्रीय मांग पत्र को लागू नहीं करती आंगनबाड़ी वर्करों का आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी वर्करों की हड़ताल लगातार जारी रही। रुक-रुक होकर रही बारिश के बीच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छतरी लेकर धरनास्थल पर पहुंचीं और धरने में शामिल होने से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाए।


धरने की अध्यक्षता गीता नागर एवं सुमन ने संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन सुनीता एवं बाला ने किया। उन्होंने वर्करों को आह्वान करते हुए कहा कि 24 जनवरी को अग्रसेन चौक हुड्डा पानी की टंकी पर जिला भर से हजारों आंगनबाड़ी की वर्कर्स, हेल्पर्स, कार्यकर्ता, सहायिका सुबह 11 बजे इकट्ठा होंगी। रोष प्रदर्शन करते हुए सांसद रमेश कौशिक के आवास की घेराबंदी की जाएगी। वहीं 25 जनवरी को जींद रोड स्थित गोहाना नेहरू पार्क में पूरे जिले की हजारों आंगनबाड़ी वर्कर्स इकट्ठा होंगी। वहां से गोहाना के विधायक जगबीर मलिक के आवास की घेराबंदी करेंगी।

जब तक आंदोलन जारी रहेगा जब तक बनाए गए झूठे मुकदमे वापस नहीं होते और सम्मानजनक समझौता नहीं होता। धरने को सम्बोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा, सचिव सुनीता, एआईयूटीयूसी के राज्य सचिव हरि प्रकाश, भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के लीगल सेल चेयरमैन ब्रह्म सिंह दहिया ने कहा कि हरियाणा सरकार जानबूझकर आंगनबाड़ी केंद्रों को बर्बाद करना चाहती है। नई शिक्षा नीति के नाम पर पांचवी तक के स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई जा रही है, पांचवी तक की शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाएगी और आंगनबाड़ी केंद्रों को एनजीओ के हवाले किया जा रहा है।

# मीरी पीरी अस्पताल: दूरबीन तकनीक से हुआ रीढ़ की हड्डी का सफल आपरेशन

### संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ संदीप इन्दर सिंह चीमा ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


दूरबीन तकनीक से मरीज की रीढ़ की हड्डी का किया सफल आपरेशन।

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्रीअमृतसर द्वारा संचालित मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज एण्ड रिसर्च (चैरिटेबल ट्रस्ट) में अब स्लिप डिस्क से ग्रसित रोगियों का दूरबीन तकनीक द्वारा सफल आपरेशन किए जा रहे हैं।

संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ संदीप इन्दर सिंह चीमा ने बताया कि शाहाबाद व नजदीकी में दूरबीन तकनीक सबसे पहले मीरी पीरी हस्पताल शाहाबाद में उपलब्ध हुई है। शाहाबाद के गांव सलपानी कलां निवासी शर्मचंद और गुरमेलो देवी ने बताया कि उनका पुत्र केवल कुमार पिछले करीब 6 महीने से कमर दर्द, दोनों पैरों में दर्द तथा सुन्नपन, झनझनाहट, चलने-फिरने में लड़खड़ाहट एवं पेशाब करने में तकलीफ आदि से पीड़ित था। जब हमने मीरी पीरी हस्पताल शाहाबाद में अपने पुत्र की एमआरआई करवाई तो वहां विशेष प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टर ने हमे स्पष्ट किया कि उनका पुत्र रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से में मांस का छल्ला बढ़ने की वजह से ग्रस्त है, जिसके कारण रक्त संचार नहीं हो पा रहा है और हमें डॉक्टर ने दूरबीन द्वारा आपरेशन करवाने की सलाह दी। शर्मचंद ने बताया कि हमारे पुत्र का सारा ईलाज आयुष्मान योजना के तहत फ्री हो गया है और हमारा पुत्र अब बिलकुल स्वस्थ है।

उधर पिछले करीब 1 साल से कमर दर्द, दोनों पैरों में दर्द तथा सुन्नपन, झनझनाहट और चलने-फिरने में नाकाम बीमारी से जूझ रही 55 साल की गांव सुदुपुर निवासी रमली देवी ने भी अपनी बीमारी को मात दी। रमली के पुत्र मोहन और सोहन ने बताया कि पहले उन्होंने अपनी मां का इलाज शहर के लोकल डॉक्टरों से करवाया।

# अग्रवाल वैश्य समाज की कार्यकारिणी का किया विस्तार

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन की विभिन्न इकाईयों का विस्तार करते हुए महिला, छात्र एवं सोशल मीडिया व आईटी सैल का गठन किया है।

ये जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश प्रवक्ता सुमित हिन्दुस्तानी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने महिला इकाई की कमान पुनः सुशीला सर्राफ फ्लेहाबाद को सौंपते हुए उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया है व उनके साथ वेणु अग्रवाल अम्बाला को महासचिव बनाया गया है। इसी क्रम में छात्र इकाई अग्रवाल वैश्य समाज स्टूडेंट आर्गेनाईजेशन की कमान दीपांशु बंसल पंचकूला को सौंपी गई है। आईटी एवं सोशल मीडिया की जिम्मेदारी पंकज कसेरा भिवानी को दी। राजेश सिंगला ने बताया कि ये सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से साक्षात्कार पश्चात उनकी संगठन के प्रति रूचि, अनुभव और भविष्य की कार्ययोजनाओं से सहमत होने के पश्चात की है।

# गाड़ी सवार दो युवक युवती को जबरदस्ती डालकर हुए फरार

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

### पिता का आरोप, आरोपियों ने जबरदस्ती शादी करने की बात कही

**तोशाम** क्षेत्र के गांव खानक में सड़क पर पक्षियों के लिए दाना डालने आई युवती को गाड़ी में सवार दो युवक जबरदस्ती युवती को गाड़ी में डालकर फरार हो गए। युवती के परिजनों ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी करीबन 20 वर्षीय पुत्री हिसार के गवर्नमेंट कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। जो कि अब कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लगने से युवती अपनी पढ़ाई घर पर ही रह कर फोन पर ऑनलाइन करती थी। गत 20 जनवरी को सुबह करीबन 10 बजे घर के सभी सदस्य घर पर अपने कामों में लगे हुए थे। युवती का पिता घर से कुछ ही दूरी पर खड़ा था। उसकी पुत्री घर से बाहर सड़क पर पक्षियों को दाना डालने के लिए गई तो एक सफेद रंग की गाड़ी सड़क पर आकर युवती के पास रुकी, जिसमें से दो नौजवान युवक खिड़की खोल कर उतरे और युवती को जबरदस्ती उस कार में खींच कर बैठा लिया।

युवती की आवाज सुनकर युवती का पिता छुड़ाने के लिए कार की तरफ दौड़ा दो आरोपी युवकों ने कार को तेज गति से चला कर मौके से फरार हो गए। युवती के पिता ने युवकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी युवक जाते-जाते धमकी देकर गए की वह उसकी लड़की से जबरदस्ती शादी करेंगे।

### ठंड व बारिश से भी नहीं टूटा बर्खास्त पीटीआई का हौसला

**भिवानी।** भाजपा सरकार ने अपनी हठधर्मिता के चलते 1983 परिवारों का भविष्य दांव पर लगा दिया है, जिसके विरोध में बर्खास्त पीटीआई लगभग दो वर्षों से धरनारत है, लेकिन प्रदेश सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर लोकतंत्र की हत्या करने में तुली हुई है। ये बातें लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई को संबोधित करते हुए अनिल तंवर ने कहीं।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
निवास एम -33, इनकम टैक्स कॉलोनी टोंक रोड दुर्गापुर, जयपुर (राजस्थान) पिन कोड 302018
मोबाइल नंबर-7878877419

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
रूप, रंग, आकार बदलेगा,
तुम बदलोगे तो संसार बदलेगा,
व्यवहार व्यापार की धुरी है,
तुम बदलोगे तो कारोबार बदलेगा।

# सुगंध के निर्माता एन. रंगा राव एंड संस को ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन मिला

### इस प्रमाणन को विश्व में 'गोल्ड-स्टैण्डर्ड इन एम्प्लॉयर ब्राण्ड रिकग्निशन' माना जाता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

### एन. रंगा राव एंड संस को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' ऑर्गेनाइजेशन के रूप में सर्टिफाई किया गया

**भारत** के सबसे बड़े प्रार्थना ब्राण्ड साइकल प्योर अगरबत्ती के निर्माता एन. रंगा राव एंड संस को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' ऑर्गेनाइजेशन के रूप में सर्टिफाई किया गया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाणन उच्च-प्रदर्शन वाली संस्कृति और उच्च-विश्वास का एक ऑर्गेनाइजेशन बनाने में एनआरआरएस की कोशिशों को सम्मानित करता है।

यह प्रमाणन लीडर्स को फीडबैक, रियल-टाइम रिपोर्टिंग और लोगों से जुड़े रणनीतिक फैसले करने के लिये जरूरी जानकारियों से सशक्त करने के लिये एक कर्मचारी सर्वे का परिणाम था। कंपनी का शोध दिखाता है कि अच्छे कार्यस्थलों की विशेषताओं में अच्छा नेतृत्व, कर्मचारियों का स्थायी अनुभव और स्थिर आर्थिक प्रदर्शन शामिल हैं। उनके लीडर्स 'ग्रेट प्लेस टू वर्क फॉर ऑल' बनाने और बनाये रखने तथा रोल मॉडल्स 'फॉर ऑल' लीडर्स बनाने के विचार में भरोसा रखते हैं। इस सम्मान पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए एनआर ग्रुप के चेयरमैन गुरू रंगा ने कहा, यह सम्मान पाकर मैं हमारे एनआर परिवार के हर सदस्य के प्रति विनम्र हूं। इससे हमें बीते कल से बेहतर बनना जारी रखने के लिये और अपने कर्मचारियों, साझीदारों तथा उपभोक्ताओं के जीवन को प्रभावित करने का हमारा सफर जारी रहेगा।

इस सर्टिफिकेशन के बारे में एन. रंगा राव के मैनेजिंग पार्टनर अर्जुन रंगा ने कहा, की उपलब्धि रातों-रात नहीं मिलती है और निश्चित रूप से यह अपने लोगों के सहयोग के बिना नहीं हो सकता। हमने अपने ऑर्गेनाइजेशन को अपने कर्मचारियों के लिये एक बेहतर जगह बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया है और मूल्यों तथा उद्देश्य पर चलने वाला ब्राण्ड बनाने के लिये सतर्कता से काम किया है। यह प्रमाणन सभी के लिये एक बेहतर भविष्य बनाने की आशा का किरण है।

# ईटी मनी लाया अपने ब्राण्ड की नई पहचान भारत के निवेश को बनाया पर्सनेलाइज्ड

### ईटी मनी जीनियस का किया लॉन्च-अपनी तरह की अनूठी मेंबरशिप सर्विस जो इंटेलीजेंट निवेश का पर्सनलाइज्ड अनुभव देगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे तेजी से विकसित होते निवेश एवं सम्पत्ति प्रबन्धन प्लेटफॉर्म्स में से एक ईटी मनी ने आज ईटी मनी जीनियस का लॉन्च किया है। अपनी तरह की अनूठी यह मेंबरशिप सर्विस निवेश के लिए पर्सनलाइज्ड इंटेलीजेंस का अनुभव प्रदान करेगी। यूजर्स को बेहद पर्सनलाइज्ड अनुभव प्रदान करने के लिए ईटी मनी ने अपने पूरे ऐप एवं ब्राण्ड की पहचान को भी नया रूप दिया है और साथ ही नया डिजाइन सिस्टम भी पेश किया है।

ब्राण्ड ने एक नए लोगों व्हील ऑफ वेल्थ का भी अनावरण किया, जो स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक है तथा पर्सनलाइज्ड दृष्टिकोण एवं आजादी की भावना प्रदान करता है, जो एक व्यक्ति को सम्पत्ति के साथ मिलती है और जिसके साथ वह अपनी पसंद के अनुसार जीवन जी सकता है।

लॉन्च के अवसर पर मुकेश कालरा, संस्थापक एवं सीईओ, ईटी मनी ने कहा, 'आज भारत में विभिन्न प्रकार के निवेश प्रोडक्ट्स की तरफ नए निवेशकों का झुकाव बढ़ रहा है। पहले सिर्फ भौतिक सम्पत्ति में निवेश करने वाले भारतीय लोग आज निवेश के नए विचारों की ओर रुख कर रहे हैं।

भारतीय निवेशक आज निवेश के नए प्रोडक्ट्स जैसे स्टॉक, म्युचुअल फंड, आईपीओ, एनएफओ, क्रिप्टो आदि को पसंद करने लगे हैं। किंतु निवेशक बनने के बजाए, वे सिर्फ खरीददार या निवेश उत्पादों के संग्राहक बनते जा रहे हैं। वे निवेश के प्रोडक्ट कुछ इस तरह खरीदते हैं जैसे शॉपिंग ऐप से रोजमर्रा के सामान की खरीददारी कर रहे हों। उद्योग जगत में पर्सनलाइजेशन की कमी इसका मुख्य कारण है, जहां प्लेयर्स एक अनुचित बिजनेस मॉडल के चलते सिर्फ लेनदेनों या निवेश के प्रवाह (इन्वेस्टमेन्ट इनफ्लो) को बढ़ाने पर ध्यान देते हैं। पर्सनलाइजेशन के अभाव में, हर व्यक्ति एक ही तरह का निवेश प्रोडक्ट खरीद लेता है, फिर चाहे निवेशक के रूप में उसका व्यक्तित्व, जोखिम का प्रोफाइल या जीवन के लक्ष्य कुछ भी हों। हम निवेश प्रोडक्ट्स खरीदने और इस्तेमाल करने के इस व्यवहार में बदलाव लाना चाहते हैं, ताकि निवेशक ईटी मनी की इंटेलीजेन्स से पावर्ड पर्सनलाइज्ड पोर्टफोलियो बना सकें। यह सर्विस सिर्फ मेंबर्स के लिए उपलब्ध होगी और इसे हमारी नई सर्विस ईटी मनी जीनियस के तहत पेश किया जाएगा।'

# राजपथ पर हरियाणा की उपलब्धियां बनेंगी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र

## खेलों में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से सजी होगी झांकी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।



गणतंत्र दिवस समारोह-2022 के दिन राजपथ पर चलने वाली झांकियों में हरियाणा राज्य की झांकी खेल के क्षेत्र में भारत के गौरव का प्रदर्शन करती दिखाई देगी। 'हरियाणा-खेलों में नंबर-वन' की थीम पर तैयार हरियाणा राज्य की झांकी पर सवार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की मौजूदगी इसे दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाएगी।

इससे पूर्व वर्ष 2017 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' थीम पर हरियाणा की झांकी का चयन किया गया था। सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह बड़े सौभाग्य और सम्मान की बात है कि देश के केवल 1.3 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और 2.09 प्रतिशत आबादी वाले हरियाणा राज्य ने पिछले कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, जिनमें प्रतिष्ठित ओलंपिक खेल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टोक्यो ओलंपिक-2020 में भारत को प्राप्त कुल 07 पदकों में से हरियाणा के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में एकमात्र स्वर्ण पदक सहित 04 पदक जीते।

प्रदेश सरकार ने टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों को 25.40 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी प्रकार टोक्यो पैरालंपिक-2020 में देश का मान बढ़ाने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को 28.15 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए।

प्रवक्ता ने बताया कि टोक्यो ओलंपिक और टोक्यो पैरालंपिक-2020 के अलावा, हरियाणा के खिलाड़ियों ने ओलंपिक-2012 में भारत द्वारा जीते गए कुल 06 पदकों में से 04 पदक और ओलंपिक-2016 में 02 पदकों में से 01 पदक जीता था। इसी प्रकार, एशियाई खेल-2018 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने देशभर के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए कुल 69 पदकों में से 17 पदक तथा एशियाई खेल-2012 में कुल 57 पदकों में से 21 पदक जीते थे।

खेल के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हरियाणा राज्य की झांकी के माध्यम से देश के सभी राज्यों व अन्य राष्ट्रों को न केवल हरियाणा की खेल प्रतिभाओं से नई प्रेरणा मिलेगी बल्कि वे इस छोटे से राज्य की बड़ी उपलब्धियों के साक्षी भी होंगे,जो सभी क्षेत्रों में विकास की लंबी दूरी पार कर चुका है।

प्रवक्ता ने बताया कि दो हिस्सों से बनी हरियाणा की झांकी के अगले हिस्से में घोड़े व शंख होंगे। घोड़ों से जुता रथ महाभारत युद्ध के 'विजय रथ' का प्रतीक है। यहां रखा शंख भगवान श्रीकृष्ण के शंख का प्रतीक है। झांकी के दूसरे हिस्से को चार भागों में बांटा गया है। इसके पहले भाग में ओलंपिक की तर्ज पर बने अखाड़े में दो पहलवान खिलाड़ी कुश्ती का डेमो देंगे।

# पहली बार 14 हजार 600 फीट की ऊंचाई तक पहुंचेगा राई स्कूल का नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।



मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई (सोनीपत) इन दिनों सुर्खियों में है। 2012 बैच के विद्यार्थी परीक्षित अहलावत ने स्कूल का नाम हिमाचल की ऊंची पहाडि़यों तक पहुंचाने का मन बना लिया है।

टूर एंड टूरिज्म में मास्टर्स कर चुके परीक्षित उत्तराखंड की पंगार चुल्ला पीक पर ट्रैकिंग के लिए जा रहे हैं। पर्वतारोही बन चुके परीक्षित ने अपने इस नये मिशन पर जाने से पहले स्कूल प्रिंसिपल एंड डायरेक्टर कर्नल अशोक मोर से मुलाकात की। इतना ही नहीं, परीक्षित अपने साथ स्कूल का झंडा लेकर गया है ताकि पंगार चुल्ला की चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ स्कूल की पताका भी फहरा सके। यह अपनी तरह की पहली उपलब्धि होगी, जो स्पोर्ट्स स्कूल के नाम होगी। कर्नल अशोक मोर ने परीक्षित अहलावत को उनकी कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उत्तराखंड में जिस पहाड़ी की चोटी को फतह करने के लिए परीक्षित रवाना हुए हैं, उसकी ऊंचाई 14 हजार 600 फीट है। वे इससे पहले भी कई बार पर्वतारोहण कर चुके हैं और कई ऊंची चोटियों पर तिरंगा लहरा कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### अभी तक नाप चुका चार चोटियां

परीक्षित अहलावत ने बेसिक ट्रेनिंग के बाद सबसे पहले अक्तूबर 2019 में रेनोक पीक पर तिरंगा लहराया। इसके बाद उन्होंने गुलमर्ग में स्नो स्कीइंग में सफलता के झंडे गाड़े। जनवरी-2021 में परीक्षित ने केदार कांथा ट्रैक में भाग लिया और पहाड़ी की चोटी को नापने में कामयाब रहे। नवंबर-2021 में उन्होंने 18 हजार 500 फीट ऊंची बीसी रॉय पीक को छूने में सफलता हासिल की।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्तरराज्यीय पुलिस की हुई समन्वय बैठक



राई रेस्ट हाउस में बैठक करते यूपी-हरियाणा के पुलिस अधिकारी।

**सोनीपत।** उतर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को मध्येनजर रखते हुए सोनीपत, पानीपत, करनाल व उतर प्रदेश के साथ लगती सीमाओं पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक मण्डल रोहतक सन्दीप खिरवार के नेतृत्व में एक समन्वय बैठक का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस राई में आयोजन किया गया। इस बैठक में उतर प्रदेश व सोनीपत, पानीपत तथा करनाल पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मेरठ राजीव सबरवाल ने उतर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2022 को मद्देनजर रखते हुए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, अवैध हथियार, अवैध शराब, मादक पदार्थ आदि की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये पहले से स्थापित अन्तराज्यीय नाकों पर और अधिक सतर्कता से काम करने बारे विचार विमर्श किया। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार के असमाजिक तत्वों द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध असला, शराब की तस्करी, अवैध खुर्दो पर पूर्णतया अंकुश लगाने व पीओ बेल जम्पर तथा जेल से जमानत पर बाहर आए व प्रत्येक थाने के हिस्ट्री सिटरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। आईजी रेंज करनाल व पुलिस अधीक्षक सोनीपत द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों से सूचना प्रेषित करने में तालमेल बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस दौरान आईजी करनाल रेंज श्ममता सिंह, आईजी मेरठ रेंज प्रवीन कुमार, सोनीपत पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक बागपत नीरज कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनीपत उपासना, सहायक पुलिस अधीक्षक पानीपत पूजा वशिष्ठ, सहायक पुलिस अधीक्षक सोनीपत दिप्ती गर्ग व उपपुलिस अधीक्षक सोनीपत सतीश गौतम उपस्थित रहे।

### दो कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत, 308 नए मामले आए

**कुरुक्षेत्र।** जिला में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को 54 विद्यार्थियों सहित 308 व्यक्तियों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और 69 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। जिला में कोविड पॉजिटिव 49 वर्षीय महिला व 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 1072 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 80 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए हैं, जिनमें से 10 मामले अभी तक सामने आ चुके हैं। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अभी तक लिए गए 651544 में से 625510 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 94.19 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट घटकर 3.80 पर पहुंच गया है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 1072 है। कुरुक्षेत्र में अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरटी पीसीआर और रैपिड एंटीजन के कुल 914 सैम्पल लिए गए है। जिनमें आरटी पीसीआर के 682 व रैपिड एंटीजन के 232 सैंपल शामिल है। अब तक 24680 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और अब तक 23445 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। अब तक कोरोना पॉजिटिव 363 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है और 1003 मरीजों को होम आइसोलेशन तथा 69 मरीजों को अस्पताल में रखा गया है।

### कुरुक्षेत्र में दिनभर जारी रही बूंदाबांदी

**कुरुक्षेत्र।** शनिवार को सुबह से ही बूंदाबांदी जारी रही। लोग सर्दी से बचने के लिए घरों में दुबक गए। जिस कारण बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। किसानों ने बारिश को गेहूं की फसल के लिए लाभकारी बताया है। शनिवार को दिन निकलते ही हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। जो शाम होते होते भारी बूंदाबांदी में बदल गई। ठंड से बचने के लिए बड़े बूढ़ों ने घर में रहने में ही भलाई समझी। तो बाजारों में दुकानदारों ने अपने-अपने संस्थान के सामने आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया। मौसम के बदलाव का असर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बड़े वहान ही चलते फिरते रहे। जबकि छोटे वाहन नहीं चले। किसान राम किशन, बारू राम, पाला आदि ने कहा कि यह बरसात गेहूं की फसल के लिए बहुत लाभकारी है।

# जिंदगी के कुछ पल जरूरतमंदों के लिए निकालना जरूरी

### ठिठुरती ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**भीषण** सर्दी के मौसम को देखते हुए आशाएं संस्था की ओर से असहायों को गर्म कम्बल वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षिका मनीषा आर्या ने कहा जिंदगी के कुछ पल जरूरतमंदों के लिए निकालना जरूरी है। जिससे उनके चेहरों पर खुशी आ सके। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। मनीषा ने कहा कि जो लोग ऐसा करते हैं, वे इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। मानव जीवन का यही सबसे बड़ा कर्तव्य है।

गीतू शर्मा व अक्षय ने कहा कि कुछ जरूरतमंद लोग ऐसे हैं। जो दिन-रात मेहनत मजदूरी करने के बाद भी दो वक्त की रोटी नहीं कमा पाते हैं, तो वे गर्म व ऊनी कपड़े कैसे खरीदेंगे। ऐसे में उनके पास ठंड में ठिठुरने के अलावा ओर कोई चारा नहीं रहता है।

इस कारण इस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए आशाएं संस्था द्वारा प्रतिदिन कम्बल का वितरण किया जा रहा है। जिससे किसी भी जरूरतमंद को ठंड से तकलीफ न हो और न ही उनका स्वास्थ्य खराब हो। इस मौके पर समाजसेवी वरुण आर्य ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना ही सच्ची मानव सेवा है।

# कोविड-19 कंट्रोल रूम से आमजन ले सकते हैं कोविड संबंधी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि ओमिक्रोन वेरिएंट के तेजी से बढ़ते फैलाव को देखते हुए एलएनजेपी अस्पताल में एक कोविड-19 कंट्रोल रुम की स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल का 01744-270262 दूरभाष नंबर को जारी किया गया है। यह नंबर सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे लगातार काम कर रहा है। इस दूरभाष नंबर पर जिले का कोई भी नागरिक कॉल करके कोविड से संबंधित जानकारी व सहायता ले सकता है।

इस कोविड-19 कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी मौजूद है और इस नंबर पर आने वाली कॉल को सुनकर और उनका समाधान कर रहे हैं। कोविड के ओमिक्रोन वेरिएंट के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह सेंटर शुरु किया गया है। जिला का कोई भी नागरिक इस नंबर पर कॉल करके कोविड से संबंधित किसी भी सूचना का आदान-प्रदान कर सकता है।

# कुरुक्षेत्र में जवानों और महिला पुलिस ने की परेड की रिहर्सल

## कल होगी फुल ड्रैस में फाइनल रिहर्सल

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर 26 जनवरी को पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करेंगे।

इन कार्यक्रमों की तैयारियों में प्रशासिनक अधिकारी लगे हुए है। पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में रिहर्सल के दौरान जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुरुष व महिला पुलिस के साथ होमगार्ड के जवानों द्वारा परेड की रिहर्सल की गई है। उपायुक्त मुकुल कुमार के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने परेड का जमकर अभ्यास किया। इन परेड कमांडर द्वारा परेड टीमों को मौके पर ही खामियों को दुरुस्त करने के दिशा-निर्देश भी दिए।



रिहर्सल करती महिला पुलिस।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को यादगार और धूम-धाम से मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। परेड सहित अन्य कार्यक्रमों की रिहर्सल शुरू कर दी गई है। 24 जनवरी को फुल ड्रैस में फाइनल रिहर्सल की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे है। इस वर्ष कोविड के नए ओमिक्रोन वेरिएंट के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कार्यक्रम को कोविड के नियमों की पालना करते हुए आयोजित किया जाएगा।

# सड़क की जमीन खोखली होने से मकानों की नींव धंसने का खतरा बढ़ा

### भाजपा नेता राजीव जैन ने पटेल नगर पहुंचकर किया मौका मुआयना

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



पटेन नगर में मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन।

**पटेल** नगर की गली नंबर-7 में सीवरेज लाइन में लीकेज के कारण सड़क नीचे से खोखली हो गई। आस-पास के घरों की दीवार धंसने का खतरा पैदा हो गया था। कई दिनों से परेशान कॉलोनी वासियों ने भाजपा नेता एवं पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को मौका दिखाकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई।

राजीव जैन ने नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता नवरत्न तथा कृष्ण दहिया को बुलाकर काम शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से पहले लोगों को राहत मिल सके। अधिकारियों ने सीवर मैन और जेसीबी मशीन बुलाकर सड़क उखाड़कर सीवरेज लाइन चेक करने का काम शुरू कर दिया। कॉलोनी वासियों ने साथ लगती बंदेपुर कॉलोनी की मुख्य सड़क पर ट्रैंच लैस तकनीक से पानी की लाइन डाली जा रही के कारण तीन माह से हो रही परेशानी से भी भाजपा नेता को अवगत करवाया। कॉलोनी वासियों का कहना था कि 20 फुट गहरे गड्ढे खोदकर छोड़ रखे हैं और उनमें भरे पानी से आसपास के मकानों की नींव में पानी घुसने से मकानों का नुकसान होने का डर बना हुआ है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि गड्ढे के चारों तरफ कोई सुरक्षात्मक प्रबंध भी नहीं है। इससे राहगीर के गड्ढे में गिरने की हर समय आशंका बनी रहती है। राजीव जैन ने एसडीओ सतीश कुमार को फोन करके काम जल्द से जल्द करवाने, गड्ढों से पानी निकालने के निर्देश दिए।

# बैटरी चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

**कुरुक्षेत्र।** जिला में पिछले कुछ दिनों से बैटरी चोर सक्रिय हो गए है। चोरी की आए दिन बढ़ रही घटनाओं को लेकर आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। अभी तीन दिन पूर्व ही गांव बारना में ग्रामीणों ने देर रात एक चोर को ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करते काबू कर पुलिस के हवाले किया था।

वहीं अब गत रात्रि सेक्टर-17 में डा. दिनेश चंद्र के अस्पताल के बाहर रखे जरनेटर से चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। यही नहीं चोरों ने अपना अस्पताल के बाहर रखे जनरेटर से भी बैटरी चोरी कर ली है। डा. दिनेश चंद्र व डा. विकास गोयल ने पुलिस को शिकायत देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है। उधर, बैटरियां चोरी होने से पुलिस भी हरकत है आ गई और इन चोर गिरोह की धरपकड़ के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। वहीं एक ही रात में हुई इन चारों वारदातों से अंदेशा जताया जा रहा है यहां कोई बड़ा चोर गिरोह सक्रिय है।

# स्कूलों को जल्द से जल्द खोले सरकार: प्रदीप कसान

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल।

### संजीव शर्मा ने कहा सरकार जल्द जारी करे 134-ए की क्षतिपूर्ति राशि

**प्राइवेट** स्कूल्ज वेलफेयर एसोसिएशन, जिला कैथल का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान प्रदीप कसान और चेयरमैन संजीव शर्मा के नेतृत्व में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व निसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर कुलभूषण शर्मा से स्कूलों की समस्याओं को लेकर अंबाला में स्थित निसा के ऑफिस में मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान स्कूलों की प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रदेशाध्यक्ष से सार्थक चर्चा की। जिसमें 1 साल की एक्सटेंशन का लेटर जारी करवाने बारे, बच्चों की पढाई को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को जल्द से जल्द खुलवाने, 134-ए की प्रतिपूर्ति राशि जारी करवाने, 9वीं से 12वीं की भी प्रतिपूर्ति राशि जारी करवाने के लिए और ग्रामीण व शहरी स्कूलों की 134-ए की समान प्रतिपूर्ति राशि जारी करवाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कॉर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के आधार पर बिना एसएलसी के विद्यार्थियों का दाखिला देने वाले सरकारी स्कूलों के मुखियाओं के विरुद्ध लीगल नोटिस भिजवाने आदि मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

134-ए की राशि ग्रामीण व शहरी स्कूलों में समान होने के संदर्भ में जिला प्रधान प्रदीप कसान और चेयरमैन संजीव शर्मा ने तर्क देते हुए कहा कि ग्रामीण स्कूलों में जमीन की शर्त शहरी स्कूलों से भी ज्यादा है। ग्रामीण कर्मचारियों पर सरकार द्वारा समान वेतन की शर्त लागू की गई है जो कि सरासर गलत है। इसीलिए सरकार को चाहिए कि 134-ए की प्रतिपूर्ति राशि ग्रामीण स्कूलों में भी शहरी स्कूलों के समान होनी चाहिए।

# पुलिस ने गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ छेड़ा 'क्लीन हरियाणा अभियान':अनिल विज

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।

### जुआ, सट्टा, अवैध शराब व ड्रग्स कारोबारियों पर कसेंगे नकेल

**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज ने हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सभी गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ 'क्लीन हरियाणा' अभियान चलाने का निर्देश है,जिसके तहत अब पुलिस जुआ, सट्टा, अवैध शराब व नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर नकेल डालने का काम करेगी।

विज ने कहा कि हरियाणा में अब अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने अपराधियों से दो टूक कहा कि गलत काम करना छौड़ दो या हरियाणा छोड़ दो। विज ने कहा कि क्लीन हरियाणा अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिदेशक मुख्यालय स्तर पर तीन या चार पुलिस की टीमों का गठन करेंगे और हरियाणा के हर गांव, हर पुलिस थाना के क्षेत्र में रेंडम जांच की जाएगी और जिस थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार व अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोग पाए जाएंगे, तो उस थाना क्षेत्र के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसके पश्चात पुलिस महानिदेशक रिपोर्ट तैयार करके उन्हें को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि यदि निर्देश देने के बावजूद भी जिस थाना क्षेत्र के एसएचओ, एसपी, सीपी के क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वाले लोग मिलेंगे तो उनका ही दायित्व होगा और उसके बाद गृहमंत्री अपने स्तर पर निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

गृहमंत्री विज ने कहा कि हार्डकोर क्रिमिनल जनता के बीच सॉफ्ट चेहरा लेकर सामने दिखाई देते हैं हमें ऐसे अपराधियों की पहचान करनी है।

# 'दहिया वर्सेज मलिक' के खिलाफ लामबंद हो रहे जाट

## फिल्म के रिलीज से पहले शुरू हुआ विवाद

### भाजपा अध्यक्ष धनखड़ ने गृहमंत्री से की कार्रवाई की मांग

### प्रबंधकों ने दिया नाम पर पुनर्विचार का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** के ज्वलंत मुद्दों पर फिल्में बनाने वाले स्टेज एप की नई फिल्म 'दहिया वर्सेज मलिक' रिलीज होने से पहले ही चर्चा में आ गई है। हरियाणा के कई जाट संगठनों व खाप नेताओं ने जहां इसके नाम पर आपत्ति जताई है वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस मामले में हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज से हस्तक्षेप की मांग की है।

स्टेज एप पहले भी हरियाणा के ज्वलंत मुद्दों पर फिल्में तथा वेबसीरीज बनाता रहा है। इस एप की फिल्म सेफ हाउस भी हरियाणा में समगौत्र विवाह करने वाले प्रेमी जोड़ों पर आधारित थी। फिल्म में हरियाणा की परंपरा के उलट गांव, गौत्र और गुहांड की शादी को दिखाया गया था। हरियाणा के पुलिस थानों में रहे रहे प्रेमी जोड़ों के जीवन को दिखाया गया था।

उस समय भी सेफ हाउस के मार्केट में आने से पहले काफी हंगामा हुआ था, लेकिन जब फिल्म आई तो उसमें ऐसा कुछ नहीं था केवल हरियाणा में हो वाली समगौत्र शादियों के बारे में दिखाया गया था। स्टेज एप द्वारा 28 जनवरी को 'दहिया वर्सेज मलिक' नामक फिल्म रीलीज की जा रही है।

इस फिल्म के नाम पर जाट समुदाय ने आपत्ति जता दी है। दहिया तथा मलिक खाप के कई नेता फिल्म के मार्केट में आने से पहले ही विरोध करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। हरियाणा के सोशल मीडिया ग्रुपों पर आज दिन भर यह फिल्म चर्चा का विषय रही। हालांकि इसका अधिकारिक ट्रेलर अभी नहीं आया है केवल पोस्टर ही रिलीज किया गया है। इसी से हंगामा हो रहा है।

किसी ने भी फिल्म नहीं देखी है। कहा यह जा रहा है कि इस फिल्म में दहिया व मलिक सरनेम के दो परिवारों की आपसी लड़ाई को दिखाया गया है। प्रदेश के कई संगठनों द्वारा आपत्ति दर्ज करवाए जाने के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि यह बहुत आपत्तिजनक शीर्षक है। इस फिल्म की कथा क्या है, मुझे नहीं मालूम। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने गृहमंत्री अनिल विज से इस शीर्षक का संज्ञान लेने का आग्रह किया है। किसी गोत्र व जाति को वर्सेज दिखाना भड़काऊ है।

धनखड़ ने कहा कि लोगों की भावनाओं को आहत करने वाली फिल्में समाज के लिए बेहतर नहीं है। हरियाणा में दिनभर चले विवाद के बाद स्टेज एप के प्रबंधकों द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करके कहा गया है कि वह इसके नाम पर दोबारा विचार करने के लिए तैयार हैं। किसी की भावनाएं आहत नहीं होंगी।

# आंगनबाड़ी यूनियन के नेताओं को बर्खास्त करना निंदनीय

**भिवानी।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू कर हड़ताल को समाप्त करवाने की बजाय विभाग ने हड़ताल को तोड़ने के लिए यूनियन नेताओं को बर्खास्त करना शुरू कर दिया। आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स यूनियन के करनाल में कार्यरत पांच नेताओं को बर्खास्त कर दिया है।

सर्व कर्मचारी हरियाणा सहित अनेक संगठन हड़ताल का नेतृत्व कर रहे नेताओं की बर्खास्तगी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हड़ताल के समर्थन में आ खड़े हुए हैं। उन्होंने इस बर्खास्तगी की कार्यवाही को सरकार की बौखलाहट बताया है। उधर बर्खास्तगी जैसी बड़ी कार्यवाही होने के बावजूद हड़ताल का आह्वान करने वाली तालमेल कमेटी ने 8 दिसम्बर से राज्य में चल रही हड़ताल को 25 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है।

## सुकवि-संवाद



**सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'**
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### सरफरोशी

सरफरोशी की रजा रूह में मौजूद रहे
बात अब तेरे मेरे तक ही न महदूद रहे
हमने सींची है लहू से ये जमीं की जन्नत
हम रहें या न रहें इसका बस वजूद रहे

# फ्यूचर रिटेल ने अमेजन से मांगा 3500 करोड़ रुपये का कर्ज

### कंपनी के मौजूदा कर्जदाताओं को पुनर्भुगतान में करेगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**एक** हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, फ्यूचर रिटेल के स्वतंत्र निदेशकों ने अमेजन से 3,500 करोड़ रुपये का कर्ज मांगा है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि कंपनी ने अमेजन से पुराने विवाद का जिक्र करते हुए कहा है कि क्योंकि आप छोटे आकार के स्टोर्स की सेल पर ऐतराज कर रहे हैं, तो पुष्टि करें कि यह राशि 29 जनवरी तक लंबी अवधि के लोन के तौर पर देने की इच्छा रखते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेजन से मिले लोन का इस्तेमाल एफएरएल कंपनी के मौजूदा कर्जदाताओं को पुनर्भुगतान में करेगी। स्वतंत्र निदेशकों की ओर से कहा गया है कि फ्यूचर रिटेल को पैसों की तत्काल प्रभाव से जरूरत है, जिससे वे अपने कर्जदाताओं को पुनर्भुगतान कर सके।

रिपोर्ट के अनुसार, यह लोन फ्यूचर रिटैल के मौजूदा कर्जदाताओं के मुताबिक और कानूनी तौर पर मंजूर स्ट्रक्चर के आधार पर होगा। गौरतलब है कि अगस्त 2019 में अमेजन ने फ्यूचर रिटेल की प्रमोटर इकाई फ्यूचर कूपन में करीब 1,500 करोड़ रुपये में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। अमेजन ने फ्यूचर के साथ यह भी करार किया था कि वह 3 से लेकर 10 साल के बीच सूचना डिटेल्स को भी खरीद सकती है।

लेकिन अगस्त 2020 में, फ्यूचर ग्रुप ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 3.4 अरब डॉलर एसेट-सेल डील कर लिया। 29 अगस्त 2020 को फ्यूचर ग्रुप ने रिलायंस के साथ अपने करार की घोषणा रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ उसका यह करार 24,713 करोड़ रुपये का है। यहीं से अमेजन और फ्यूचर रिटेल विवाद की शुरुआत हुई। बता दें अमेजन की ओर से फ्यूचर रिटेल को मदद की पेशकश भी की गई थी।

## ब्लैकमेल करने के आरोप में एक इंजीनियर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला की निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर उससे कथित तौर पर रुपए ऐंठने को लेकर एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी साहिल सचदेवा (32) के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला ने शाहदरा पुलिस थाने में यह शिकायत दर्ज कराई थी।

# रैलियां और सभाएं अभी अनलॉक नहीं

## केंद्रीय चुनाव आयोग ने कहा, पांच चुनावी राज्यों में रैलियों-सभाओं पर बैन जारी

### कोरोना के हालात की समीक्षा के बाद आयोग का फैसला

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय चुनाव आयोग की बैठक हुई। इसमें चुनावी रैलियों, जुलूस और रोड शो पर पाबंदियां जारी रखने पर सहमति बनी है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि बैन हफ्ते भर बढ़ा दिया गया है। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव समेत राज्यों के अधिकारी भी शामिल हुए। 8 जनवरी को पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक रैलियों और जनसभाओं पर रोक लगाई थी, जिसे बाद में 22 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। अब इसे एक बार फिर बढ़ाया गया है।

सूत्रों का कहना है कि आयोग ने प्रचार के दूसरे तरीकों में कुछ छूट दी है। इंडोर में मीटिंग के लिए 300 या हॉल की क्षमता के अनुसार 50 फीसद तक की मंजूरी है, लेकिन इसके लिए जिला चुनाव आयोग से पहले इस संबंध में मंजूरी लेना अनिवार्य होगा और कोरोना के नियमों का पालन करना भी जरूरी है। सिर्फ सोशल मीडिया पर कैम्पेन करने की इजाजत रहेगी।



### 8 जनवरी को हुआ था चुनावी तारीखों का ऐलान

चुनाव आयोग ने 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में चुनावों की तारीखों की घोषणा की थी। तब कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए 15 जनवरी तक रैलियों पर रोक लगाई गई थी। इस रोक को 22 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था।

### 10 फरवरी से शुरू होगी वोटिंग

उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में वोटिंग होगी, 10 फरवरी से 7 मार्च तक। उत्तराखंड और गोवा में एक साथ 14 फरवरी को वोटिंग होगी। पंजाब में 20 फरवरी को, वहीं मणिपुर, में 27 फरवरी और 3 मार्च को वोट पड़ेंगे। सब जगह नतीजे 10 मार्च को आएंगे।

बीते सात दिन में चुनावी राज्यों में कोरोना का ट्रेंड मिक्स्ड आया है। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में डेली केसेज में 266 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी कोरोना के मामलों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। मणिपुर में 15 जनवरी को 158 केस मिले थे, जो 21 जनवरी तक बढ़कर 578 हो गए, यानी इनमें 266 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। यहां 15 जनवरी को 1063 एक्टिव केस थे, जो 21 जनवरी तक बढ़कर 2860 हो गए। एक्टिव केस में 1797 (169 फीसद) की बढ़ोतरी देखी गई।

उत्तर प्रदेश में 15 जनवरी को 15743 केस आए थे, जो 21 जनवरी तक बढ़कर 16159 हो गए, यानी इनमें 2.64 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऐसे ही पंजाब में 15 जनवरी को 6813 केस दर्ज किए गए थे, जो 21 जनवरी को 7696 हो गए, यानी इनमें 12.9 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

ऐसे में बंदिशें कम करने के बजाय बढ़ाने की जरूरत है। पंजाब में एक्टिव केस में भी इजाफा हुआ है। यहां 15 जनवरी को 37546 सक्रिय केस थे। 21 जनवरी को केस बढ़कर 48183 हो गए। एक्टिव केस में 10,937 (28.3 फीसद) की बढ़ोतरी हुई है। राज्य में एक हफ्ते में कोरोना से 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं 51 हजार नए मरीज मिले। पंजाब में 25 फरवरी से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 20 फरवरी को मतदान होना है। वहीं गोवा में इन 7 दिनों में रोजाना केस कम हुए हैं। 15 जनवरी को 3274 मिले थे, जो 21 जनवरी तक घटकर 2668 रह गए। यहां केस में 18.5 फीसद की गिरावट देखी गई है। गोवा में 15 जनवरी को 20078 एक्टिव केस थे, जो 21 जनवरी को 21974 हो गए। इनमें 1896 (9.44 फीसद) की बढ़ोतरी हुई है।

उत्तराखंड में 15 जनवरी को 3848 केस दर्ज किए गए थे, जो 21 जनवरी को बढ़कर 4964 हो गए। यहां मामलों में 29 फीसद का इजाफा हुआ है। राज्य में 15 जनवरी को 14892 एक्टिव केस थे, जो 21 जनवरी को बढ़कर 26950 हो गए। इनमें 12058 (81 फीसद) हुई बढ़ोतरी हुई है।

# भाजपा से नहीं बनी बात जदयू ने जारी की सूची

**एजेंसी।** नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा-जदयू गठबंधन का प्रस्ताव आखिरकार ठंडे बस्ते में चला गया। भाजपा की ओर से जवाब नहीं मिलने के बाद जदयू ने अकेले चुनाव लड़ने का एलान करते हुए शनिवार को 26 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की। जदयू ने कहा कि पार्टी कम से कम 51 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी। एक संवाददाता सम्मेलन में जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह ने अफसोस जताया कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में अधिक ताकत के साथ और अधिक सीटों पर चुनाव लड़ती, यदि पार्टी ने इतने लंबे समय तक इंतजार नहीं किया होता। केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने शुरू में बताया था कि भाजपा गठबंधन के लिए राजी है।

उन्होंने बार-बार जिक्र किया कि आरसीपी सिंह को जदयू नेतृत्व ने भाजपा नेताओं से बात करने के लिए अधिकृत किया था। उनके अलावा कोई अन्य व्यक्ति इसका हिस्सा नहीं था। ललन सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी ने केंद्रीय मंत्री के कहने पर इतने लंबे समय तक इंतजार किया और अब वह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के फैसले के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी के सहयोगी अपना दल और निषाद पार्टी हैं, उन्होंने जदयू का कोई जिक्र नहीं किया था।



### भाजपा-जदयू गठबंधन का प्रस्ताव आखिरकार ठंडे बस्ते में चला गया

आरसीपी सिंह को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का करीबी माना जाता है जो जद (यू) के प्रमुख नेता है। लेकिन मोदी सरकार में जगह पाने वाले पार्टी के एकमात्र सदस्य बनने के बाद पार्टी में उनकी साख गिरने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पहले वह जदयू के अध्यक्ष थे और केंद्रीय मंत्री बनने के बाद ललन सिंह के लिए पद छोड़ा था। ललन सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने उत्तर प्रदेश प्रमुख अनूप पटेल को उम्मीदवारों के नाम और 51 से अधिक सीटों पर लड़ने के लिए अधिकृत किया है।

ललन सिंह द्वारा जारी उत्तर प्रदेश की सीटों की सूची में रोहनिया भी शामिल है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधित्व वाली वाराणसी लोकसभा सीट में आती है।

# चुनावी तोहफे का वादा करने वाली पार्टियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर याचिका

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### अनुचित तरीके से मतदाताओं का राजनीतिक समर्थन हासिल करने के लिए उठाए कदम

**उच्चतम** न्यायालय में एक याचिका दायर कर निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उन राजनीतिक दलों को अपंजीकृत कर दिया जाए या उनके चुनाव चिह्न जब्त कर लिए जाएं, जो चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक चुनावी तोहफे देने का वादा करते हैं या इन्हें बांटते हैं।

याचिका में कहा गया है कि अनुचित तरीके से मतदाताओं का राजनीतिक समर्थन हासिल करने के लिए उठाए जाने वाले इस तरह के लोकलुभावन कदमों पर पूरी तरह पाबंदी लगनी चाहिए, क्योंकि इससे संविधान का उल्लंघन होता है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग को तर्कसंगत निवारक उपाय करना चाहिए। याचिका के जरिए शीर्ष न्यायालय से यह घोषित करने का आग्रह किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक चुनावी तोहफे देने का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर प्रदान करने के नियम को बिगाड़ता है और चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता को दूषित करता है।

अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में एक विकल्प के रूप में न्यायालय से केंद्र को इस संबंध में एक कानून बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। अधिवक्ता अश्विनी दुबे के मार्फत दायर याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता का कहना है कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी तोहफे देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा है, बल्कि यह संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। याचिका में कहा गया है, यह अनैतिक परंपरा सत्ता में बने रहने के लिए मतदाताओं को सरकारी खजाने से रिश्वत देने की तरह है।

## गोवा विस चुनाव लड़ना शिवसेना-राकांपा के लिए आसान नहीं

**पणजी।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ सहयोगी दल, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने गोवा में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पहली बार गठबंधन किया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार इस तटीय राज्य (गोवा) में इन दोनों दलों के लिए सिर्फ अपने बूते सीटें जीतना कभी आसान नहीं रहा है। पूर्व के चुनावों में कई मौकों पर इन दोनों दलों के उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है कि गोवा में मिले वोटों की संख्या के मामले में शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने शिवसेना से बेहतर प्रदर्शन किया है।

शिवसेना 1989 से गोवा में चुनाव लड़ रही है, जबकि राकांपा 2002 से राज्य के चुनावी परिदृश्य में है। महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद शिवसेना ने सरकार बनाने के लिए राकांपा और कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया और इस गठबंधन को महाविकास अघाडी (एमवीए) नाम दिया गया। महाराष्ट्र में राकांपा और कांग्रेस से गठबंधन करने से पहले शिवसेना का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठजोड़ था। शिवसेना और राकांपा ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वे गोवा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए दोनों दल मिलकर 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

**गणतंत्र दिवस परेड 2022**


# इस बार 16 मार्चिंग दल, 17 सैन्य बैंड और 25 झांकियां होंगी

### भारतीय नौसेना का एक-एक मार्चिंग दल भी आरडीपी-2022 में भाग लेगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड में 16 मार्चिंग दल, 17 सैन्य बैंड और विभिन्न राज्यों, विभागों और सशस्त्र बलों की 25 झांकियां होंगी। इसमें कहा गया है कि गणतंत्र दिवस परेड-2022 में सेना का प्रतिनिधित्व घुड़सवार सेना की एक घुड़सवार कॉलम, 14 मैकेनाइज्ड कॉलम, छह मार्चिंग टुकड़ियों और अपने विमानन विंग के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों द्वारा एक फ्लाईपास्ट द्वारा किया जाएगा।

सेना के मैकेनाइज्ड कॉलम में एक पीटी-76 टैंक, एक सेंचुरियन टैंक, दो एमबीटी अर्जुन एमके-आई टैंक, एक एपीसी टोपस बख्तरबंद कार्मिक वाहक, एक बीएमपी-आई पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन और



दो बीएमपी-द्वितीय पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन दिखाई देंगे। एक 75/24 पैक हॉवित्जर, दो धनुष हॉवित्जर, एक पीएमएस पुल-बिछाने वाली प्रणाली, दो सर्वत्र पुल-बिछाने वाली प्रणाली, एक एचटी -16 इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, दो तरण शक्ति इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, एक टाइगर कैट मिसाइल प्रणाली और दो आकाश मिसाइल प्रणाली मैकेनाइज्ड कॉलम का भी हिस्सा होगा।

बयान के अनुसार, भारतीय सेना की छह मार्चिंग टुकड़ी राजपूत रेजिमेंट, असम रेजिमेंट, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, सिख लाइट इन्फैंट्री, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स रेजिमेंट और पैराशूट रेजिमेंट की होगी। भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना का एक-एक मार्चिंग दल भी आरडीपी-2022 में भाग लेगा। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों से, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक पुलिस बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पांच मार्चिंग दल परेड में भाग लेंगे।

# तकनीक को लेकर अमेरिका और चीन आए आमने-सामने

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, उन्होंने हमेशा एक एकीकृत वैश्विक बाजार और एक वैश्विक अर्थव्यवस्था की वकालत की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और चीन के बीच चल रहे प्रौद्योगिकी तनाव को खत्म करने की अपील की है। उन्होंने दोनों राष्ट्रों से इस मुद्दे पर बातचीत के लिए आगे आने को कहा है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के साथ अमेरिका के सालों पुराने प्रौद्योगिकी विवाद पर टिप्पणी करते हुए गुटेरेस ने कहा कि उन्होंने हमेशा एक एकीकृत वैश्विक बाजार और एक वैश्विक अर्थव्यवस्था की वकालत की है। लिहाजा वैश्विक बाजार और अर्थव्यवस्था के ध्रुवीकरण से बचने के लिए व्यापार और प्रौद्योगिकी पर अमेरिका और चीन को बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा हमें हर कीमत पर दुनिया को दो भागों में विभाजित करने से बचना चाहिए। वर्तमान समय में, कई मतभेद हैं, मैं अमेरिका और चीन दोनों के साथ, एक गंभीर बातचीत के महत्व की वकालत करता रहा हूं।

यह ट्रम्प प्रशासन के तहत शुरू हुआ लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस नीति को जारी रखा है। दोनों देशों के बीच व्यापार संघर्ष में पहले से ही प्रौद्योगिकी प्रतिबंध शामिल थे। मई 2019 में, इन प्रतिबंधों को लेकर विरोध तब तेज हुआ जब हुवावे और उसकी सहायक कंपनियों को यूएस एंटिटी लिस्ट में जोड़ा गया। इस सूची में



उन व्यक्तियों, संस्थानों और कंपनियों का विवरण दिया जाता है जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है।

अमेरिका के संघीय संचार आयोग ने अमेरिका के सुरक्षा संबंधी हितों को ध्यान में रखते हुए चीन की कंपनी हुआवे और जेटीई को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। साथ ही अमेरिकी प्रशासन ने चीनी टेक कंपनियों को उन्हें अपने सामान और सेवाओं के उत्पादन में अमेरिकी तकनीक का उपयोग करने से रोक लगा दिया और दोनों कंपनियों को बैन कर दिया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने भी व्यक्तिगत डेटा लीक होने के डर से अमेरिका में चीनी एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठाया था, और कई चीनी एप पर प्रतिबंध लगाए गए।

बाइडेन प्रशासन भी चीन की टेक कंपनियों पर जबरदस्त दबाव बनाए हुए है। कहा जाता है कि बाइडन प्रशासन ने अमेरिका के कुछ सहयोगी देशों को चीनी कंपनी हुवावे का 5 जी नेटवर्क खरीदने से रोकने के लिए मजबूर किया है। प्रोद्योगिकी को लेकर तनाव एक व्यापार विवाद के रूप में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही 5जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर्स जैसी प्रमुख तकनीक को लेकर नेतृत्व की लड़ाई में बदल गया।

दरअसल अमेरिका, अनुसंधान, विकास और अविष्कार के अपने लंबे इतिहास के साथ, दशकों से वैश्विक तकनीक का नेता बना हुआ था, जिसे अब चीन चुनौती दे रहा है। अमेरिका हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में वह बहुत आगे है। फौजी ड्रोन, उपग्रह और सिस्टम अमेरिकी सेना को दुनिया में सबसे अधिक ताकतवर बनाते हैं। यही वजह है कि बाइडन चीन को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस बेरोजगारों के लिए पंजीकरण अभियान चलाएगी

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी भर्ती विधान (युवा घोषणा पत्र) जारी करने के बाद रविवार से बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण करने के साथ ही फेसबुक और ट्विटर पर पिछली सरकारों के साथ उनके अनुभवों को साझा करने के लिए स्पीक अप अभियान शुरू करेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एंड जनसंचार विभाग के अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस का भर्ती विधान उत्तर प्रदेश के सात करोड़ युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं का दस्तावेज है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर 20 लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी होगी, जिनमें आठ लाख सरकारी पद महिलाओं के लिए होंगे। सिद्दीकी ने बताया, रविवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस का सोशल मीडिया विभाग प्रदेशव्यापी स्पीक अप अभियान चलाएगा।

### नेताजी जयंती पर कोलकाता में ट्राम को रवाना किया गया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा ने शनिवार को यहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 जयंती के विषय पर आधारित एक ट्राम को झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि पश्चिम बंगाल की गणतंत्र दिवस झांकी को केंद्र से नामंजूर किए जाने का यह करारा जवाब है जिसकी विषयवस्तु भी यही थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पलटवार करते हुए कहा कि मित्रा के बयान से पता चलता है कि तृणमूल कांग्रेस राज्य सरकार की हर परियोजना का राजनीतिक फायदा उठाना की कोशिश कर रही है। दक्षिण कोलकाता के गरियाहाट डिपो में पश्चिम बंगाल परिवहन निगम लिमिटेड के अध्यक्ष मित्रा ने एक ही डिब्बे के इस ट्राम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बालक नामक इस ट्राम में बोस पर पुस्तकें हैं,उनके पोस्टर एवं फोटो लगाए गए हैं। उसे तिरंगा से सजाया गया है।

### आकांक्षा सुपर-30 ने 94 प्रतिशत सफलता दर दर्ज हासिल की

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के आर्थिक रूप से पिछड़े और गरीब छात्रों को इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) रेलटेल की पहल आकांक्षा सुपर 30 ने पिछले पांच वर्ष में 94 प्रतिशत की सफलता दर हासिल की है। रेलटेल ने एक बयान में कहा कि 2016 और 2021 के बीच इस परियोजना ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और कई अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों से इंजीनियरिंग करने में 167 छात्रों की मदद की है। इसने कहा कि आकांक्षा सुपर 30 का वर्तमान सत्र 2021-22 संबंधित परियोजना का सातवां बैच है। इसने कहा, 2016 में परियोजना की शुरुआत से 2021 तक, इसकी समग्र सफलता दर 94 प्रतिशत रही है जो एक उत्कृष्ट उपलब्धि है।

### उम्मीदवार घोषित होने के बाद सिराथू पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य

**कौशांबी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद शनिवार को सिराथू पहुंचे और मां शीतला देवी मंदिर में मत्था टेककर चुनाव में विजय की प्रार्थना की। सिराथू नगर पंचायत स्थित आवास में पत्रकारों से बातचीत में मौर्य ने दावा किया कि इस बार भी भाजपा 300 से अधिक सीटें जीतकर फिर बहुमत की सरकार बनाएगी। मौर्य ने कहा कि 2017 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद बिना भेदभाव विकास कार्य हुआ। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश मामलों की कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें अपनी पार्टी के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं।

### मंत्री ने कोविड-19 जांच प्रयोगशाला का मुआयना किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने दुर्गम क्षेत्रों में जाकर कोविड-19 की जांच करने वाली परख नाम की एक प्रयोगशाला का यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के परिसर में मुआयाना किया। यह प्रयोगशाला एक वाहन में मौजूद है, जिसे संक्रमण का पता लगाने को लेकर नमूनों की जांच के लिए सुदूर स्थानों पर भेजा जा सकता है। आईआईटी मद्रास ने कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में महामारी का पता लगाने में उपयोगी है, जहां तत्काल जांच सुविधा उपलब्ध नहीं है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह वाहन दुर्गम क्षेत्रों में जा सकता है और वहां नमूने एकत्र कर सकता है तथा समय पर जांच कर सकता है।

### ओवैसी, कुशवाहा और मेश्राम ने बनाया भागीदारी परिवर्तन मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और जन अधिकार पार्टी के बाबू सिंह कुशवाहा ने बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कम्युनिटी इंप्लाई फेडरेशन के अध्यक्ष वामन मेश्राम के साथ मिलकर शनिवार को नया गठबंधन भागीदारी परिवर्तन मोर्चा बनाने का ऐलान किया। तीनों नेताओं ने शनिवार को यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में नए गठबंधन की घोषणा की और दावा किया कि भागीदारी परिवर्तन मोर्चा राज्य की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। भागीदारी परिवर्तन मोर्चा का संयोजक बाबू सिंह कुशवाहा को बनाया गया है। ओवैसी ने पत्रकारों से कहा कि उनके गठबंधन को बहुमत मिलने पर राज्य में दो मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे जिनमें एक दलित समुदाय से होगा जबकि दूसरा ओबीसी (पिछड़ी जाति) समुदाय से होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तीन उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे जिनमें एक मुस्लिम समुदाय से होगा।

### सांसद ने महाराणा प्रताप प्रतिमा का विरोध किया

**औरंगाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद इम्तियाज जलील ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में महाराणा प्रताप की एक प्रतिमा लगाए जाने का विरोध करते हुए कहा है कि इसके बजाय पैसा राजपूत शासक के नाम पर एक सैन्य स्कूल पर खर्च किया जाना चाहिए। औरंगाबाद नगर निगम ने यहां कनॉट इलाके में महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने का फैसला किया है। जलील ने जिला संरक्षक मंत्री सुभाष देसाई को लिखे पत्र में कहा कि महाराणा प्रताप का नाम उनकी वीरता के कारण इतिहास में अमर है। उन्होंने कहा कि लेकिन 90 लाख रुपए खर्च कर उनकी प्रतिमा लगाने से कुछ हासिल नहीं होगा और उन्हें असली श्रद्धांजलि उनके नाम पर एक सैनिक स्कूल स्थापित करना होगा, जहां ग्रामीण क्षेत्रों के युवा सैन्य प्रशिक्षण का लाभ उठा सकें। शिवसेना के स्थानीय नेता और विधान परिषद सदस्य अंबादास दानवे ने हालांकि, जलील के रुख की आलोचना की।

### चित्तूर से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी मथुरा में पटरी से उतरी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद स्थित दिल्ली-मथुरा रेल खंड पर शुक्रवार रात भूतेश्वर एवं वृन्दावन रोड स्टेशन के बीच मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद रेल यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। आगरा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) एसके श्रीवास्तव ने बताया, यह मालगाड़ी चित्तूर निंबा स्टेशन से सीमेंट से लदे डिब्बों के साथ मथुरा होते हुए गाजियाबाद जा रही थी। दुर्घटना रात करीब 11.30 बजे हुई। इस दुघर्टना से अप और डाउन लाइन सहित मथुरा से पलवल तक की तीसरी रेल लाइन भी बाधित हो गई है। उन्होंने बताया कि सीमेंट के डिब्बों को हटाने के लिए 300 से अधिक कर्मचारी युद्ध स्तर पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन के 15 डिब्बे उतरने से तीनों रेलवे लाइन बाधित हो गई जिसे जल्द से जल्द साफ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शाम तक यातायात बहाल होने की उम्मीद जताई। श्रीवास्तव ने बताया, दुर्घटना के कारण मुंबई से मथुरा होकर जाने वाली राजधानी, शताब्दी, साप्ताहिक ट्रेन, युवा स्पेशल सहित आदि 10 महत्वपूर्ण गाड़ियों का दिल्ली जाने के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में आया भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शुक्रवार देर रात 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।आपदा प्रबंधन निदेशक आमिर अली ने बताया कि भूकंप शुक्रवार देर रात दो बजकर 53 मिनट पर आया और इससे जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

# गौतमबुद्धनगर की तीनों सीटों पर 52 उम्मीदवार मैदान में

## नोएडा सीट के प्रत्याशी सबसे युवा, जेवर के सबसे उम्रदराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के गौतमबुद्धनगर में 3 विधानसभा सीट नोएडा, दादरी और जेवर हैं। तीनों सीटों पर 52 उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़े हुए हैं। हालांकि, अभी पर्चों की जांच चल रही है और नाम वापसी भी होनी है। मौजूदा उम्मीदवारों के हलफ नामे का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि सबसे ज्यादा युवा उम्मीदवार नोएडा विधानसभा सीट पर हैं। उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसत उम्र जेवर विधानसभा सीट पर है। अगर तीनों सीटों के उम्मीदवारों की औसत आयु देखें तो 44.4 वर्ष होती है। मतलब, गौतमबुद्ध नगर में युवा उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं।



सबसे पहले नोएडा विधानसभा सीट की बात करते हैं। पहले चरण में जिन 58 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव करवाया जा रहा है, वहां मथुरा के बाद सबसे ज्यादा 23 उम्मीदवार नोएडा सीट पर सामने आए हैं। इन सभी की औसत उम्र 40.4 साल है। अगर सबसे कम उम्र के उम्मीदवार की बात करें नोएडा सीट पर राष्ट्रीय जनता पार्टी के नितीश केवल 25 साल के हैं। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के रोहित 28 साल के हैं। भारतीय जन जागृति पार्टी के उम्मीदवार कुश कुमार श्रीवास्तव की उम्र 27 वर्ष, निर्दलीय उम्मीदवार यशु सिंह की उम्र भी 27 साल हैं। इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार पंखुड़ी पाठक 29 वर्ष की हैं। इस सीट पर 3 महिला उम्मीदवार हैं।

निर्दलीय प्रत्याशी अपर्णा शर्मा 41 वर्ष की हैं और पब्लिक पॉलीटिकल पार्टी की दीपमाला श्रीवास्तव 37 वर्ष की हैं। महिला उम्मीदवारों में पंखुड़ी पाठक सबसे कम उम्र की हैं। इस सीट पर सबसे उम्रदराज प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी के कृपाराम शर्मा हैं। उनकी उम्र 62 वर्ष है। इसके बाद अल.हिन्द पार्टी के डबलू सिंह चौधरी 57 साल के हैं। शिवसेना के राजकुमार 54 वर्ष के हैं। लिबरल पार्टी ऑफ इंडिया के ध्रुव अग्रवाल 53 साल के हैं और निर्दलीय प्रत्याशी संजय शर्मा 54 साल के हैं। मौजूदा विधायक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पंकज सिंह की उम्र 43 साल है। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुनील चौधरी भी 43 साल के हैं। सुनील चौधरी इससे पहले दो बार नोएडा सीट से विधानसभा चुनाव लड़कर हार चुके हैं। उन्हें समाजवादी पार्टी ने तीसरी बार मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पंकज अवाना केवल 27 साल के हैं। गौतमबुद्ध नगर की तीनों सीटों पर मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों में वह सबसे कम आयु वाले हैं।

दादरी विधानसभा सीट पर 16 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा उम्र के प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के मास्टर तेजपाल सिंह नागर हैं। उनकी उम्र 68 वर्ष है। आपको बता दें कि तेजपाल सिंह ना केवल दादरी बल्कि गौतमबुद्ध नगर में सभी उम्मीदवारों के बीच वह सबसे उम्रदराज हैं। दादरी विधानसभा सीट के लिए सबसे युवा उम्मीदवार शिवसेना के हेमंत शर्मा हैं। उनकी उम्र केवल 26 साल है। निर्दलीय अमित बसोया 33 साल के हैं। बहुजन आंदोलन पार्टी के विजय 34 साल के हैं। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार और किसान नेता मनवीर सिंह भाटी 42 साल के हैं। दादरी विधानसभा सीट से जुड़ी एक और खास बात यह है कि इस बार यहां से कोई महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं आई है। दादरी विधानसभा सीट के सभी 16 उम्मीदवारों की औसत उम्र 44.3 वर्ष है।

गौतमबुद्ध नगर जिले की तीसरी सीट जेवर विधानसभा सीट के लिए सबसे कम 13 उम्मीदवार मैदान में आए हैं। यहां उम्मीदवारों की औसत उम्र सबसे ज्यादा 48.5 वर्ष है। अगर प्रत्याशियों की उम्र व्यक्तिगत रूप से देखें तो सर्व समाज पार्टी की नीरू वालिया सबसे उम्रदराज हैं। वह 65 वर्ष की हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और मौजूदा विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह 55 साल के हैं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी अवतार सिंह भड़ाना की उम्र 64 वर्ष है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार पूनम 50 साल की हैं। इस सीट पर सबसे कम उम्र के उम्मीदवार सुनील गौतम हैं।

# प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर मांगे वोट, किया जीत का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। हिंडन विहार में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों ने अतुल गर्ग का गर्मजोशी से स्वागत किया और सेवानगर, हिंडन विहार क्षेत्र में सड़क निर्माण और विकास के लिए आभार व्यक्त कर भाजपा को वोट देने का संकल्प लिया।

अतुल गर्ग ने तुराब नगर के व्यापारियों से मिलकर वोट मांगे और बताया कि योगी सरकार में व्यापारी सुरक्षित हैं पिछली सरकारों में आये दिन व्यापारियों के साथ दुर्घटना होती रहती थी योगी सरकार में बदमाश या जेल में है या प्रदेश छोड़ गए हैं। अतुल गर्ग ने ठेला पटरी वालो से भी मुलाकात कर अपने पक्ष में वोट मांगे।

दूसरी ओर शनिवार को भाजपा विधायक व प्रत्याशी अजीत पाल त्यागी ने धर्मपत्नी पथीका त्यागी के साथ विधिवत हवन पूजन कर अपने



चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। इस मौके पर भाजपा विधायक व प्रत्याशी अजीत पाल त्यागी ने भाजपा समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों से चुनाव मैदान में उतरने की अपील की।

**विकास, सुशासन बनेगा जीत का आधार : सुनील**

जिले की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से भाजपा प्रत्याशी विधायक सुनील शर्मा का कहना कि ऐतिहासिक विकास कार्य, सुशासन और आस्थाओं का सम्मान उनकी जीत का कारण बनेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं।

# लर्निंग लाइसेंस के लिए अब 15 दिन का मिल रहा समय

● सात फरवरी तक उपलब्ध है टाइम स्लॉट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




लर्निंग लाइसेंस के आवेदकों के लिए राहत की खबर है। लर्निंग लाइसेंस के लिए दो महीने की प्रतीक्षा खत्म हो गई है। अब 15 दिन बाद का टाइम स्लॉट उपलब्ध है। ऐसे में अब लोग बिना लंबा इंतजार किए लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं।

कोरोना की पहली और दूसरी लहर में ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया बंद थी। करीब छह माह यह प्रक्रिया बंद रही थी। इस स्थिति में सरकार ने लोगों को राहत देते हुए सभी तरह के ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता तारीख बढ़ाकर 30 सितंबर 2021 कर दी थी। इनमें वे ड्राइविंग लाइसेंस शामिल किए गए थे, जिनकी वैधता एक फरवरी 2020 और उसके बाद खत्म हो रही थी। वैधता तारीख बीतने के बाद बड़ी संख्या में आवेदनों के कारण लंबी प्रतीक्षा थी। एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस के लिए जहां पहले दो माह की प्रतीक्षा थी। वहीं अब सात फरवरी का टाइम स्लॉट उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि पहले की व्यवस्था में लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया में परिवहन विभाग कार्यालय पर जाना पड़ता था लेकिन नए नियम के तहत अब यह अनिवार्य नहीं है। आवेदक अपनी सुविधानुसार परिवहन विभाग कार्यालय में आकर या घर बैठे लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं। आवेदक ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होकर लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। लर्निंग लाइसेंस का प्रिंट आउट ऑनलाइन प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस में प्रतीक्षा बनी हुई है।

## धर्मेंद्र फिर बने ग्रेनो प्रेस क्लब के अध्यक्ष

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब का मतदान हो गया है। एक बार फिर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र चंदेल ग्रेटर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष बने है। धर्मेंद्र चंदेल 77 वोटों से जीते है। चुनाव में शनिवार को बंपर मतदान हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान करवाया गया है। बड़ी बात यह है कि 99 वोट डाले गए हैं। संस्था के मौजूदा अध्यक्ष धर्मेंद्र चंदेल का पैनल और नरेंद्र भाटी का पैनल चुनाव लड़ रहे थे। जिसमें नरेंद्र भाटी पैनल को हार का सामना करना पड़ा हैं। चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह, श्यामवीर चावड़ा और राजेश भाटी ने बताया कि 106 पत्रकार वोटर लिस्ट में शामिल थे। इनमें से 99 वोटरों ने मतदान किया है।

# टेंडर होने के बाद अधूरा पड़ा कार्य, लोग परेशान

## सुथियाना गांव में ड्रेनेज सिस्टम ठप होने से गलियों में भरा पानी

● कूड़ा निस्तारण सही तरीके से नहीं होने से नालियां हुईं जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सुथियाना गांव की गलियों में जलभराव के कारण निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियां कूड़े.कचरे से भरी हुई हैं। जिसकी वजह से गलियों में पानी भर जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राधिकरण ने नाली और रास्तों के निर्माण का टेंडर तो छोड़ दिया है लेकिन काम अधूरा पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि गांव की भीतरी गलियों का निर्माण करने के लिए टेंडर नहीं छोड़ा गया है। गांव वाले कूड़े कचरे का उचित प्रबंधन नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से ड्रेनेज सिस्टम ठप पड़ गया है।

गांव की भी भीतरी गलियों में जलभराव हो रहा है। इस समस्या का समाधान कूड़े का उचित निस्तारण है। जिसके लिए गांव वालों को जागरूक होकर कूड़ा.कचरा निर्धारित स्थान पर फेंकना होगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने करीब 6 महीने पहले सुथियाना गांव में आरसीसी रोड और ड्रेन बनाने का टेंडर जारी किया गया था। सुथियाना गांव में 1 करोड़ 40 लाख 89 हजार रुपए से विकास कार्य किया जाता, उस समय ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसरों के दावा किया था कि 2 महीनों के भीतर काम शुरू हो जाएगा, लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ है। अब आज पहले से भी ज्यादा बुरी हालत हैं। क्योंकि काम बहुत कम हुआ है, जिसके कारण लोगों की दिक्कतें और भी ज्यादा बढ़ गई है।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे प्रबुद्ध वर्ग से संवाद

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां साहिबाबाद व गाजियाबाद विधानसभा में आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। योगी इन कार्यक्रमों में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। उनका आधिकारिक कार्यक्रम शनिवार को जिला प्रशासन के पास पहुंच चुका है। जिसके बाद जिला प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी संगठन ने कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरु कर दी हैं।



# लुक्सर जेल में बंद विचाराधीन कैदी की उपचार के दौरान मौत

● चोरी मामले में दो साल से काट रहा था सजा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जनपद गौतमबुद्धनगर के लुक्सर कारागार में बंद एक विचाराधीन कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। लुक्सर जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र के देवला गांव का निवासी आलोक (27) चोरी के मामले में जेल में बंद था।

उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उसे गंभीर हालत में नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। सिंह ने बताया कि तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह दो वर्ष से जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

# नकली शैम्पू बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

● कारखाना मालिक समेत 4 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नामी कंपनियों के नाम से हेयर शैंपू बनाने वाले फैक्ट्री मालिक सहित 4 लोगों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपए कीमत के बने हुए नकली क्लीनिक प्लस और डव शैम्पू के नकली पाउच बरामद किए हैं।

थाना फेस-2 के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना फेस-2 पुलिस ने सेक्टर 80 में स्थित एक कंपनी पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कंपनी के मालिक सिद्धांत और वहां काम करने वाले मनीष, मोनू और योगेश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को वहां से भारी मात्रा मे बने हुए क्लिनिक प्लस और डव शैंपू बरामद हुआ हैं। पूछताछ में पता चला कि ये लोग विभिन्न नामी कंपनियों के नाम से नकली शैंपू बनाकर बाजार में बेचते हैं। मौके से भारी मात्रा में नकली शैंपू बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री, पैकिंग के रूप में उपयोग होने डब्बे, बोतल, स्टीकर और शैंपू बनाने में प्रयोग होने वाली मशीनरी आदि बरामद हुई है।

## पांचवीं मंजिल से गिरकर 90 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा फेस- 2 थाना क्षेत्र के भंगेल गांव में 90 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की घर की पांचवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

नोएडा फेस-2 थाना के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि भंगेल गांव में रहने वाली दया त्यागी (90 वर्ष) शुक्रवार रात को अपने घर की पांचवीं मंजिल से गिर गईं। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में उन्हें एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



शनिवार को साहिबाबाद क्षेत्र के प्रहलादगढ़ी स्थित आरडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में लगाए टीकाकरण शिविर में मौजूद अध्यापक और स्वास्थ्यकमी।

### स्कूल में लगाया कोविड टीकाकरण शिविर

**साहिबाबाद।** प्रहलाद गढ़ी स्थित आर डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कोरोना के बढ़ते मामलों को मद्देनजर शनिवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल में पढ़ने वाले 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों का टीकाकरण कराया गया है। आयोजन सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चला। टीकाकरण में स्कूल के अभिभावकों ने भी स्वेच्छा से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एक एनजीओ की टीम ने स्कूल के आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि स्कूल की तरफ से आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### सलाम नमस्ते ने मनाई ऑनलाइन वर्षगांठ

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते ने अपना वर्षगांठ मनाया। शनिवार को आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं एनजीओ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्षों की सफलता की कहानी एवं आने वाले नए कार्यक्रमों की जानकारी रेडियो के माध्यम से दी गई। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते सतत स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, स्थानीय समस्या, महिला सशक्तिकरण, लोक संस्कृति, भाषा, स्थानीय प्रतिभा, हुनर एवं समाज के पिछड़े एवं उपेक्षित वर्गों के लिए काम करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि सलाम नमस्ते आने वाले समय में सतत विकास के विविध आयामों को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक हितों के लिए काम करेगा। वहीं आज कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक आउटरीच टीम के गठन की चर्चा की गई।

### जांच में कार से 4.96 लाख रुपये बरामद

**नोएडा।** जनपद में विधानसभा चुनाव के लिये बनाई गई एक निगरानी टीम ने शुक्रवार को वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 4,96,000 रुपये बरामद किये। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि टीम ने एक स्टेडियम के पास एक कार को जांच के लिए रोका। कार चला रहे वरुण के पास से 4.96 लाख रुपये मिले। उन्होंने बताया कि कार चालक पैसे के बारे में कोई सही जानकारी नहीं दे पाया, जिसके बाद पैसे को जब्त कर लिया गया। टीम ने इससे पहले भी कई जगहों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की रकम बरामद की है।

### सात महिलाओं ने कराई नसबंदी

**हापुड़।** जनपद में शुक्रवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपना परिवार पूरा कर चुकीं सात महिलाओं ने नसबंदी कराकर परिवार नियोजन का स्थाई साधन अपनाया। सभी सात महिला नसबंदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हापुड़ पर हुईं। परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के रूप में 25 महिलाओं ने आईयूसीडी और 21 महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी (पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस) अपनाई। इसके अलावा जनपद में 25 महिलाओं ने गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा अपनाया। हापुड़ सीएचसी में ही सबसे ज्यादा आठ महिलाओं ने आईयूसीडी, पांच महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी और 7 ने गर्भनिरोधक इंजेक्शन पर भरोसा जताया।

## 26 किलोग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 26 किलोग्राम गांजा, शराब और एक देसी तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार रात एक गुप्त सूचना के आधार पर विजेंद्र सिंह और अशोक नामक युवकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, कारतूस तथा 26 किलोग्राम गांजा, गांजा तस्करी में प्रयोग होने वाला एक आटो- रिक्शा और करीब 200 पव्वा शराब बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के धंधे में संलिप्त थे। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में जारचा थाना की पुलिस ने एनटीपीसी कार्यालय से लोहे की चोरी करने के आरोप में रोहित नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# होटल के कमरे में मिला लापता फैक्ट्री मालिक का शव

● कार, मोबाइल-नगदी गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले में नोएडा सेक्टर-113 पुलिस थाना क्षेत्र के सेक्टर 117 स्थित एक होटल से 48 वर्षीय फैक्टरी मालिक का शव मिला है और उसका कार, मोबाइल फोन नगदी आदि गायब है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि मृतक कारोबारी की पहचान उमेश कुमार के तौर पर की गई है और शुक्रवार को होटल के कमरे से उनका शव मिला था। सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के मुताबिक उमेश बृहस्पतिवार की रात से लापता थे और उन्होंने बृहस्पतिवार को ही नोएडा फेस-2 थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

अपर उपायुक्त ने बताया कि मृतक नोएडा सेक्टर 82 में रहता था और नोएडा फेस-2 थाना क्षेत्र में उसकी केमिकल बनाने की फैक्ट्री है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हृदयाघात बताई गई है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि उमेश दो युवतियों के साथ होटल आए थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि उमेश की मौत के बाद महिलाएं तथा उनके साथी मृतक का मोबाइल फोन, नकदी तथा एमजी हेक्टर कार आदि लेकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों ने इस मामले में अभी तक नोएडा सेक्टर-113 थाना में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

# जनवरी में 27 साल बाद सर्वाधिक बारिश



**नई दिल्ली।** ताजा पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार सुबह हुई बारिश ने दिल्ली-एनसीआर के मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया है। न्यूनतम और अधिकतम दोनों ही तरह के पारे में गिरावट के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। कोरोना के चलते जारी वीकेंड कर्फ्यू के कारण लोग घरों में ही रहे। ज्यादातर लोगों ने रजाई में दुबक टेलीविजन पर मनोरंजक व अपने मनपसंद कार्यक्रम देखे। न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से चार डिग्री अधिक है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का ताजा पूर्वानुमान है कि शनिवार की तरह रविवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दिन भी हल्की बारिश हो सकती है। 22 जनवरी तक 68 मिमी बारिश हो चुकी है, जो वर्ष 1995 के बाद से सर्वाधिक है। वर्ष 1995 में 69.8 मिमी बारिश हुई थी। इससे सर्दी का सितम बढ़ जाएगा। आवोहवा अब भी काफी प्रदूषित है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम 311 दर्ज किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर बादल छाये बादल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 26 जनवरी को राजपथ पर जब गणतंत्र दिवस समारोहों का आयोजन हो रहा होगा, उस वक्त आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे, लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह पूर्वानुमान किया है। 26 जनवरी को अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

## मकान की ब्रिकी को लेकर व्यक्ति ने की पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली।** साकेत इलाके में मकान की बिक्री को लेकर 57 वर्षीय शख्स ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक शशि लता पांडे (52) पहली मंजिल पर बने अपने फ्लैट के बेडरूम के भीतर फर्श पर पड़ी मिली थी। उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मेरी जयकर ने बताया कि उसके रिश्तेदार चंद्र मोहन पांडे ने खून से सने कपड़ों में दरवाजा खोला और उनकी गर्दन के बाएं तरफ गहरा कट था। चंद्र ने उसे पुलिस को फोन करने को कहा और कहा, सब खत्म हो गया।

डीसीपी ने बताया कि शख्स ने एंबुलेंस को फोन किया और इस बीच मृतका का बेटा भी ओखला से वहां पहुंचा क्योंकि उसे भी फोन आया था।

# सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को 30 तक टीका लगाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

टीकाकरण को लेकर दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने बाजी मार ली है। यहां करीब 85 फीसद छात्रों को टीके की खुराक दी जा चुकी और 30 जनवरी तक सभी किशोरों को वैक्सीन लगा दी जाएगी। निजी स्कूल इस मामले में बेहत धीमी रफ्तार से चल रहे है। इन स्कूलों में भी पचास प्रतिशत का आंकड़ा भी हासिल नहीं हुआ है।



राजधानी के के सरकारी स्कूलों में 15-18 आयु वर्ग के लगभग 85 फीसद बच्चों को 21 जनवरी तक वैक्सीन लगाई जा चुकी है। शिक्षा निदेशालय ने 30 जनवरी तक 100 फीसदी वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है जो पूरा होता दिख रहा है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि वैक्सीनेशन कोरोना से बचाव का सबसे कारगर उपाय है।

इसलिए यह बेहद जरुरी है कि जो भी स्टूडेंट्स वैक्सीनेशन के लिए एलिजिबल है, वे टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने साझा किया दिल्ली के 15 में से 12 एजुकेशन डिस्ट्रिक्ट के सरकारी स्कूलों में 85 फीसद बच्चों को टीके लग चुके हैं और लगभग 300 स्कूल ऐसे हैं, जहां 90 फीसद एलिजिबल बच्चों को टीका लग चुका है। डिप्टी सीएम ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर सरकारी स्कूलों में जिस गति से काम हो रहा है, वो वाकई में काबिले तारीफ़ है।कोरोना के इस मुश्किल हालात में हमारे शिक्षक बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके वैक्सीनेशन तक और बाकी अन्य कार्यों में भी मोर्चा संभाले नज़र आए हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में कछुए की चाल से वैक्सीनेशन

*प्राइवेट स्कूलों में कछुए की चाल से टीकाकरण हो रहा है। प्राइवेट स्कूलों में 21 जनवरी तक मात्र 42 फीसद स्टूडेंट्स का टीकाकरण हुआ है। पूर्वी जिले को छोड़ दें, तो बाकी सभी जिलों में प्राइवेट स्कूलों के टीकाकरण का कुल आंकड़ा 50 फीसद तक भी नहीं पहुंच पाया है।*


# हार्दिक को कप्तान के तौर पर अपनी क्षमता दिखाने को प्रेरित किया जाएगा : किर्स्टन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व कोच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) गैरी किर्स्टन का मानना कि हार्दिक पांड्या बड़े मंच पर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने के लिए तैयार हैं और एक युवा तथा नए कप्तान का होना, टीम के लिए फायदे की बात है।

भारत के इस हरफनमौला खिलाड़ी को सीवीसी के स्वामित्व वाली अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी ने 15 करोड़ रुपये में खरीदा है। उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया है। किर्स्टन ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम आईपीएल: सलेक्शन डे में कहा, एक युवा और नए

**इस हरफनमौला खिलाड़ी को सीवीसी के स्वामित्व वाली अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी ने 15 करोड़ रुपये में खरीदा है**





कप्तान के तौर पर मैं हार्दिक पंड्या के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि उन्हें योजना बनाने और एक कप्तान के तौर पर यह दिखाने के लिए प्रेरित किया जाएगा कि वह इस स्तर पर क्या करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, वह शानदार खिलाड़ी है। मैंने जो सुना है वह यह है कि वह वास्तव में टीम की योजना बनाने वाले समूह में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट के महत्व को समझते हैं। वह नेतृत्व के नजरिए फैसला करने वाले समूह का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। हमारी टीम में ऐसे कौशल वाले खिलाड़ी के होना रोमांचित करता है।

फ्रेंचाइजी ने अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान और युवा भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ भी करार किया है। किर्स्टन टीम में इन दोनों की मौजूदगी से खुश है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में उन दोनों के होने से उत्साहित हूं। वे दोनों बेहतर प्रदर्शन करने वाले हैं। गिल खासकर कमाल के खिलाड़ी है। मेरे विचार से वह भारत के लिए और अधिक खेलेंगे। उन्होंने कहा, राशिद खान ने पूरी दुनियाभर में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया है। मैंने अभी तक उसके साथ काम नहीं किया है लेकिन काम करने को लेकर रोमांचित हूं। आईपीएल की एक और नई फ्रेंचाइजी लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने बताया कि उनकी टीम ने भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल, स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस से इसलिए करार किया है क्योंकि ये तीनों एक से अधिक विभाग में योगदान दे सकते है।

### एक या दो सत्र के लिए नहीं हुआ टीम का गठन

**उन्होंने** कहा, हम सिर्फ एक या दो सत्र के लिए टीम का गठन नहीं कर रहे है, जैसा कि हमें पुणे के मामले में करना पड़ा था। हम ऐसी टीम का गठन करना चाहते है जो कई वर्षों तक प्रतिस्पर्धा करें। उन्होंने कहा, हम एक से अधिक क्षेत्रों में योगदान देने वाले खिलाड़ियों की तलाश कर रहे थे। केएल (राहुल) न केवल एक उत्कृष्ट बल्लेबाज है, वह एक शानदार विकेटकीपर भी है। मार्कस एक बेहतरीन फिनिशर (आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ), एक अच्छा गेंदबाज और एक शानदार फील्डर है। रवि स्पिन विभाग के लिए एक अनूठा आयाम लाते हैं और एक असाधारण क्षेत्ररक्षक हैं।

# क्लीन स्वीप से बचने के लिए भिन्न विकल्प आजमा सकता है भारत

**एजेंसी।** केपटाउन

**पहले** दो मैचों में हार के बाद अब क्लीन स्वीप से बचने की कवायद में लगी भारतीय टीम रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुछ बदलावों के साथ मैदान पर उतर सकती है।

पहले दोनों मैच में भारतीय टीम की रणनीति पूरी तरह विफल रही। बल्लेबाज बीच के ओवरों में बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे जबकि जसप्रीम बुमराह को छोड़कर बाकी भारतीय गेंदबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा उनकी गेंदबाजी क्लब स्तर की लगी। इन दोनों मैच भारतीय गेंदबाज केवल सात विकेट ले पाए। उन्होंने पहले मैच में चार और दूसरे मैच में तीन विकेट हासिल किए। रविचंद्रन अश्विन और विशेषकर भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाज किसी भी समय रासी वान डर डुसेन, जानेमन मलान और क्विंटन डिकॉक जैसे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश नहीं कर पाए।

पहले दो मैचों की असफलता के बाद सभी रणनीतिक चालों को चलने के लिए बेताब मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले मैच में आक्रमण को नयापन देने के लिए जयंत यादव और दीपक चाहर को आजमा सकते हैं। पहले दो मैच बोलैंड पार्क पर खेले गए जहां कम तेजी और उछाल मिलती है तथा कप्तान केएल राहुल तक ने स्वीकार किया कि यहां की परिस्थितियां काफी हद तक स्वदेश जैसी हैं। इसके बावजूद भारतीय खिलाड़ियों की नाकामी चिंता का विषय है। न्यूलैंड्स में हालांकि अधिक तेजी और उछाल होने की संभावना है लेकिन भारत टीम 0-3 से श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

कप्तान राहुल के लिए पहले टेस्ट में शतक को छोड़कर यह दौरा अब तक यादगार नहीं रहा है। उन्हें भले ही भविष्य का कप्तान माना जा रहा है लेकिन अभी तक उन्होंने अपने नेतृत्व कौशल से प्रभावित नहीं किया है। पहले दो मैचों में कप्तानी के अलावा बल्लेबाजी में भी राहुल ने निराश किया। वह स्ट्राइक रोटेट करने में असफल रहे जो कि वनडे में जरूरी माना जाता है। इससे बाद के बल्लेबाजों पर भी दबाव बढ़ा। रोहित शर्मा की वापसी पर राहुल को शीर्ष क्रम में अपना स्थान गंवाना पड़ सकता है क्योंकि शिखर धवन ने वापसी पर अच्छी फॉर्म दिखाई है। विराट कोहली ने पहले मैच में 51 रन बनाए लेकिन उन्हें वनडे कप्तानी से हटाया गया था और मैदान पर उनकी पहले जैसी ऊर्जा नजर नहीं आई। इसके अलावा दोनों अय्यर श्रेयस और वेंकटेश भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं जो कि भारत के लिए चिंता का विषय है।



**टीम इस प्रकार हैं :**

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, आर अश्विन , भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव और नवदीप सैनी।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), जुबैर हमजा, मार्को जेनसेन, जानेमन मलान, सिसांडा मगला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, वायने पर्नेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, तबरेज शम्सी, रासी वान डर डुसेन और काइल वेरेने।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे से शुरू होगा।**

# मेदवेदेव आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में हालेप भी आगे बढ़ी

**एजेंसी।** मेलबर्न



**नोवाक** जोकोविच को निर्वासित किए जाने के बाद खिताब के प्रबल दावेदार बने दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को यहां आसान जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि महिला एकल में दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप और दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका आगे बढ़ने में सफल रहे।

यूएस ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने तीसरे दौर में बोटिच वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ 6-4, 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। इससे दो दिन पहले उन्हें दूसरे दौर में निक किर्गियोस के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा था। आस्ट्रेलियाई किर्गियोस के खिलाफ मेदवेदेव को दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा था, लेकिन नीदरलैंड के खिलाड़ी वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ मैच में उन्हें ऐसी परिस्थितियों से नहीं जूझना पड़ा। मेदेवेदव अगले दौर में अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी से भिड़ेंगे जिन्होंने स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टोफ ओकोनेल को 2-6, 7-6, 6-3, 6-2 से हराया।

पुरुष वर्ग में ही यूनान के चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटसिपास ने फ्रांस के बेनोइट पियरे को चार सेट में 6-3, 7-5, 6-7, 6-4 से पराजित किया। सिटसिपास को अब अमेरिका के 20वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने स्पेन के 15वें वरीय राबर्टो बातिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मैच में 6-0, 3-6, 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगुर अलीसामी ने ब्रिटेन के डेनियल इवान्स को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल विंबलडन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका ने 31वीं वरीय मर्डेका वोंड्रोसोवा से पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके 4-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। हालेप ने डैंका कोविनिच को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित करके लगातार पांचवें साल आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। कोविनिच ने पिछले दौर में यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू को हराया था।

हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन और 2019 में विंबलडन का खिताब जीता था और 2018 में वह आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंची थी। इस 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का अगला मुकाबला एलाइज कॉर्नेट से होगा जिन्होंने 29वीं वरीय तमारा जिदानसेक को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर अपना 32वां जन्मदिन मनाया। पिछले दौर में तीसरी वरीय गरबाइन मुगुरुजा को हराने वाली कॉर्नेट पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में पहुंची है।

## संक्षिप्त समाचार

### रीयाल बेटिस ने ला लिगा में तीसरे स्थान पर स्थिति मजबूत की

**मैड्रिड।** रीयाल बेटिस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर दी। इस जीत से बेटिस चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है। एटलेटिको ने हालांकि उससे दो मैच कम खेले हैं। यही नहीं बेटिस और दूसरे स्थान की टीम सेविला के बीच अब केवल पांच अंक का अंतर रह गया है। वह शीर्ष पर काबिज रीयाल मैड्रिड से नौ अंक पीछे है। बेटिस ने पिछले पांच मैचों में 14 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ केवल तीन गोल हुए हैं। एस्पेनयोल ने रॉल डि थामस के गोल से शुरू में बढ़त हासिल की, लेकिन बेटिस ने बोर्जा इग्लेसियास के दो गोल तथा गुइडो रोड्रिग्ज और विलियम जोस के गोल से अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### लाहिड़ी दूसरे दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर

**ला क्विंटा (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने दूसरे दौर में बोगी किए बिना पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह अमेरिकन एक्सप्रेस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंच गए। लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला था। इस तरह से दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर आठ अंडर पर है। इस भारतीय गोल्फर ने हवादार परिस्थितियां होने के बावजूद पांचवें, सातवें, नौवें, 11वें और 13वें होल में बर्डी बनाई। इससे वह 20 स्थान आगे बढ़ने में सफल रहे। भारतीय मूल के अमेरिकी साहित्य थीगला ने दूसरे दौर में 10 अंडर 62 का स्कोर बनाया। पहले दिन उन्होंने इवन पार का स्कोर बनाया था। फेडएक्स कप चैंपियन पैट्रिक कैंटले ने पहले दौर में 10 अंडर 62 और दूसरे दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी।

### श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में

**बासेटेरे (सेंट कीट्स)।** श्रीलंका ने वेस्टइंडीज पर तीन विकेट से रोमांचक जीत और दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को 153 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप डी के मैच में दुनिथ वेलालागे ने तीन विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 250 रन ही बनाने दिए। इसके बाद सदिशा राजपक्षे (76), अंजला बंडोरा के 40 और रानुदा सोमरत्ना के नाबाद 40 रन की मदद से श्रीलंका ने 48.2 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्दी गंवा दिए जिसके बाद टैडी बिशप ने 45, केविन विकहैम ने 56, जोर्डन जॉनसन ने 47 और रिवाल्डो क्लार्क ने 45 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। टारूबा में खेले गए ग्रुप बी के मैच में कप्तान जार्ज वान हीर्डेन के शतक तथा डेवाल्ड ब्रेविस की एक और उपयोगी पारी से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड पर डकवर्थ लुईस पद्धति से आसान जीत दर्ज की। वान हीर्डेन ने 93 गेंदों पर तीन चौकों और आठ छक्कों की मदद से 111 रन बनाए जबकि ब्रेविस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 122 गेंदों पर 96 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 315 रन बनाए। आयरलैंड के सामने डकवर्थ लुईस पद्वित से 312 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 33 ओवर में 158 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

### विदित गुजराती ड्रॉ खेलकर टाटा स्टील मास्टर्स के शीर्ष पर


**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती और आर प्रगाननंदा ने यहां प्रतिष्ठित टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। गुजराती ने पोलैंड के यान क्रिज्सटॉफ डूडा के साथ बाजी ड्रॉ खेली। उनके छह दौर के बाद चार अंक हो गए हैं। प्रगाननंदा ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ अंक बांटे। उनके 2.5 अंक हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने रिचर्ड रैपोर्ट को हराया तथा वह गुजराती और शखरियार मामेदयारोव के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए हैं। गुजराती के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए डूडा ने सेमी टैरेस डिफेन्स अपनाया। पोलैंड के ग्रैंडमास्टर ने इसके बाद रणनीतिक चालें चली और भारतीय खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। दोनों खिलाड़ी आखिर में ड्रॉ पर सहमत हो गए। प्रगाननंदा ने शैंकलैंड के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए बाजी ड्रॉ करवाई।

# आईपीएल नीलामी में श्रेयस, चहल और वार्नन को शीर्ष ड्रॉ में रखे जाने की संभावना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्पिनर युजवेंद्र चहल के अलावा आस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अगले महीने होने वाली नीलामी में शीर्ष ड्रॉ में रखे जाने की संभावना है। इस नीलामी के लिए 1,200 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

श्रेयस और चहल के अलावा 10 टीमें सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर, पिछली बार सर्वाधिक विकेट लेने वाले हर्षल पटेल और अवेश खान तथा स्पिनर राहुल चाहर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे भारतीय खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगे। इन भारतीय खिलाड़ियों के लिए सात से 15 करोड़ रुपये तक की बोली लगाई जा सकती है जबकि विदेशी खिलाड़ियों में वार्नर और दक्षिण



अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, इंग्लैंड के मार्क वुड, आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और पैट कमिन्स तथा न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट पर मोटी बोली लग सकती है।

फाफ डुप्लेसिस और ड्वेन ब्रावो जैसे खिलाड़ियों में उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स फिर से दिलचस्पी दिखा सकती है। आईपीएल ने शनिवार को जारी बयान में कहा, कुल 1214 खिलाड़ियों (896 भारतीय और 318 विदेशी) ने आईपीएल 2022 की नीलामी के लिए पंजीकरण करवाया है। नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी। खिलाड़ियों की नीलामी से पहले विभिन्न टीम ने कुल 33 खिलाड़ियों को रिटेन किया है या चुना हे। मौजूदा आठ आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कुल 27 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स में महेंद्र सिंह धोनी, मुंबई इंडियन्स में रोहित शर्मा और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में विराट कोहली शामिल हैं। आईपीएल की दो नई टीमों ने छह खिलाड़ियों को चुना है जिनमें हार्दिक पंड्या को अहमदाबाद और केएल राहुल को लखनऊ फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया गया है।

जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है उनमें जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, केन विलियमसन, जोस बटलर, ग्लेन मैक्सवेल आदि भी शामिल हैं। इस बार भूटान के भी एक खिलाड़ी ने पंजीकरण कराया है जबकि अमेरिका के रिकार्ड 14 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। विदेशों से आस्ट्रेलिया के सर्वाधिक 59 और दक्षिण अफ्रीका के 48 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए अपना दावा पेश किया है। इसके अलावा वेस्टइंडीज (41), श्रीलंका (36), इंग्लैंड (30), न्यूजीलैंड (29) और अफगानिस्तान (20) कुछ अन्य देश हैं।

## डिकॉक ने मेरे लिए काम आसान किया : जानेमन मलान

**पार्ल।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान ने साथी सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान इस विकेटकीपर बल्लेबाज की आक्रामक पारी के कारण बीच के ओवरों में उनके लिए काम आसान बन गया था।

मलान ने 91 रन बनाए जबकि डिकॉक ने 78 रन की पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। मलान ने बाद में संवाददाताओं से कहा, क्विंटन ने शुरू में मेरे लिए काम आसान किया। मैंने उन्हें अधिक से अधिक स्ट्राइक देने की कोशिश की क्योंकि मैं चाहता था कि वह हावी होकर खेलें। उन्होंने कहा, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं और इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है।


**चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में**

# भारत की निगाहें गोल करने पर

**एजेंसी।** नवी मुंबई

**मेजबान** भारत को एएफसी महिला एशियाई कप के करो या मरो के ग्रुप मैच में चीनी ताइपे की टीम के खिलाफ रविवार को यहां अपनी फिनिशिंग में और अधिक प्रभावी होने की जरूरत होगी।

भारतीय महिला टीम को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में निचली रैंकिंग की ईरानी टीम ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था जबकि चीनी ताइपे को आठ बार की चैम्पियन चीन ने 4-0 से रौंदा था। फीफा विश्व कप प्लेऑफ स्थान दांव पर लगा है और भारतीय टीम अपने मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के वास्तविक लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रही है जिसके लिए उन्हें हर हाल में अगला मैच जीतना होगा क्योंकि घरेलू टीम को ग्रुप ए का अंतिम लीग मुकाबला मजबूत चीन के खिलाफ खेलना है। इस मैच में जीत भारत को लगभग 12 देशों के टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा देगी जो 1979 के बाद दूसरी बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।



**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

रिकॉर्ड के लिए बता दें कि शीर्ष टीमों के अलावा तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीमें भी क्वार्टरफाइन के लिए क्वालीफाई करेंगी। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सभी टीमें आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले 2023 फीफा विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेंगी। बचे हुए चार क्वार्टरफाइनल में से दो और टीमें विश्व कप के लिए सीधे जगह बनाएंगी, अगर आस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है जिसकी संभावना काफी अधिक है। इसका मतलब है कि क्वार्टरफाइनल में हारने के बावजूद टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं, अगर वे दो और चार फरवरी को एएफसी एशियाई कप के प्ले ऑफ मैच जीत लें। क्वार्टरफाइनल में हारने वाली दो टीमें अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेंगी। कोविड-19 महामारी के बावजूद भारतीय टीम को पिछले साल कई विदेशी दौरे और अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को मिले जिसमें पूर्व विश्व कप उप विजेता टीम ब्राजील के खिलाफ मुकाबले भी शामिल हैं। इससे टीम ईरान के खिलाफ अच्छी दिख रही थी और उन्होंने कई मौके भी बनाए।

रविवार को भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहला गोल दागने के लिए बेताब होंगी। चीनी ताइपे के खिलाफ मैच से पूर्व डेनेरबी ने कहा था कि उनकी टीम को अपने आक्रमण में कुछ बदलाव की जरूरत होगी। डेनेरबी ने कहा, हमें अपनी फिनिशिंग पर काम करना होगा और चीनी ताइपे के खिलाफ दूसरे मैच में इससे तीन अंक जुटाने होंगे। स्वीडन के 62 साल के डेनेरबी ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी रक्षात्मक पंक्ति मजबूत है और जब भी ईरान ने जवाबी हमले करने की कोशिश की तो हमने अच्छा रक्षण किया। हमारे आक्रमण में कुछ बदलाव के बाद हम अपने अगले प्रतिद्वंद्वी के लिए तैयार होंगे।

# इस पर चर्चा हुई थी कि मुझे मैच परिस्थितियों के अनुसार कैसे शॉट खेलने हैं : पंत

**एजेंसी।** पार्ल

**ऋषभ** पंत अपने विकेट की कीमत जानते हैं और इसलिए टीम प्रबंधन उन्हें विभिन्न मैचों के अलग-अलग चरणों में शॉट के चयन में अपने विवेक का उपयोग करने की सलाह देता है।

पंत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलने के लिए कड़ी आलोचना हुई थी और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा था कि टीम प्रबंधन ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के साथ इसको लेकर बात की है। केपटाउन में तीसरे टेस्ट में शतक और यहां दूसरे वनडे में अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर 85 रन बनाने वाले पंत ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमेशा सकारात्मक बातें होती हैं कि एक

**उन्होंने कहा, बल्लेबाजी के लिहाज से हम सही चल रहे हैं हम अपनी गलतियों से सीख रहे हैं**

खिलाड़ी के तौर पर मैं क्या कर सकता हूं। मेरे पास सभी स्ट्रोक हैं लेकिन मैं धैर्य के साथ और परिस्थितियों के अनुसार उन्हें कैसे खेल सकता हूं। इसलिए काफी चर्चा होती है।

उन्होंने कहा, और हम जो भी चर्चा करते हैं, उसके अनुसार अभ्यास करते हैं और फिर मैच में उसे लागू करने की कोशिश करते हैं। पंत को दूसरे वनडे में चौथे नंबर पर भेजा गया और वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्होंने कहा, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने का कारण यह था कि यदि बाएं हाथ के बल्लेबाज को मध्यक्रम में मौका मिलता है तो फिर दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज के संयोजन के साथ स्ट्राइक रोटेट करना आसान हो जाएगा, विशेषकर बीच के ओवरों में जब लेग स्पिनर या बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाजी करते हैं।



पंत ने कहा, इसलिए टीम प्रबंधन को लगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को बल्लेबाजी करनी चाहिए और इसलिए यह भूमिका मुझे सौंपी गई। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसके साथ ही कहा कि टीम लगातार सुधार के लिए अपनी गलतियों से सीख ले रही है। उन्होंने कहा, बल्लेबाजी के लिहाज से हम सही चल रहे हैं। हम अपनी गलतियों से सीख रहे हैं और हर दिन भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में हम अपने खेल को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। पंत ने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों केशव महाराज, एडेन मार्कराम और तबरेज शम्सी ने दोनों मैच में भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल से बेहतर गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उनकी (दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर) लाइन और लेंथ अच्छी थी और वे इन परिस्थितियों में खेलने के आदी हैं। पंत ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हम लगातार सुधार करना चाहते हैं और मुझे नहीं लगता कि भुवी भाई की फॉर्म को लेकर बहुत चिंता है। हम लंबे समय के बाद एकदिवसीय मैच खेल रहे हैं, इसलिए लय हासिल कर रहे हैं। निश्चित तौर पर श्रृंखला गंवाना निराशाजनक है लेकिन हम अपनी गलतियों से सीख भी रहे हैं।

### श्रृंखला में अब तक का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू रहा : पंत

**पंत** का मानना है कि शार्दुल ठाकुर की दोनों मैचों में बल्लेबाजी (नाबाद 50 और नाबाद 40 रन) टीम के लिए इस श्रृंखला में अब तक का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू रहा। उन्होंने कहा, एक और सकारात्मक पहलू शार्दुल का निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी करना है। इसके अलावा वेंकी (वेंकटेश अय्यर) ने जिस तरह से गेंदबाजी की। उसने एक या दो ओवरों में रन लुटाए लेकिन इससे यह लगता है कि वह इस स्तर पर गेंदबाजी कर सकता है। इसलिए कई सकारात्मक पहलू रहे।

# भारत के पूर्व फुटबॉलर सुभाष भौमिक का निधन



**कोलकाता।** भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर और मशहूर कोच सुभाष भौमिक का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।

पूर्व भारतीय मिडफील्डर भौमिक 1970 में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह लंबे समय से गुर्दे के रोग और मधुमेह से पीड़ित थे और उन्होंने सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, पुत्र और पुत्री है। उन्होंने कहा, वह पिछले लगभग साढ़े तीन महीने से नियमित रूप से डायलिसिस से गुजर रहे थे। करीब 23 साल पहले उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी। हाल में उन्हें छाती में संक्रमण के कारण इकबालपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भौमिक ने संन्यास लेने के बाद कोचिंग में अपना करियर आगे बढ़ाया। वह पहले मोहन बागान के साथ कोच के रूप में जुड़े और फिर ईस्ट बंगाल के सबसे सफल कोच बने। उनके कोच रहते हुए ईस्ट बंगाल ने 2003 में आसियान कप का खिताब जीता था।

भौमिक के मार्गदर्शन में ईस्ट बंगाल ने राष्ट्रीय लीग के खिताब जीते। इसके बाद वह जब तकनीकी निदेशक के रूप में चर्चिल ब्रदर्स से जुड़े तो उन्होंने यही सफलता इस टीम के साथ भी दोहराई। उन्हें कोलकाता मैदान का जोस मारिन्हो कहा जाता था।

पायनियर
रविवासरीय
साहित्य कसौटी
हरियाणा, रविवार, 23 जनवरी, 2022


# हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन का टूटता तिलिस्म



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

मंथन



हरियाणा में भाजपा–जजपा गठबंधन की सरकार को करीब सवा दो साल हो गए है। 2014 से 2019 तक अपने बलबूते पर सत्ता में आने वाली भाजपा ने प्रदेश का नेतृत्व आरएसएस पृष्ठभूमि के मनोहर लाल खट्टर को सौंपा था। 5 साल तक उन्होंने सरकार चलाई परंतु कोई विशेष छाप नहीं छोड़ पाये।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में 70 पार का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी को उस वक्त बहुत निराशा लगी, जब वो मात्र 40 सीटों पर सिमट गई और बहुमत के आंकड़े से दूर हो गई। यह चुनाव 5 साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में लड़ा गया था। इन चुनावों में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में भारी खींचतान के बीच चुनाव लड़ा था और उन्होंने अच्छी खासी 31 सीटें हासिल की। इनेलो को तो मात्र एक सीट ही मिल पाई थी। इस चौकोनीय मुकाबले में फंसा दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में दस सीटें जीतकर जननायक जनता पार्टी ने हरियाणा की सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त कर ली, तब से दोनों पार्टियां प्रदेश में विकास के बड़े–बड़े वायदे कर रहे है। कई फैसले जनहित में लिए भी गए है परंतु बावजूद इसके प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से खुश नहीं है। प्रदेश की इस मिली जुली सरकार में यूं तो सब बिरादरियों को हिस्सेदारी देने की बात कही जाती है परंतु जमीनी स्तर पर देखा जाए तो जाट बिरादरी पहले की तरह अब भी सत्ता सुख भोग रही है यानी सरकारी ठेकों, शराब के कारोबार, माईनिंग से लेकर हर वो बड़ा काम, जिसमें मोटी कमाई होती है, उसके कर्ता धर्ता यही लोग है।

पंजाबबी व अन्य गैरजाट बिरादरियों के चंद चाटुकार सरकार में पद हासिल करने में तो कामयाब हो गए है परंतु वो सत्ता का स्वाद अपने यारों–प्यारो को चखा रहे है यानी प्रदेशभर में कुछ हजार लोग ऐसे है, जिनकी इस संयुक्त सरकार में मौज कट रही है, जबकि आम जनता को कोरे वायदों से मूर्ख बनाया जा रहा है, जो जनहित की घोषणाएं सरकार ने की भी है, उनका पूरा लाभ लोगों को नहीं पहुंच पा रहा। बड़े–बड़े नौकरशाह जो मलाईदार सीटों पर काबिज है, आंकड़ों की बाजीगरी कर मुख्यमंत्री को खुश करने में लगे रहते है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर हर जगह चाटुकारों की फौज तैनात है, जो मुख्यमंत्री को वास्तविक स्थिति से अवगत ही नहीं कराते। जजपा–भाजपा गठबंधन के बाद प्रदेश में दो उपचुनाव हुए है, एक बरौदा का और दूसरा ऐलानाबाद का दोनों में ही भाजपा की करारी हार हुई है। जजपा ने यहां गठबंधन के तहत अपना उम्मीदवार ही नहीं उतारा था और भाजपा के उम्मीदवार को ही समर्थन दिया था परंतु दोनों ही विधानसभाओं में जाट मतदाताओं ने जजपा को वोट नहीं दिया। अभी हाल ही में जजपा ने अपने कोटे में से एक मंत्री और बनवा लिया यानी 10 विधायकों के बलबूते एक उपमुख्यमंत्री व दो मंत्रियों के पद इनके पास है, जबकि 90 विधायकों वाली विधानसभा में मात्र 15 प्रतिशत विधायक मंत्री बन सकते है। इस लिहाज से जजपा ज्यादा लाभ की स्थिति में है।

भाजपा की मजबूरी है कि उसे दुष्यंत चौटाला की सभी शर्तो को मानना पड़ रहा है, उन्हें एक दर्जन अति महत्वपूर्ण विभाग भी दिए गए है और जो विभाग उनके पाास है, सब जगह बंदरबांट दिखाई देती है। राजस्व विभाग की ही बात कर ले तो जबसे यह महकमा दुष्यंत के पास आया है, 1250 गज एग्रीकल्चर लैंड की रजिस्ट्रियां भी बंद कर दी गई है। अब एक एकड़ से कम रजिस्ट्री नहीं हो सकती, इसी प्रकार फ्लोर रजिस्ट्रियों को लेकर छोटे प्लाटों की रजिस्ट्रियों पर रोक लगा रखी है। पावर ऑफ अटार्नी पर भी कोई सेल परचेज नहीं कर सकता यानी पूरा विभाग मनमर्जी से चलाया जा रहा है, जिससे आम लोगों में रोष व्याप्त है। दूसरा बड़ा महकमा जो दुष्यंत के पास है वह है एक्साईज का है। यानी शराब कारोबार भी इसी के अधीन आता है। पूरे हरियाणा में ठेकों की बंदरबांट किस प्रकार से हुई है, किसी से छुपा नहीं है। शराब बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक सभी को साहब के दरवाजे पर माथा टेकना पड़ता है, ऐसे आरोप इस कारोबार से जुड़े व्यापारी अक्सर आम चर्चा में लगाते है परंतु सत्ता के खौफ के चलते कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं।

भाजपा के मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों के पास भी जो विभाग है, उनमें भी अनेक अनियमितताएं है, बिना लेन–देन के इन महकमों में भी आम लोगों के काम नहीं होते, सडक़ों, सीवरेज, स्मार्ट सिटी व अन्य विकास कार्यो के नाम पर जनता के खून पसीने की कमाई को जिम्मेदार अधिकारी जमकर उड़ा रहे है। इनका हिसाब किताब चैक करने वाला कोई नहीं है। यही कारण है कि मौजूदा सरकार से आम जनता का मोहभंग होता जा रहा है। अब तक प्रदेश में जो भाजपा को समर्थन मिला है वो प्रधानमंत्री मोदी की वजह से मिला है, जबकि स्थानीय भाजपा के पदाधिकारी मंत्री, चेयरमैन वगैरा वगैरा बिना किसी बड़ी काबलियत के सत्ता के मजे लूट रहे है व अपने घर भरने में लगे है। मौजूदा दौर में अगर हरियाणा में चुनाव हो जाये तो गठबंधन सरकार हाशिये पर पहुंच जाएगी और न चाहते हुए भी लोग कांग्रेस के साथ जाने को मजबूर है। जानकारों का कहना है कि अगर अभी भी गठबंधन सरकार ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो फिर इसके तिस्लिम को टूटने से कोई नहीं रोक सकता।

# हरियाणा के डेरों में नेताओं द्वारा हाजरी लगाने का क्रम जारी



**हरियाणा में अनेक संतों के डेरे है, कुछ ज्यादा प्रसिद्ध है, जहां हर चुनावी मौसम में अलग–अलग पार्टियों के नेता मथ्था टेकने पहुंचते हैं, ऐसा ही एक डेरा सच्चा सौदा सिरसा में संत राम रहीम का है। कुछ तो राम रहीम इस वक्त अनेक मामलों में रोहतक की सोनारिया जेल में सजा भुगत रहे है परंतु बावजूद इसके उनका डेरा न केवल पहले की तरह चल रहा है बल्कि वहां चुनावों में समर्थन मांगने के लिए नेताओं का विशेषकर उम्मीदवारों का आना जाना जारी है।**

**हरियाणा** में अनेक संतों के डेरे है, कुछ ज्यादा प्रसिद्ध है, जहां हर चुनावी मौसम में अलग–अलग पार्टियों के नेता मथ्था टेकने पहुंचते है और वहां से समर्थन का आर्शीवाद मांगते है, ऐसा ही एक डेरा सच्चा सौदा सिरसा में संत राम रहीम का है। कुछ तो राम रहीम इस वक्त अनेक मामलों में रोहतक की सोनारिया जेल में सजा भुगत रहे है परंतु बावजूद इसके उनका डेरा न केवल पहले की तरह चल रहा है बल्कि वहां चुनावों में समर्थन मांगने के लिए नेताओं का विशेषकर उम्मीदवारों का आना जाना जारी है। सिरसा जिला पंजाब और राजस्थान बार्डर से लगता हुआ है हरियाणा का आखिरी जिला है। इस वक्त पंजाब में चुनावी माहौल है इसलिए शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार वहां न केवल मथ्था टेकने आ रहे है बल्कि संत राम रहीम के गुणगान भी कर रहे है, कोई उन्हें समाजसेवा के लिए सबसे अच्छा कार्य करने वाला डेरा बता रहा है तो कोई लोगों को सफाई, रक्तदान व गरीबों की सेवा करने के लिए सबसे बड़ा संत बता रहा है। ऐसा नहीं है कि केवल अकाली उम्मीदवार वहां समर्थन मांगने पहुंच रहे है, अनेक कांग्रेसी नेता भी वहां अपनी हाजरी लगा रहे है। दरअसल डेरा प्रेमियों की बड़ी संख्या हरियाणा के अलावा पंजाब के जिला बठिंडा, फरीदकोट, मुक्तसर, फिरोजपुर व संगरूर सहित अनेक जिलों में है और ये बड़ा चुनावी वोटबैंक है, डेरे का राजनैतिक विंग जिस तरह ईशारा करता है, डेरा प्रेमी उसी पार्टी के उम्मीदवार को ही वोट डालते है। पंजाब में क्योंकि आजकल चुनावी हलचल है इसलिए पंजाब के नेता यहां ज्यादा आ रहे है। इसके अलावा राजस्थान का गंगानगर व हनुमानगढ़ जिला में भी बाबा रामरहीम के हजारों प्रेंमी रहते है, जब राजस्थान में चुनावी दौर आता है, तब यहां के उम्मीदवार भी बाबा के डेरे से समर्थन लेने आते है। हरियाणा की बात करे तो भाजपा के अनेक बड़े नेता डेरे में बाबा के चरणों में जाकर मथ्था टेक चुके है और कहा जाता है कि 2014 में भाजपा को डेरे का समर्थन भी मिला था परंतु बाद में सरकार ने बाबा को कुछ मामलों में कानूनी शिकंजे में जकड़ दिया और उनकी कोई मदद नहीं की, तब से डेरा प्रेमी भाजपा से नाराज है इसीलिए अब कांग्रेस के कुछ नेता डेरे में आने जाने लगे है ताकि बाबा के प्रेमियों का जो बड़ा वोट बैंक तीनों प्रदेशों में फैला हुआ है, उनका समर्थन हासिल किया जा सके। ऐसा नहीं है कि हरियाणा में एकमात्र यही डेरा है, प्रदेश में 5 दर्जन से ज्यादा प्रसिद्ध संतों के डेरे है, जिनके चेलों की संख्या लाखों में है और हर बार इन डेरों पर बड़े–बड़े नेता बाबाओं के यहां मथ्था टैकने आते रहते है और बदले में उन्हें राजनैतिक संरक्षण देने का भरोसा भी देते है। फरीदाबाद में भी कुछ डेरों पर नेताओं का आना जाना लगा रहता है, जिनमें केंद्र सरकार के कई मंत्री भी शामिल है परंतु जब से संत आसाराम, संत राम रहीम, संत रामपाल जेल में गए है, तब से कुछ नेता खुलेआम न आकर छुपकर इन डेरों में समर्थन व आर्शीवाद लेने जाते रहते है ताकि राजनैतिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

